दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 22 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 213 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

संसद के नए भवन में विशेष सत्र के दौरान बहुप्रशिक्षित महिला आरक्षण बिल जिसे नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से पेश किया गया है वह लोकसभा में प्रचंड बहुमत से पारित हो गया। राज्यसभा में भी इसका पास होना तय है। आधी आबादी को साथ दशकों की लंबी प्रतिक्षा के बाद उनका हक मिलने का मार्ग प्रस्तत हो गया है। निश्चित रूप से इसके लिए सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सांसद साधुवाद के पात्र है जिन्होंने दलगत राजनीति से उपर उठकर इस बिल का समर्थन किया है। निःसंदेह यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नारी शक्ति का वंदन। अभिनंदन।

पीएम के पास 8-8 हजार के दो प्लेन और देश की जनता के लिए अच्छी सड़क नहीं : प्रियंका

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई जिले के जयंती स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला समृद्धि सम्मेलन में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्र करोड़ों कमा रहे हैं और देश का किसान प्रतिदिन 27 रुपए कमाता है। प्रियंका गांधी ने कहा, यहां धान खरीदने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेते हैं। मैं उनसे पूछती हूं, मैं उत्तर प्रदेश से आती हूं, जब केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ में धान खरीद रही है तो उत्तर प्रदेश के किसान 1200 और 1400 रुपये में धान क्यों बेच रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रियंका ने सुनाया पुराना किस्सा

प्रियंका गांधी ने एक पुराना किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता जी जब प्रधानमंत्री थे उनके साथ मैं अमेठी गई थीं। जीप चलाते हुए एक गांव पहुंचे। सड़क पर उतरे तो एक महिला उठी और पिता को डांटने लगी। कहने लगी कि सड़क बारिश में डूब गई है आपने इसके लिए क्या किया। ये तब की राजनीति है, जब जनता को जवाब देना पड़ता था। पूछने पर पिता ने मुझे कहा कि महिला ने मुझे मेरे काम का अहसास दिलाया है।

महिलाओं को मिला सम्मान

वहीं सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समाज में हमेशा महिलाओं को सम्मान मिला है। लैंगिक अनुपात के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य रहा है। पुरुषों और महिलाओं के बराबरी के सहयोग से यहां सभी काम होते हैं। महिलाएं तो घर भी देखती हैं और बाहर भी काम करती हैं। हमने सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनाईं। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया। मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका का मानदेय बढ़ाया। कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की। स्वसहायता समूहों की कर्ज की सीमा बढ़ाई। उनका कर्ज भी हमने माफ किया।

केंद्र पर जमकर साधा निशाना

प्रियंका ने कहा, केंद्र सरकार ने बड़ा आयोजन किया। यह अच्छी बात है कि जी20 सम्मेलन देश में हुआ, लेकिन जी20 सम्मेलन पर 27 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। संसद भवन 20 हजार करोड़ रुपये में बना था। केंद्र सरकार ने अपने लिए 8-8 हजार करोड़ रुपये में दो हवाई जहाज खरीदे। लेकिन वह आपसे यह नहीं पूछेगी कि आपकी सड़कें कैसे बनेंगी। आपकी महंगाई कैसे कम होगी, आपको रोजगार कैसे मिलेगा। वहीं उनके दोस्त एक दिन में 16 सौ करोड़ रुपए कमा रहे हैं।

सीएम भूपेश की प्रशंसा

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का नेतृत्व सेवाभावी है। वो आपके आज और कल दोनों को बुलंद बनाने काम कर रहा है। भूपेश सरकार की योजनाएं महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। छत्तीसगढ़ महतारी आज हर मंच में पूजी जा रही हैं। उनके एक हाथ में संस्कृति का कलश है और दूसरे हाथ में तकनीक है। छत्तीसगढ़ महतारी की समृद्धि के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

दर्शक दीर्घा में लगे मोदी जिंदाबाद के नारे, जांच के आदेश जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा की दर्शक दीर्घा में गुरूवार को अचानक हुए घटनाक्रम में कुछ दर्शकों ने नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद का नारा लगा दिया जिसका विपक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध करते हुए सदन से बहिर्गमन किया और सभापति जगदीप धनखड़ ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस पूरे मामले की सख्ती से जांच करायी जायेगी। सदन में गुरूवार को शाम चार बजे के करीब जब भारतीय जनता पार्टी के नेता सुशील मोदी नारी शक्ति वंदन विधेयक पर अपनी बात रख रहे थे उसी समय प्रेस दीर्घा के साथ वाली दर्शक दीर्घा से कुछ दर्शकों ने बाहर जाते समय नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद का नारा लगाया। सुरक्षाकर्मियों ने हालाकि उन्हें तुरंत रोक दिया लेकिन सदन में बैठे विपक्ष के अनेक सदस्यों ने इसका जोरदार विरोध किया। उप सभापति कविता पाटीदार ने कहा कि इस मामले का संज्ञान ले लिया गया है और सदस्य शांत रहे। समाजवादी पार्टी की जया बच्चन, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने जोर जोर से बोलते हुए इसका कड़ा विरोध किया। हालांकि उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही थी। विपक्ष के सदस्य इसका विरोध करते हुए बहिर्गमन करने लगे इसी बीच सभापति जगदीप धनखड़ आसन पर आ गये और विपक्षी सदस्यों को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पूरी जांच की जायेगी तथा किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि वह इस मामले की संवेदनशीलता को समझते हैं और यह सबके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सदन में किसी तरह की घुसपैठ की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि वह सदन में विपक्ष के नेताओं के साथ बात करेंगे और इसकी जांच की जायेगी तथा दर्शक दीर्घा के मामले में एक मानक प्रक्रिया भी बनायी जायेगी।

जेके पुलिस के डीएसपी आदिल शेख अरेस्ट

श्रीनगर(ए.)। जम्मू एवं कश्मीर पुलिस ने भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और धोखाधड़ी के आरोप में एक पुलिस उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) को गिरफ्तार किया है। डीएसपी आदिल शेख की गिरफ्तारी की पुष्टि श्रीनगर पुलिस ने कर दी है। गिरफ्तारी से पहले डीएसपी के घर की तलाशी ली गई। जहां उसने भागने की कोशिश भी की लेकिन, पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि उसका जम्मू कश्मीर पुलिस के प्रतिष्ठित अधिकारियों के साथ घनिष्ठ संबंध था। मामले में जांच के लिए पुलिस विभाग ने एसआईटी का गठन किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आदिल शेख 2015 बैच के कश्मीर पुलिस सेवा (केपीएस) अधिकारी है। श्रीनगर पुलिस ने पुष्टि की है कि गुरुवार को पुलिस की एक टीम ने डीएसपी रैंक के अधिकारी आदिल शेख को गिरफ्तार किया है।

लाल वर्दी और बिल्ला नंबर 756, आनंद विहार स्टेशन पर राहुल बने 'कुली'

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार सुबह दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पहुंचे और कुलियों से मिले। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। राहुल ने इसके बाद कुलियों से बातचीत की और उनकी परेशानियों के बारे में पूछा। इसे लेकर कांग्रेस ने ट्वीट किया- 'जननायक राहुल गांधी जी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है...'। बता दें कि पिछले कुछ समय से राहुल गांधी लोगों के बीच जाकर उनसे उनकी परेशानियों के बारे में बात कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 1 अगस्त को अलसुबह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महिला आरक्षण तुरंत लागू करें : खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पर चर्चा हुई। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33 प्रतिशत महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सिल्वर स्पून के साथ पैदा होते हैं, उन्हें गरीबों की परेशानियां नहीं पता होतीं। एक लीडर को लीडर बनना पड़ता है, सिखाए हुए बयान देने से काम नहीं चलता। वहीं सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा- आखिरी में बोलने का नुकसान ये है कि बोलने को कुछ बचता ही नहीं। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- इतने हिस्सों में बंट गया मैं, मेरे हिस्से में कुछ बचा ही नहीं।

लोहा कारोबारी के ठिकानों पर आईटी रेड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में एक बार फिर से आयकर विभाग ने दबिश दी है। टीम ने लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक राकेश अग्रवाल के स्वर्णभूमि स्थित घर समेत फेक्ट्री और कई ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है। विभाग की इस कार्रवाई से प्रदेश में हड़कंप मचा गया है। फि लहाल कारोबारी के रायपुर, रायगढ़ और अन्य ठिकानों पर जांच चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, आय से अधिक मामले को लेकर टीम राकेश अग्रवाल के यहां जांच के लिए पहुंची। इसके साथ ही टीम ने उसके 4 से 5 पार्टनरों के यहां छत्तीसगढ़ समेत उड़ीसा स्थित ठिकानों पर भी दबिश दी हैं। फि लहाल इन ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच चल रही हैं। जांच के बाद बड़ा खुलासा हो सकता है। आयकर विभाग की इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अधिकारी शामिल हैं। इससे पहले भी जुलाई ने आईटी की बड़ी कार्रवाई हुई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ के कोयला और स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छाप मारा था। जिसमें आयकर से संबंधित बड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं।

भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सर्विस रोकी

ओटावा (एजेंसी)। भारत ने कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। दरअसल, खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी को देखते हुए कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने ये घोषणा की है। इससे पहले कनाडा ने मंगलवार को अपने नागरिकों को भारत के कुछ खास हिस्सों में न जाने के लिए एडवाइजरी जारी की थी। बुधवार को भारत ने भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी कर दी। इसके बाद देर रात कनाडा ने भारत की एडवाइजरी को खारिज कर दिया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर डोमिनिक लेब्नेक ने ओटावा में मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका देश पूरी तरह से सुरक्षित है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो आज

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू एयरफोर्स स्टेशन में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो होने वाला है। यह शो आज 22 सितंबर को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चलेगा। इस दौरान लोगों के लिए एयर अवेयरनेस इवेंट भी होगा। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के 76 साल पूरे होने और जम्मू वायु सेना स्टेशन की डायमंड जुबली पर इस शो का आयोजन हो रहा है। इस एयर शो में सूर्य किरण एरोबेटिक टीम हॉक एमके 132 विमान से देश की ताकत दिखाएगी। इसके अलावा,

एमआई-17 हेलिकॉप्टरों के डिस्प्ले के साथ एयर वॉरियर ड्रिल टीम, आकाशगंगा डेयरडेविल स्काई डाइविंग टीम आसमान में अपने करतब दिखाएंगी। शो में भारतीय वायुसेना के एयर वॉरियर सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा का भी प्रदर्शन किया जाएगा। सुखोई फाइटर जेट इसमें हिस्सा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शो में क्या खास होगा

सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के विंग कमांडर सिधेश कार्तिक ने बताया कि यह 25 मिनट का शो है। इसे दो भागों में परफॉर्म किया जाएगा। पहले भाग में 9 विमानों के साथ अलग-अलग फॉर्मेशन बनाए जाएंगे और अलग-अलग वॉरफेयर होगा। यह हिस्सा फ्लाइट्स की सटीकता को दर्शाएगा। दूसरे भाग में एरोबैटिक टीम खुद को छोटी यूनिट्स में बांटकर और ज्यादा रोमांचक स्टंट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राहत... अब मृतक के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 2.5 लाख मिलेंगे

रेलवे हादसे की मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना से जुड़ी राहत राशि में 10 गुना वृद्धि की है। इसके तहत ट्रेन हादसे में किसी की मौत होने पर सहायता राशि 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। गंभीर चोट के लिए सहायता राशि 25 हजार रुपए से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपए कर दी गई है। साथ ही मामूली चोट की स्थिति में सहायता राशि 5 हजार से 50 हजार रुपए की गई है। राहत राशि के अलावा यात्रियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल का खर्चा भी विभाग उठाएगा। अस्पताल में 30 दिन से अधिक भर्ती रहे मरीज कितने गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2023 को एक सर्कुलर जारी करके राहत राशि में वृद्धि की जानकारी दी है। नई राहत राशि इसी तारीख से लागू होगा। इससे पहले 2012-2013 में इस राशि में संशोधन किया गया था।

इस स्थिति में रोजाना 3 हजार मिलेंगे

ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों को 30 दिन से ज्यादा अस्पताल में भर्ती रहने पर हर 10 दिन की अवधि पूरी होने पर या डिस्चार्ज की तारीख तक हर दिन 3 हजार रुपए दिए जाएंगे। अप्रिय घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर छह महीने तक अस्पताल में भर्ती रहने पर हर दस दिन में या डिस्चार्ज होने की तारीख तक 1,500 रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद अगले पांच महीने तक हर दिन में या डिस्चार्ज होने की तारीख तक रोजाना 750 रुपए दिए जाएंगे। सर्कुलर में साफ किया गया है कि अनमैन्ड लेवल क्रॉसिंग पर एक्सीडेंट का शिकार हुए लोगों, बिना अनुमति प्रवेश करने वालों और ट्रेन के ऊपर लगे तारों को छूने से मरने वाले लोगों को कोई अनुग्रह राशि नहीं दी जाएगी।

रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटना के लिए भी मिलेगी राशि

सर्कुलर के मुताबिक, सड़क से चलने वाले वे लोग जो रेलवे की गलती की वजह से मैन्ड रेलवे क्रॉसिंग गेट एक्सीडेंट का शिकार हुए हैं, वे भी राहत राशि पाने के लिए मान्य होंगे। ट्रेन दुर्घटनाओं में मरने वाले लोगों के परिजन और मैन्ड लेवल क्रॉसिंग में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अब पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपए मिलेंगे। मामूली चोट लगने पर लोगों को 50 हजार रुपए मिलेंगे।

■ न्यूज गैलरी

डेयरी व्यवसाय बना आजीविका का जरिया

रुद्रप्रयाग/देहरादून (वार्ता)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में लगातार दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो रही है। नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसाय से डेयरी विकास विभाग जोड़ने में लगा है। जिससे डेयरी व्यवसाय किसानों की आजीविका के उत्थार का जरिया बन रहा ह। दुग्ध विकास विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक एसके शर्मा ने बताया कि नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) योजना के तहत डेयरी विकास विभाग किसानों को मवेशी खरीदने एवं उनका व्यवसाय स्थापित करने में पूरी मदद कर रहा है। इसके अलावा समय-समय पर व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीक के प्रयोग भी सिखाए जा रहे हैं। जनपद में वर्तमान में 15 हजार लीटर दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन होता है जबकि करीब 10 हजार लीटर दूध बाहर से आ रहा है, ऐसे में यह स्पष्ट है कि जनपद में इस क्षेत्र में बहुत लोग स्वरोजगार कर सकते हैं। डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते पारंपरिक किसानों ने तो तरक्की की ही है, वहीं जिले में कई नए डेयरी व्यवसाय भी स्थापित हो रहे हैं। जिला प्रशासन एवं दुग्ध विकास विभाग के सहयोग एवं मार्गदर्शन में रूद्रप्रयाग के तीनों विकास खंडों में प्रतिवर्ष नए किसान दुग्ध विकास विभाग के जरिए दुधारू पशुओं की खरीद कर अपनी आजीविका में सुधार ला रहे हैं। एनसीडीसी योजना के अंतर्गत डेयरी विकास विभाग किसानों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ रहा है। विभाग की ओर से किसानों को आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी और प्रशिक्षण भी दी जा रही है। वहीं दुधारू मवेशियों की खरीद के लिए आसानी से लोन (ऋण) उपलब्ध कराने के साथ ही पशुओं की खरीद में पूरी मदद भी की जा रही है। साथ ही, विभाग समय-समय पर किसानों को डेयरी से जुड़े प्रशिक्षण भी दे रहा है। जिससे किसान वैज्ञानिक विधि से पशुओं की देखभाल कर सकें।

आज ऑनर 90 5जी मोबाइल होगा लांच

नई दिल्ली। विस्तृत समाधान प्रदाता, एचटेक ने आज भारत में ऑनर90 5जी का लॉन्च किए जाने की घोषणा की। इसमें एआई वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हर्ट्ज़ की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग का अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर90 5जी में आज की हमेशा सक्रिय रहने वाली जनरेशन को व्यक्तिगत अनुभव देने के लिये अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर दोनों एक ही डिवाइस में दिये गये हैं। इस लॉन्च के बारे में एचटेक के सीईओ, श्री माधव शेठ ने कहा, एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर परिवेश के साथ एक मजबूत ब्रांड वापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं। उपभोक्ताओं को अग्रणी टेक्नोलॉजी प्रदान करने पर केंद्रित रहते हुए ऑनर लगातार डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, बैटरी टेक सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में इनोवेशन लाने की ओर काम कर रहा है, जो सशक्त अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं पर आधारित हैं। ऑनर के मजबूत नेटवर्क और वैल्यू चेन का उपयोग करके हम ऑनर 90 5जी के साथ भारत में अपना पहला स्मार्टफोन लॉन्च कर रहे हैं।

महिला और उसकी पुत्री का शव कुएं से बरामद

मिर्जापुर/(वार्ता) उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के पंडरिया कलां गांव में आज एक महिला एवं उसकी पुत्री का शव कुएं से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पंडरिया गांव निवासी शिवलाल पाल की पत्नी यशोदा देवी (23) एवं उसकी पुत्री यामिनी नौ माह का शव उसके घर से दो सौ मीटर दूर एक कुएं से सुबह बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि यशोदा देवी बुधवार की शाम से घर से बाहर निकल गई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन की जा रही थी। आज सुबह ग्रामीणों द्वारा कुएं में युवती का शव उतराया देखा गया। ग्रामीणों की सहायता से मां और बेटी का शव कुएं बाहर निकाला गया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अधिक खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

चलती टैक्सी में किशोरी से दुष्कर्म

मुंबई/(वार्ता)। मुंबई पुलिस ने एक दिव्यांग किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार किया है । मालबार हिल पुलिस स्टेशन के अनुसार, घटना 18 सितंबर को उस समय हुई थी, जब किशोरी (14) अपने परिवार के साथ बहस करने के बाद, मालवणी में अपने रिश्तेदारों के यहां जा रही थी। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने दक्षिण मुंबई से मलाड के लिए टैक्सी ली। यात्रा के दौरान, टैक्सी चालक पांडे की किशोरी से दोस्ती हो गई और उसने रास्ते में अपने दोस्त सलमान शेख को बैठा लिया। दोनों किशोरी के साथ चलती टैक्सी में दुष्कर्म किया। बाद में, किशोरी किसी तरह अपनी मौसी के घर पहुंची और उनको पूरी घटना बताई। परिवार के सदस्यों ने प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कौशांबी : तिहरे हत्याकांड के सभी आरोपी गिरफ्तार

कौशांबी(वार्ता)। उत्तर प्रदेश कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुए तिहरे हत्याकांड के नामजद सभी आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त एक राइफल व कट्टा भी आज बरामद कर लिया गया । पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरूवार को बताया कि मोहिद्दीनपुर गौस के पंडा चौराहा निवासी शिवशरन, होरीलाल और उसकी पुत्री बजकली की आरोपियों द्वारा 15 सितंबर की रात गोली मार का हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक शिवशरण पांडा चौराहा पर जमीन खरीदने का एग्रीमेंट कराया था उसी जमीन पर छप्पर डालकर अपने ससुर होरीलाल और पत्नी ब्रजकली के साथ रहता था। घटना का मुख्य आरोपी सुरेश जो पीएससी 42 में बटालियन नैनी में सिपाही के पद पर कार्यरत है वह शिवशरण के जमीन पर कब्जा करना चाहता था । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरेश और अभियुक्त जय करण सिंह और अमर सिंहको यह बात खटकती थी कि उनके और उनके बिरादरी के घर के पास दलित वर्ग के शिवशरण का मकान बने । सूत्रों के अनुसार सुरेश कुमार द्वारा कई बार मृतक शिवशरण के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया।

आदित्य एल-1 की राह पर बड़ा संकट!

नासा ने जारी किया सौर तूफान वाला वीडियो

नई दिल्ली। भारत का सूर्य मिशन आदित्य एल1 पृथ्वी की कक्षा से निकलकर एल-1 पॉइंट की ओर रवाना हो चुका है। इसी बीच ध्रुव ने एक वीडियो जारी करके आदित्य एल-1 को बड़े खतरे से आगाह किया है। नासा का कहना है कि बीते साल उनका सूर्य मिशन 'पार्कर सोलर प्रोब' सूर्य के सीएमई यानी कोरोनल मास इंजेक्शन से टकरा गया था। हालांकि यह किसी तरह बच गया था। ऐसे में अब सवाल है कि क्या आदित्य एल1 को भी ऐसे सीएमई से टकराना पड़ सकता है। और अगर ऐसा हुआ तो वह खुद को बचा पाएगा या नहीं।

नासा ने कहा है कि बीते कुछ वक्त से सौर गतिविधियों में बदलाव और तेजी आई है। पृथ्वी के अलावा अन्य ग्रह भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। नासा ने एक ब्लॉग में कहा है कि 5 सितंबर 2022 को पार्कर सोलर प्रोब एक शक्तिशाली सीएमई से टकराया। बता दें कि सीएमई एक तरह से धूमकेति और क्षुद्रग्रहों के डस्ट पार्टिकल होते हैं जिनसे सूर्य की एनर्जी टकराती है और ये खतरनाक हो जाते हैं। नासा का दावा है कि इन सीएमई से पहले कोई यान नहीं बच पाया। दरअसल यह प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र के बादल होते हैं जो कि सूर्य से निकलते हैं। यह किसी भी ग्रह की ओर जा सकते हैं।

ये सौर तूफान काफी खतरनाक होते हैं। ये यान का नेविगेशन सिस्टम फेल करने के साथ ही इसे भटका सकते हैं। हो सकता है कि आदित्य एल-1 को भी इन सौर तूफानों से टकराना पड़े। हालांकि नासा के पार्कर और भारत के आदित्य एल-1 में काफी अंतर है। जहां एक तरफ पार्कर सोलर प्रोब सूर्य के बेहद करीब जाने वाला है। वहीं आदित्य एल-1 पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर यानी सूर्य से काफी दूर रहकर ही अध्ययन करेगा।

आदित्य एल-1 को दो सितंबर को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था। यह 126 दिनों का सफर तय करके एल1 पॉइंट तक पहुंचेगा जहां पृथ्वी और सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बैलेंस हो जाता है। इसरो ने इस पॉइंट पर पहुंचने की कोई तय तारीख नहीं बताई है। इसमें सात पेलोड लगे हुए हैं जिसमें से स्टेप्स नाम के पेलोड को चालू कर दिया गया है। यह यान एल1 पॉइंट की हैलो ऑर्बिट में चक्कर लगाते हुए सूर्य का अध्ययन करेगा।

घरेलू विमान यात्रियों की संख्या में गत वर्ष की तुलना में 38.27% की वृद्धि

नई दिल्ली (वार्ता)। इस साल के बीते आठ महीनों में देश के घरेलू विमान यात्रियों की संख्या तकरीबन 12 करोड़ हो गयी जो बीते साल की इस अवधि में हवाई यात्रियों की संख्या से 38 प्रतिशत अधिक है। नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि घरेलू विमानन उद्योग ने 2023 के पहले आठ महीनों के दौरान यात्री यातायात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। नवीनतम डेटा विश्लेषण के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2023 तक घरेलू एयरलाइनों द्वारा यात्रियों की संख्या 11 करोड़ 90 लाख 62 हजार तक पहुंच गई, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 38.27 प्रतिशत की वृद्धि है। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष अगस्त के महीने में 23.13 प्रतिशत की मासिक वृद्धि देखी गई, जिसमें यात्री संख्या 148.27 लाख तक पहुंच गई। यात्री वृद्धि का रुझान उद्योग में आ रही मजबूती, लचीलेपन और वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से उबरने के संकेत देता है। मंत्रालय के अनुसार यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि के बावजूद, यह ध्यान देने योग्य है कि अगस्त में घरेलू एयरलाइनों के लिए कुल रद्दीकरण दर मात्र 0.65त्न थी। अगस्त 2023 के दौरान, घरेलू एयरलाइनों को कुल 288 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं, प्रति 10,000 यात्रियों पर लगभग 0.23 शिकायतों की शिकायत दर थी। यह कम शिकायत और रद्दीकरण दर ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने और यात्रियों को विश्वसनीय और कुशल सेवाएं प्रदान करने के उद्योग के प्रयासों का एक प्रमाण है। इस क्षेत्र में विकास की सराहना करते हुए, केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह निरंतर वृद्धि, सुरक्षित, कुशल और ग्राहक-केंद्रित विमानन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में एयरलाइंस, हवाई अड्डों और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक के बाद बदल जायेगा देश का मिजाज : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 को भारी बहुमत से पारित करने के लिए आज लोकसभा में सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि महिला आरक्षण लागू होने के बाद भारत का मिजाज बदलेगा और देश एक नयी ऊंचाई पर पहुंचेगा।

श्री मोदी ने लोकसभा में चंद्रयान 3 की सफलता एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की उपलब्धियों पर चर्चा शुरू होने से पहले आज एक संक्षिप्त बयान में आभार जताया। अध्यक्ष ओम बिरला को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ÷आपने मुझे बोलने के लिए अनुमति दी, समय दिया इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं सिर्फ 2-4 मिनट लेना चाहता हूं। कल भारत की संसदीय यात्रा का एक स्वर्णिम पल था। और उस स्वर्णिम पल के हकदार इस सदन के सभी सदस्य हैं, सभी दल के सदस्य हैं, सभी दल के नेता भी हैं। सदन में हो या सदन के बाहर हो वे भी उतने ही हकदार हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज आपके माध्यम से इस बहुत महत्वपूर्ण निर्णय में और देश की मातृशक्ति में एक नई ऊर्जा भरने में, ये कल का निर्णय और आज राज्?य सभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे, देश की मातृशक्ति का जो मिजाज बदलेगा, जो विश्वास पैदा होगा वो देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली एक अकल्पनीय, अप्रतीम शक्ति के रूप में उभरेगा ये मैं अनुभव करता हूं। और इस पवित्र कार्य को करने के लिए आप सब ने जो योगदान दिया है, समर्थन दिया है, सार्थक चर्चा की है, सदन के नेता के रूप में, मैं आज आप सबका पूरे दिल से, सच्चे दिल से आदरपूर्वक अभिनंदन करने के लिए खड़ा हुआ हूं, धन्यवाद करने के लिए खड़ा हूं।

काम की धीमी रफ्तार से जज की कोर्ट से कर दी गई छुट्टी

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका में सबसे बुजुर्ग फेडरल जज को उनकी मानसिक हालत की वजह से सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन (80) और डोनाल्ड ट्रंप (77) की उम्र को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जो बाइडेन के साथ भी ऐसा कई बार हुआ है कि वह प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ही विषय से भटककर अजीब बातें करने लगे हैं। बता दें कि राजधानी वॉशिंगटन में 1984 से फेडरल जज के रूप में काम करने वाली पॉलीन न्यूमैन की मानसिक योग्यता पर सवाल खड़े किए गए थे। लोगों का कहना था कि वह आम जज से चार गुना ज्यादा समय लेती हैं और बहुत कन्फ्यूज होती हैं। कई बार वह उत्तेजित भी हो जाती थीं। फिलहाल उन्हें एक साल के लिए निलंबित किया गया है लेकिन यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। अदालत के सहकर्मियों ने सबूत जुटाए कि पालीन को मेमोरी लॉस, भ्रम और बुनियादी कार्यों की समझ में दिक्कत हो रही है। पहले पॉलीन की मानसिक हालत की जांच करवाने के लिए न्यूरोलॉजिस्ट और मनोचिकित्सक की भी मदद लेने का विचार हुआ था लेकिन जज ने ही इस बात से इनकार कर दिया। न्यूमैन का वर्कलोड बहुत कम कर दिया गया था।

चीन के रक्षा मंत्री का दावा ताइवान के पास तैनात पनडुब्बी गायब है

नई दिल्ली (ए.)। चीन की तिरछी नजर इन दिनों ताइवान पर गड़ी है। चीनी सेना लगातार ताइवान सीमा के पार युद्ध अभ्यास कर रही है। चीन के इस एक्शन को देखने के बाद ताइवान को डर है कि कहीं चीन उसे हथियाने के लिए हमला न कर दे। चीन की परमाणु ऊर्जा से संपन्न एक पनडुब्बी अचानक गायब हो गई। ताइवान जलडमरूमध्य पार करते समय पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का उससे संपर्क टूट गया। पनडुब्बी कहां गई? रहस्य बढ़ता जा रहा है। उधर चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू की अनुपस्थिति ने रहस्य को और बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने पनडुब्बी के गायब होने पर कोई टिप्पणी नहीं की है। खबर आने के बाद से चीन के रक्षा मंत्री को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

अंतरराष्ट्रीय हलकों का कहना है कि जब तक चीन इस मामले का खुलासा नहीं करेगा तब तक इस बारे में किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। यह ड्रैगन की चाल भी हो सकती है। अमेरिका का मानना है कि शी जिनपिंग की सरकार रक्षा मंत्री ली की जांच कर रही है। उन्हें पद से हटा दिया गया है। इसीलिए शी जनता के बीच नहीं आए। इस घटना में चीनी प्रशासन की अंदरूनी कलह भी सार्वजनिक हो गया है।

ग्लोबल मीडिया का मानना है कि पनडुब्बी के गायब होने का संबंध रक्षा मंत्री के इस्तीफे से है। ली की जांच चल रही है क्योंकि पनडुब्बी गायब है। उधर ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शुरू में पनडुब्बी के लापता होने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बाद में ताइवान प्रशासन ने जानकारी दी कि वे इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। क्योंकि ताइवान यदि इस बारे में कुछ कहता है तो उसे चीन का सामना करना पड़ सकता है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल हुआंग वेंग्की ने कहा कि मामला अत्यंत गुप्त था।

हिजाब नहीं पहनने पर दस वर्ष की सजा

ईरान ने बनाया कड़ा कानून

तेहरान (ए.)। ईरान में महिलाएं हिजाब पहनने की अनिवार्यता के खिलाफ लड़ाई लड़ रही थीं और इसी बीच यहां की इस्लामिक सरकार ने कड़ा कानून बना दिया है। ईरान की संसद में पारित विधेयक में कडी सजा का प्रावधान किया गया है। हिजाब पहनने से इनकार करने या फिर उनका समर्थन करने पर बारी जुर्माने के साथ 10 साल की कैद हो सकती है। यह कदम 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत की सालगिरह के कुछ ही दिनों बाद आया, जिसेदेश के ड्रेस कोड का उल्लंघन करनेके लिए नैतिकता पुलिस ने हिरासत में लिया था।

गौरतलब है कि ईरान में पिछले साल महसा अमीनी की हिरासत में मौत के बाद महीनों तक विरोध प्रदर्शनों हुए। लोगों ने ईरान की धर्मशाही को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। 70-आइटम विधेयक के मुताबिक जो लोग हिजाब पहनने से इनकार करते हैं उनपर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं संगठित तरीके से इसका समर्थन करने पर 10 साल की सजा हो सकती है।

16 सितंबर, 2022 को अमिनी की मौत से भड़का प्रदर्शन इस साल की शुरुआत में असहमति पर भारी कार्रवाई के बाद खत्म हो गया था।

लौटते ही फिर लंदन भागे शहबाज

■ **दो दिन भी नहीं रुक पाए पाकिस्तान; कयास तेज**

इस्लामाबाद। यूके से पाकिस्तान लौटने के 48 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफको फिर अपना देश छोड़ना पड़ा। गुरुवार को वह फिर से लंदन लौट गए हैं। हालांकि उनके ऐसा करने पर तरह-तरह के कयास लगने लगे हैं। कार्यकारी प्रधानमंत्री को अपना पदबार सौंपने के बाद शहबाज शरीफ नवाज शरीफसे मिलने लंदन गए थे। वहां कई सप्ताह रहने के बाद वह पाकिस्तान लौटे। उन्होंने यह भी कहा था कि जल्द नवाज शरीफ पाकिस्तान आएंगे और चुनाव का कार्यभार संभालेंगे।

पाकिस्तान में कयासों का बाजार इसलिए गर्म है क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पार्टी के चीफ नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज भी लंदन पहुंच रही हैं। शहबाज और मरियम लगभग साथ में ही अलग-अलग फ्लाइट से लंदन पहुंचेंगी। कुछ दिन पहल मरियम नवाज ने शरीफ को राजनीति से बाहर करने की साजिश का भी आरोप लगाया था।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ बेहद अहम मुलाकात करने वाले हैं। पार्टी के एक शख्स के हवाले से पाकिस्तानी मीडिया का कहना है कि चुनाव को लेकर दोनों भाई चर्चा करना चाहते हैं। हालांकि कोई ऐसी महत्वपूर्ण बात है जिसपर फोन पर चर्चा नहीं की जा सकती। इसीलिए शहबाज शरीफ आमने-सामने मुलाकात करने के लिए लंदन चले गए हैं।

पश्चिमी देशों पर खूब बरसे थरूर कहा- खुद को आईने में तो देखो!

नई दिल्ली (ए.)। कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव पैदा हो गया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे के डिप्लोमैट्स को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह पूरा विवाद कनाडा के उस आरोप के बाद तेज हुआ, जिसमें उसने निज्जर की हत्या से भारतीय एजेंसियों का लिंक बताया। वहीं भारत सरकार ने इससे इनकार किया है और कनाडा के आरोपों को मनगढ़ंत बताया है। सरकार के रुख का भारत के विपक्षी दलों ने भी खुलकर समर्थन किया है। इस बीच बीबीसी के एक लेख पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तीखी टिप्पणी की है।

दरअसल बीबीसी के लेख में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर दूसरे देश की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। इसी का जवाब देते हुए शशि थरूर ने एक्स पर लिखा कि मुझे पश्चिमी मीडिया की इस तरह की खबरों से हैरानी नहीं होती।

हिंदुओं कनाडा छोड़ो: धमकी से पैरेंट्स में खौफ

परिजनों को सता रही कनाडा में पढ़ रहे बच्चों की चिंता

चंडीगढ़ (ए.)। खालिस्तान के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच बढ़े तनाव ने आम जनता को भी चिंता में डाल दिया है। पढ़ाई और काम के लिए कनाडा पहुंचे लोगों के रिश्तेदारों को अनहोनी का डर सता रहा है। हाल ही में आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने हिंदू परिवारों से कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारत सरकार से जोड़े थे।

कहा जा रहा है कि पहले कनाडा में पंजाबी सिख बड़ी संख्या में पहुंचते थे, लेकिन बीते करीब 6 सालों में हिंदू परिवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। जानकार बताते हैं कि आसानी से लोन और दस्तावेजों के चलते मध्यमवर्गीय हिंदू परिवार कनाडा सिखों से पहले पहुंच जाते हैं। कनाडा में भारतीय छात्र और काम करने वाले बड़ी संख्या में रह रहे हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में एक छात्र के पिता बताते हैं, 'हम पहले ही इस राजनयिक स्तर परेशानी के चलते चिंता में थे। अब उन्होंने निज्जर की हत्या की निंदा नहीं करने पर हिंदुओं को कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। कनाडा सरकार को धार्मिक नफरत नहीं बढ़ने देना चाहिए।' उनका बेटा कनाडा के सरी में छात्र है। सरी में ही निज्जर को जून में गोली मार दी गई थी।

सरी में ही पढ़ने वाली एक युवती के पिता शिक्षा के लिए लोन को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। ब्रैम्पटन में पढ़ने वाले एक युवक के बठिंडा में रहने वाले पिता बताते हैं, 'इस धमकी के बाद डर गए हैं। हमें उम्मीद है कि कनाडा सरकार इसमें हस्तक्षेप करेगी।'

ई-वीजा पर लगाई गई रोक

भारत ने गुरुवार को कनाडा के लिए अपनी वीजा सेवाएं 'अगले नोटिस तक स्थगित' कर दी हैं। इससे पहले भारत सरकार ने कनाडा में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की थी। एडवाइजरी के अनुसार, 'कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से समर्थिक हेट क्राइम और आपराधिक हिंसा को देखते हुए, वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और यात्रा का विचार कर रहे लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।'

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम के अधीन अपील बोर्ड का गठन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम के अधीन अपील किए जाने के लिए संभाग स्तर पर अपील बोर्ड का गठन किया गया है। समाज कल्याण विभाग के सचिव के द्वारा जारी आदेशानुसार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 38 की उपधारा 2 व छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम 2023 के नियम 34(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गठित निर्धारण बोर्ड द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम 2023 के नियम 34(3) के अधीन अपील किए जाने हेतु संभाग स्तर अपील बोर्ड का गठन किया गया है। अपील का 60 दिवस के भीतर निराकरण किया जाना होगा। अपील बोर्ड में संभागीय आयुक्त या उनका प्रतिनिधि को अध्यक्ष, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक को सदस्य, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त/ उपसंचालक का सदस्य/सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता अथवा मनोवैज्ञानिक को सदस्य नियुक्त किया गया है। उक्त प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी एवं खंड(पप) व (पपप) हेतु संभाग मुख्यालय के जिला अधिकारी ही नामांकित होंगे।

आज से दूसरे चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों की तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 24 सितम्बर को शाम 5 बजे तक होगी। तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग में 1001 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें अनुसूचित जनजाति के 889, अनुसूचित जाति के 23, अन्य पिछड़ा वर्ग के 80 तथा भूतपूर्व सैनिक के 09 अभ्यर्थी को काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। संबंधित अभ्यर्थी विभाग की वेबसाईट https:// eduportal.cg.nic.in में ऑनलाईन काउंसिलिंग में शामिल हो सकते है।

मार्ग निर्माण के लिए 4.86 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कबीरधाम जिले के विकासखण्ड-सहसपुर लोहारा की सुतियापाट जलाशय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए चार करोड़ 86 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रदान की गई है।

नारा एनीकट निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा रायपुर जिले के विकासखण्ड-आरंग की कोल्हान नाले पर नारा एनीकट निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 73 लाख 66 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रदान की गई है। योजना का कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र के किसानों को 50 हेक्टेयर क्षेत्र में और सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

अवैध शराब बेचते तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 88 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 650 रुपए जब्त किया है। राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने लालपुर फ्ल मार्केट के सामने अवैध शराब बेचते आरोपी अजीत कुजूर 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी चंद्रभान ध्रुव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी संभु दीप 21 वर्ष के पास से 21 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सीमरन बार के पास पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। प्रार्थी छेदीलाल सरोज 38 वर्ष मठपारा बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सीमरन बार के पास खड़ा था, तभी आरोपी राकेश वर्मा, गयास लक्ष्मी, ओम व राहुल आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निधन

श्रीकृति दीवान

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद चौक ब्राम्हणपारा रायपुर निवासी श्रीकृति दीवान (उम्र 27 वर्ष) का बुधवार, 20 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे प्रदीप दीवान बबला (संकरी वाले) की द्वितीय पुत्री, श्रुति दीवान की बहन तथा सुदेश, संदीप, मनीष व भावेश दीवान की भतीजी थी। अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया।

स्कूलों के सफाई कर्मियों और रसोईयों का मानदेय 500 बढ़ा

■ **मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में की थी घोषणा**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल कर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में कार्यरत् अंशकालीन सफाई कर्मी एवं मध्यान्ह भोजन से जुड़े रसोईयों के मानदेय में 500 रूपए प्रति माह वृद्धि के आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जारी आदेश से छत्तीसगढ़ के स्कूलों में कार्यरत् लगभग 43 हजार अंशकालीन सफाई कर्मियों और मध्यान्ह भोजन बनाने वाले लगभग 87 हजार 500 रसोईयों को बड़ी राहत मिली है। स्कूल

शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इनके मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग की ओर से पखवाड़े भर पहले वृद्धि पर सहमति प्रदान करने के बाद यह बढ़ोतरी की है। जारी आदेश के अनुसार रसाईयों का मानदेय 1500 रूपए से बढ़कर अब 2000 रूपए हो जाएगा और सफाई कर्मियों के मानदेय में 500 रूपए की वृद्धि हो जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में आयोजित 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ में शिक्षा सुविधाओं में योगदान देने वाले अंशकालीन सफाई कर्मी एवं मध्यान्ह भोजन से जुड़े रसोईयों के मानदेय में 500 रूपए प्रति माह वृद्धि की घोषणा की थी।

जीवाणुमुक्त सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने 'जल मंथन'

विशेषज्ञों ने दिए सुझाव, जल स्त्रोत के साथ वितरण, स्टोरेज और उपयोग का परीक्षण जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। जलजनित रोगों से लोगों को बचाने और जीवाणुमुक्त सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज 'जल मंथन' का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जल आपूर्ति से जुड़े विभागों के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, यूनिसेफ, स्वच्छ भारत मिशन, राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र (एसएचआरसी) तथा गैर-सरकारी संगठन जपाईगो एवं समर्थन के प्रतिनिधि और विशेषज्ञ बैठक में शामिल हुए। बैठक में विशेषज्ञों ने जीवाणुमुक्त सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति, उपयोग और जलजनित बीमारियों से लोगों को बचाने प्रभावी रूपरेखा तैयार करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आज 'जल मंथन' का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के राज्य महामारी प्रकोष्ठ द्वारा समर्थन - सेन्टर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट संस्था के सहयोग से किया गया था। महामारी नियंत्रण के संचालक डॉ. सुभाष मिश्रा और रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में कम्युनिटी मेडिसीन के विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मल वर्मा भी बैठक में शामिल हुए। 'जल मंथन' में स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जल परीक्षण, जल स्त्रोतों के उपचार एवं स्वास्थ्य के संदर्भ में जारी होने वाली सूचनाओं में एकरूपता लाने का सुझाव दिया। बैठक में विशेषज्ञों ने स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से सुरक्षित पेयजल के संबंध में जागरूकता तथा स्कूलों की प्रयोगशाला के माध्यम से जल परीक्षण बढ़ाए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने सुरक्षित पेयजल के लिए सामुदायिक भागीदारी एवं जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने इसके नियोजन एवं क्रियान्वयन में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका एवं साझेदारी के महत्व को भी रेखांकित किया।

बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि कार्ययोजना में जल स्त्रोतों की निगरानी एवं उपचार के कार्यों को प्राथमिकता देने पर विचार किया गया। जल परीक्षण के बाद जीवाणु संक्रमण की रिपोर्ट लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से स्वास्थ्य विभाग को तुरंत प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार के कार्य प्राथमिकता से किए जा सकते हैं। इसी तरह जलजनित बीमारियों की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी उपलब्ध कराना चाहिए ताकि पानी का परीक्षण एवं स्त्रोत का उपचार किया जा सके। बैठक में सुझाव दिया गया कि जल परीक्षण, स्त्रोतों के उपचार आदि की जानकारी सरल तरीके से पंचायत व समुदाय को उपलब्ध कराना जरूरी है। पंचायतों के पास संवैधानिक दायित्व हैं। अतः उन्हें हर स्तर पर शामिल कर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना चाहिए। बैठक में जल नमूना कलेक्शन, कन्फर्मेटिव टेस्टिंग, सूचना और उपचार के लिए एक रिपोर्टिंग एवं संचार प्रणाली स्थापित करने संबंधी सुझाव भी प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों ने सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए जल स्त्रोत, जल आपूर्ति, घर में पानी के स्टोरेज और उपयोग के स्थान का भी नियमित परीक्षण का सुझाव दिया। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि जल सुरक्षा के लिए कचरा प्रबंधन, शौचालय निपटान, गंदे पानी का निपटान आवश्यक है। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत इन कार्यों को किया जा रहा है।

30.33 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन

■ **कनेक्शन देने में महासमुंद जिला सबसे आगे**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है।

प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत 49 लाख 93 हजार 262 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने के विरूद्ध वर्तमान में 30 लाख 33 हजार 501 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 39 हजार 113 स्कूलों, 37 हजार 501 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 15 हजार 625 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़ का महासमुंद जिला 01 लाख 50 हजार 900 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देकर सबसे आगे है। इसी तरह जांजगीर-चांपा 01 लाख 49 हजार 482, रायपुर जिले में 01 लाख 49 हजार 133 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है,

इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही साथ राज्य सरकार की महत्वाकांयोजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत बनाए गए गौठानों में भी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एस. भारतीदासन एवं मिशन संचालक आलोक कटियार द्वारा जमीनी स्तर पर राज्य में सिंगल विलेज स्कीम और मल्टी विलेज स्कीम और अन्य पेयजल योजनाओं सहित जल जीवन मिशन के कार्यों का क्रियान्वयन की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

बप्पा को पहनाया 35 लाख रुपए के सोने का मुकुट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गणेशोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। गोलबाजार का गणेशोत्सव पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। यहां गणेश प्रतिमा पर सजा लाखों का सोने का मुकुट आकर्षण का केंद्र है। इस पंडाल में गणपति बप्पा को सोने की मुकुट के साथ सजाया गया है। बप्पा को 700 ग्राम सोने और रत्नों से जड़े हुए मुकुट को पहनाया गया है। सोने के मुकुट की कीमत वर्तमान बाजार भाव के अनुसार 35 लाख रुपये है। जिस स्थल पर बप्पा विराजमान हैं, वहां तक जाने वाले हर मार्ग पर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. शफ़ी बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति हनुमान मंदिर गोलबाजार के द्वारा इस गणेशोत्सव का आयोजन किया गया है। शफ ी बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति हनुमान मंदिर गोलबाजार में देर शाम गणेश भगवान को स्वर्ण रत्न जड़ित मुकुट की शोभा यात्रा निकाली गई. जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री माननीय पवन साय,पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सिर पर मुकुट लेकर शोभायात्रा में पैदल चले। फिर भगवान गणेश को मुकुट पहनाकर आरती की। समिति के पदाधिकारी केदार गुप्ता ने बताया कि गणेश जी की प्रतिमा को सोने के मुकुट से सजा कर सभी लोगों के दर्शन के लिए खुले तौर रखा जाता है. पूरे भारत में यह पहला ऐसा पंडाल है जहां बप्पा की प्रतिमा को सोने के मुकुट के सजाया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि समिति के कुछ अलग करने की चाहत के साथ सोने के मुकुट का विचार सामने आया है. इसके बाद साल 2018 में स्थानीय व्यापारियों ने मिलकर इस सोने के मुकुट तैयार किया गया था, जिसे उन्होंने गणपति बप्पा को समर्पित कर दिया है।

नालंदा परिसर की लाईब्रेरी शुल्क में नहीं होगी वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी रायपुर के कार्यकारिणी समिति की बैठक नालंदा परिसर में हुई। इसमें कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि नालंदा परिसर में आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखें। इनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा लाईब्रेरी आने वाले विद्यार्थियों से लिए जाने वाले शुल्क में वृद्धि ना किया जाए, यह यथावत रखा जाए। साथ ही उन्होंने 25 नये अत्याधुनिक सिस्टम खरीदने का निर्देश दिए ताकि अध्ययन में सुविधा हो।

बैठक में नालंदा परिसर स्थित लाईब्रेरी में सदस्यता, मासिक तथा अन्य शुल्कों का डिजिटलीकरण करने पर निर्णय लिया गया जिसके लिए मोबाईल एप बनाने के निर्देश दिए गए। इस एप के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाईन शुल्क का भुगतान कर सकेगें और उन्हें शुल्कों की अद्यतन स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। डॉ. भुरे ने प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरुप नवीनतम समाचार पत्र-पत्रिकाएं लाईब्रेरी में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मोतीबाग में स्मार्ट सिटी द्वारा यूथ-हब प्रोजेक्ट अंतर्गत निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रुम के नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी के तहत संचालन करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. भुरे ने नालंदा परिसर से प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात कर सराहना की और सम्मान भी किया। कलेक्टर ने मोतीबाग में निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रुम का निरीक्षण किया और उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सेंन्ट्रल लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया।

मिशन इंद्रधनुष 5.0 का दूसरा चरण शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। बुधवार को डॉ मिथलेश चैधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर के निर्देशानुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजातालाब (हमर अस्पताल) राष्ट्रीय मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम 5.0 के द्वितीय चरण के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय शुभारंभ कायक्रम का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजातालाब (हमर अस्पताल) में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद आकाश तिवारी द्वारा बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन सिरफ पिला कर शुभारंभ किया गया तत्पश्चात्

टीकाकर्मियों द्वारा टीकाकरण प्रारंभ किया गया।

यूनिसेफ ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सराहा

'मया मंडई', 'एनीमिया मुक्त कोण्डागांव' एवं 'युवोदय कोंडानार चौम्प्स' अभियान की प्रशंसा की

रायपुर/नवप्रदेश। यूनिसेफ इंडिया सहित यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधियों ने आज कोंडागांव जिले को दौरा किया एवं कोण्डागांव में नवाचार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य एवं कुपोषण से लड़ने के लिए तैयार की गयी योजनाओं की प्रशंसा की गई। यूनिसेफ इंडिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी लुइज़ी डैक्किनो सहित यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि पश्चिम अफ्रीका के रेने एहोनु एक्पिनी, बेल्जियम के गुंटर बूसरी, चोल थाबो आयुल, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब ज़ैकारीया, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह के द्वारा मंगलवार को कोण्डागांव में संचालित यूनिसेफ के कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया।

दल द्वारा विशेष तौर पर 'मया मंडई', 'एनिमिया मुक्त कोण्डागांव' अभियान एवं 'युवोदय कोंडानार चौम्प्स' जैसे कार्यक्रमों की प्रशंसा की गई। इसके साथ ही स्वयं सेवकों के योगदान को सराहा गया। इसके अलावा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना निर्माण पर जोर देते हुए समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु गहन विमर्श किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ के दल द्वारा केशकाल विकासखण्ड के अंतर्गत बांधापारा

और नाकापारा आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम स्वास्थ्य स्वचछता 'मया मंडई', पोषण दिवस और एनिमिया मुक्त कोण्डागांव के बारे में युवाओं एवं ग्रामीणों के संग चर्चा की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन और एएनएम से टीकाकरण, एनीमिया मुक्त कोण्डागांव के कार्यों के बारे में जानकारी ली। दल के द्वारा जिले में संचालित सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य संबंधित कार्यों पर विचार विमर्श किया।

उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बस्तरिया हल्बी गानों की धुन पर बच्चों एवं युवोदय स्वयं सेवकों के संग नृत्य किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के बारे में जाना। साथ ही स्कूलों में स्वयंसेवकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में फैलाई जा रही जागरूकता और समुदाय में उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्यों ने स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और स्वयंसेवकों ने भी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के परिणामस्वरूप उनके जीवन में परिवर्तनों एवं अनुभवों को साझा किया। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, बीएमओ डॉ0 एएल रोहलेडर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ0 रूद्र कश्यप, सीडीपीओ दिपेश बघेल, बीपीएम उमेश मरकाम, प्रियंका वर्मा सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं सक्रिय स्वयंसेवक उपस्थित थे।

16% लोगों को लगा वयस्क टीका

रायपुर/नवप्रदेश। द एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया और इप्सोस ने हाल ही में 16 शहरों में 50 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों उनकी देखभाल करने वालों और डॉक्टरों के बीच वयस्क टीकाकरण के बारे में एक महत्वपूर्ण सर्वे किया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि वयस्क टीकाकरण की दर आखिर क्यों कम है। भारत में वयस्क टीकाकरण सर्वेक्षण से पता चलता है कि 50 वर्ष या इससे अधिक आयु के 71 प्रतिशत लोग वयस्क टीकाकरण के बारे में जानते हैं, लेकिन इनमें से केवल 16 प्रतिशत ने ही कोई वयस्क टीका लिया है।

मरीजों और डॉक्टरों ने कम टीकाकरण के लिए अलग-अलग कारण बताए हैं। रायपुर के सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन और द एसोसिएशंस ऑफ फिजिशयंस ऑफ इंडिया, रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉ. अरुण केडिया ने कहा, सर्वे में सामने आया है कि वयस्क टीकाकरण के बारे में जानकारी एवं प्रयासों के बीच के अंतर को पाटने की जरूरत है। इस दिशा में पहला कदम है वयस्क टीकाकरण को लेकर औपचारिक दिशानिर्देश तैयार करना। इससे जरूरी व्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि मरीजों, उनकी देखभाल करने वालों और डॉक्टरों के बीच वयस्क टीकाकरण को लेकर बात हो। लोगों को टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली शिंगल्स जैसी बीमारियों के प्रभावों के बारे जागरूक करने की जरूरत है। ये बीमारियां व्यापक रूप से फैल रही हैं और देशभर में वयस्कों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए उन्हें समझाना होगा कि टीकाकरण के माध्यम से इनसे बचाव हो सकता है और इस समस्या को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

संपादकीय

अब से आधी आबादी को पूरा अधिकार

आजादी के बाद अब कहीं जाकर देश की आधी आबादी को उनका अधिकार मिलने जा रहा है। पिछले ढाई दशकों से संसद में अटके महिला आरक्षण विधेयक को नए संसद भवन के विशेष सत्र में लोकसभा में "नारी शक्ति वंदन" विधेयक 2023 के रूप में प्रस्तुत किया गया जहां वह प्रचंड बहुमत से पारित हो गया। इस विधेयक के खिलाफ सिर्फ दो सांसदों ने मतदान किया। जबकि 454 सांसदों ने इस विधेयक का समर्थन किया। महिला आरक्षण विधेयक पर लोकसभा में सात घंटे तक सार्थक चर्चा भी हुई। एक लंबे अरसे के बाद लोकसभा में ऐसा माहौल देखा गया कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही दलों के सांसदों ने आपसी तू-तू मैं-मै करने की जगह महिला आरक्षण विधेयक पर अच्छी बहस की और कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस विधेयक पर सात घंटे तक चर्चा चली लेकिन सदन में कोई हंगामा नहीं हुआ। जबकि पूर्व में 1996 से लेकर 2010 तक महिला आरक्षण विधेयक लगभग एक दर्जन बार संसद में पेश किया गया लेकिन इस आरक्षण का विरोध करने वाली कुछ पार्टियों ने इसे लेकर सदन में अभूतपूर्व हंगामा किया। कभी विधेयक को छीन कर फाड़ दिया गया तो कभी कालर पकड़ने और झूमा झटकी करने की नौबत आ गई। नतीजतन पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, अटल बिहारी वाजपेई और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में महिला आरक्षण विधेयक संसद से पारित नहीं हो पाया। किन्तु इस बार मौजूदा मोदी सरकार ने बेहतर फ्लोर मैनेजमेंट किया और लोकसभा में इसे लगभग सर्वसम्मति से पारित कराने में सफल हो गई। राज्यसभा से भी इस विधेयक का प्रचंड बहुमत से पारित होना तय है। दरअसल पांच राज्यों और लोकसभा चुनाव के ठीक पहले महिला आरक्षण विधेयक संसद में लाकर सरकार ने दूरदर्शिता का ही परिचय दिया है। इस समय महिला आरक्षण विधेयक के विरोध का सीधा मतलब है कि देश की आधी आबादी का समर्थन खो देना। यही वजह है कि सभी पार्टियों ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन किया है और इसके पक्ष में मतदान किया है। हालांकि कुछ विपक्षी पार्टी के नेता यह कहते है कि महिला आरक्षण विधेयक में अन्य पिछड़ा वर्ग का भी कोटा रखा जाए वहीं कांग्रेस सहित कई पार्टियां महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग उठा रही है। इसी तरह के और भी कई सुझाव दिए गए है। जिस पर सरकार ने विचार करने का आश्वासन दिया है। जहां तक इस महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग का प्रश्न है तो यह तकनीकी दृष्टि से असंभव नहीं तो बेहद कठिन जरूर है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि कोरोना काल के चलते जनगणना का जो काम 2021 में नहीं हो पाया था। पहले उस काम को पूरा करना होगा और इसके बाद महिला सीटों के आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इन दोनों ही कामों में एक से तीन साल का समय लग सकता है। यही वजह है कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह हड़बड़ी में इसे लागू नहीं करेगी। बहरहाल महिला आरक्षण विधेयक का संसद में पारित हो जाना महिला शक्ति की बहुत बड़ी जीत है और यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जिसके लिए सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के ही माननीय सांसद साधुवाद के पात्र है। राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा और उनके हस्ताक्षर के बाद महिला आरक्षण विधेयक कानूनी शक्ल अख्तियार कर लेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार जल्द से जल्द इसे लागू करने का प्रयास करेगी। बहरहाल अब चूंकि महिला आरक्षण विधेयक अस्तित्व में आ रहा है तो पांच राज्यों के विधानसभा और आगामी लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियां महिलाओं को टिकट में 33 प्रतिशत आरक्षण दें तभी महिला आरक्षण विधेयक के प्रति उनकी निष्ठा जाहिर होगी और महिला आरक्षण विधेयक भी सार्थकता भी सिद्ध होगी।

नेता और संत क्या अपनी अपनी भूमिका निभाएंगे?

राजेन्द्र कानूनगो

आजकल जितने भी राजनीतिज्ञ हैं, राजनेता हैं, वे सनातन की बात करते हैं। दुर्भाग्य की यह बात है कि जितने भी संत हैं, वे राजनीति से संबंधित बात करते हैं । यह इस देश का दुर्भाग्य है कि जिसको जो काम करना चाहिए, वह उस कम को न करते हुए दूसरा काम करने में अपनी बहादुरी समझ रहा है । अपनी जीत समझ रहा है।

हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की एक फायर ब्रांड नेता उमा भारती ने बयान जारी किया है, कि राजनेताओं को सनातन की बात छोड़कर, रोटी - कपड़ा- मकान की बात करना चाहिए। इस बयान का पुरजोर समर्थन होना चाहिए।निश्चित रूप से उन्होंने यह जो कहा है, वह बिल्कुल सत्य कहा है । वैसे देखा जाए तो उमा भारती एक संत भी हैं और राजनेता भी हैं ।लेकिन फिर भी उन्होंने जो निष्कर्ष निकालकर सच कहा है, वह कहीं से भी गलत नहीं है। आज हम देख रहे हैं कि जितने भी राजनेता हैं, वह सनातन की बातों में उलझे हुए हैं, और जनता को भ्रमित कर रहे हैं। जनता इस कदर राजनेताओं के भ्रम में आ चुकी है कि उसे राजनेताओं के मुख से धर्म की बातें सुनकर बहुत आनंद आ रहा है, और वह उस ओर आकर्षित हो रही है, जो राजनेता कह रहे हैं । जबकि असलियत यह है कि राजनेताओं को किसी भी धर्म से कोई मतलब नहीं है। वह जो कुछ कहते हैं उसमें उनकी पूरी-पूरी राजनीति समाहित होती है। इसी प्रकार जो संत समाज के लोग हैं, जो कथा वाचक हैं, जो ईश्वर का गुणगान करने के लिए लंबी फीस लेकर कथाएं करते हैं, उनके मुंह से राजनीति की बात सुनकर लोग बड़े प्रसन्न होते हैं । उसको अंगीकार करने के लिए अपने आप को तैयार रखते हैं।

क्या कहें इस देश के लोगों को, क्या पसंद है, और क्या नापसंद है। जिन नेताओं को जिन उम्मीदवारों को आम जनता ने मतदाताओं ने जनता के कल्याण के लिए चुना है, वे जनता के कल्याण की बातें, जिसमें समाहित हैं जनता की रोटी, जनता का कपड़ा, जनता का मकान, जनता का स्वास्थ्य, जनता की शिक्षा, आदि आवश्यक विषय उसको छोड़कर वह धर्म की बात करते हैं । और उसी में लोगों को भ्रमित करते रहते हैं। आगे यदि हम और विस्तृत बात करें तो जो कथावाचक संत हैं, जो एक बड़ी रकम फीस के रूप में लेकर के लाखों की भीड़ में कथा करने जाते हैं, वे ईश्वर की बात कम करते हैं, भगवान के गुणगानों की बात बहुत कम करते हैं। और राजनीति के बात अधिक करते हैं । इसे भी हम क्या कहें? इसे हम क्यों ना देश का दुर्भाग्य होने की संज्ञा दें? इसमें कोई किसी को आपत्ति होना नहीं चाहिए।

होना तो यह चाहिए कि राजनेता अपना काम करें जनता की सेवा के संबंध में जो कुछ भी आवश्यक हो वह कार्य निष्पादित करें । और जो संत समाज है वह आम जनता को सद्मार्ग पर चलने की शिक्षा दें। इसी में इस देश की जनता का, इस देश के समाज का भला हो सकता है। परंतु हम देख रहे हैं कि यह जो दोहरा काम हो रहा है वह कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता । इसको कैसे दूर किया जाए ? यह अब किसी को भी संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि राजनेता जो आज हम देख रहे हैं वह धर्म की आड़ में बने हुए हैं राजनेता हैं, और जनता की उनको बिल्कुल भी चिंता नहीं है । दूसरी ओर जो संत लोग हैं, जो कथा वाचक हैं, वह राजनीतिज्ञों के समर्थन पर निर्भर हो चुके हैं, यह भी किसी से छुपा हुआ तथ्य नहीं है । अतः हम ईश्वर से मात्र प्रार्थना ही कर सकते हैं कि इस देश के जो राजनेता है, जनता जिनको चुनकर लोकसभा और संसद में भेजती है, उन्हें सद्बुद्धि दे और जो संत लोग हैं, जो तथाकथित कथा वाचक लोग हैं, उन्हें भी यह सद्बुद्धि थे कि वह अपने उद्बोधन में, अपने उपदेशों में ईश्वर की लीला का वर्णन करें। ना कि राजनेताओं को और राजनीतिक दलों का समर्थन करने की व्यर्थ कोशिश करें।

देखते हैं, कि भगवान किसकी सुनता है ? क्योंकि यह देश एक धर्म प्रधान देश है, और यहां पर सब कुछ धर्म पर आधारित है । ईश्वर की मर्जी के बिना कुछ भी नहीं हो सकता । यह सोच सभी व्यक्तियों की एक सामूहिक सोच है । अतः ईश्वर क्या करना चाहता है, इस देश के बारे में, वह स्वयं यह करने के लिए लोगों को बाध्य करेगा, ऐसा हम चाहते हैं । इसमें कोई दो मत नहीं है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक... पेंच फंसा

महिला आरक्षण के लिए 128 वां संविधान संशोधन विधेयक 2023 संसद में पेश-पेंच फंसा, हंगामा हुआ

किशन भावनानी

यह बिल पहली बार देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली संयुक्त मोर्चा की सरकार में 12 सितंबर, 1996 को लाया गया था. ये 81 वें संशोधन विधेयक के रूप में लोकसभा में पेश हुआ था। हालांकि, विधेयक सदन से पारित नहीं हो सका और लोकसभा भंग होने के साथ विधेयक भी लटक गया। इस कोशिश के करीब दो साल बाद, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1998 में 12वीं लोकसभा में विधेयक को फिर पेश किया। वाजपेयी ने 1998 में अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का जिक्र किया था। हालांकि, इस बार भी बिल को पास होने के लिए जितने समर्थन की जरूरत थी उतना नहीं मिला और यह फिर से लटक गया.द्य। बाद में इसे 1999, 2002 और 2003 में वाजपेयी सरकार के दौरान ही फिर से पेश किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार के दौरान महिला आरक्षण विधेयक की चर्चा ने फिर जोड़ पकड़ा। 6 मई, 2008 को ये विधेयक राज्यसभा में दोबारा पेश किया गया और इसके 3 दिन बाद, 9 मई को स्थायी समिति को भेज दिया गया. स्थायी समिति ने डेढ़ साल से भी ज्यादा समय लगाने के बाद 17 दिसंबर 2009 को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसे फरवरी 2010 में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई और महिला आरक्षण विधेयक 9 मार्च, 2010 को 186-1 वोटों के साथ राज्यसभा में पास हो गया। हालांकि, इसे सरकार ने लोकसभा में दोबारा कभी विचार के लिए नहीं रखा और 2014 में लोकसभा के विघटन के साथ ही ये फिर से पास नहीं हो पाया। यानें ये विधेयक संसद में अब तक कुल 8 बार अलग-अलग समय पर पेश हो चुका है, लेकिन कानून नहीं बन पाया।

वैश्विक स्तरपर हालांकि महिलाओं को विशेष दर्जासुविधा, सम्मान भारत में अपेक्षाकृत अधिक प्राप्त है परंतु अगर महिलाओं के नेतृत्व की बात आए तो हम उसमें पिछड़ते नजर आएंगे क्योंकि वर्तमान समय में भारत की लोकसभा में महिलाएं 543/82 यानें 15.21 प्रतिशत और राज्यसभा में 14 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है और ऐसे कई आंकड़े राज्यों के विधानसभाओं के भी हैं परंतु इसकी तुलना अगर हम दुनियां के बढ़ते महिलाओं के नेतृत्व प्रभुत्व से भारत को खड़ा करें तो हम अपने आप को पीछे पाएंगेकि अनेक विकसित विकासशील देशों को देखें तो अमेरिका में 535 सदस्य जिनमें 100 अमेरिकी सीनेट में है, अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में 125 महिलाएं यानें 28.7प्रतिशत है अगस्त 2023 तक हाउस ऑफ कॉमंस में 223 महिलाएं थी जो पहली बार एक तिहाई से अधिक हैं। फ्रांस में 2022 में चुनाव में 37.3 प्रतिशत दक्षिण अफ्रीका में 40 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि और नेशनल काउंसिल ऑफप्रोटीन में 36 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि हैं पर सबसे बड़ी बात अफ्रीकी देश खांडा में 60 प्रतिशत से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है।

इस तरह यूरोप में अमेरिका में कैबिनेट मंत्रियों में महिलाओं कीहिस्सेदारी सबसे अधिक है वैसे भी देखा जाए तो मेरा मानना है कि महिलाओं में जवाबदारी जवाबदेही जिम्मेदारी लगन सहित नेतृत्व की योग्यताएं अपेक्षाकृत अधिक महसूस की जा सकती हैं। फिर यह जरूरी हो जाता है कि महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाया जाए जिसकी कोशिशें हम पिछले 27 वर्षों से कर रहे हैं और अब दिनांक 19 सितंबर 2023 को फिर एक बार सांसद ने महिला आरक्षण बिल के रूप में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया है। जिसके लिए 128 वां संविधान संशोधन विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किया गया जिसमें एससी-एसटी महिलाओं को उन्हीं के कोटे में ही आरक्षण मिलेगा यानी इस वक्त लोकसभा में एससी एसटी के लिए आरक्षित 131 सीटें हैं। ज अब आरक्षण लागू होने पर एक तिहाई यानी 44 सीटें महिला एससी-एसटी के लिए आरक्षित हो जाएगी। बाकी 87 सीटों पर महिला पुरुष कोई भी चुनाव लड़ सकता है और विशेष बात ओबीसीमहिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान बिल में नहीं है।बता दे यह महिला आरक्षण 33 परसेंट 15 वर्ष की अवधि तक ही लागू रहेगी उसके बाद इस पर फिर से विचार होगा। बता दें अभी लोकसभा में 540 सीटें हैं। महिला आरक्षण लागू होने के बाद एक तिहाई जाने 181 सीटों पर महिलाओं के लिए आरक्षीत होगी, फिर रोटेशन सिस्टम से हर अगले चुनाव में 181 सीटें बदल जाएगी परंतु इन सीटों पर महिलाएं ही चुनाव लड़ सकती हैं जबकि अन्य बच्ची सीटों पर भी किसी भी वर्ग की महिलाएं चुनाव लड़ सकती है यानी महिलाओं के दोनों हाथों में खुशी के लड्डू दिए जा रहे हैं। परंतु महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण नहीं मिलने से विपक्ष के नेता बड़ी पार्टी के अध्यक्ष बरस पड़े और उनके बयान को लेकर पेंच फंसा और हंगामा खड़ा हुआ और संसद की कार्यवाही 20 सितंबर 2023 सुबह 11:00 बजे तक के स्थगित की गई वैसे भी अगर हम इस बिल में देखें तो बिल में स्पष्ट उल्लेखनीय है कि यह कानून बनने के बाद जनगणना होगी उसके आधार पर परिसीमन होगा और फिर आरक्षण लागू होगा यानी 2024 मेंआरक्षण होने की चांस बिल्कुल नहीं है। 2029 में यह संभव होगा पूरे विश्व की नजरे इस महिला आरक्षण बिल पर लगी हुई है इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, राष्ट्र की विकास यात्रा में नई मंजिलों को पानें महिलाओं के नेतृत्व की सहभागिता होना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने की करें तो, पीएम ने मंगलवार को नए संसद भवन में पहले कानून को पेश करने का एलान किया उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश करने जा रही है।पीएम ने इसके लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा और कहा कि 19 सितंबर का ये दिन इतिहास में अमर होने वाला दिन है। इसके बाद कानून मंत्री ने सदन में यह विधेयक पेश किया। इसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया। बताया गया है कि लोकसभा में अब महिलाओं के लिए 181 सीटें आरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके कानून बनने के बाद सदन में महिलाओं की संख्या बढ़ जाएगी। महिला आरक्षण की अवधि फिलहाल 15 साल रखी गई है। इसकी अवधि बढ़ाने का अधिकार लोकसभा के पास होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कई बार विधेयक को जानबूझकर पास नहीं होने दिया गया।

साथियों बात अगर हम बिल पेश होने पर माननीय पीएम की करें तो उन्होंने कहा, हर देश की विकास यात्रा में ऐसे मील के पत्थर आते हैं, जब वह गर्व से कहता है कि आज के दिन हम सभी ने नया इतिहास रचा है। ऐसे कुछ पल जीवन में प्राप्त होते हैं। नए सदन के प्रथम सत्र के प्रथम भाषण में मैं विश्वास और गर्व से कह रहा हूं कि आज का यह पल और आजका यह दिवस संवत्सरी और गणेश चतुर्थी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए इतिहास में नाम दर्ज करने वाला समय है। हम सभी के लिए यह पल गर्व का है। अनेक वर्षों से महिला आरक्षण के संबंध में बहुत चर्चाएं हुई हैं। बहुत वाद-विवाद हुए हैं। महिला आरक्षण को लेकर संसद में पहले भी कुछ प्रयास हुए हैं। साथियों बात अगर हम महिला आरक्षण बिल के इतिहास की करें तो, भारत में महिला आरक्षण बिल की यात्रा काफी लंबी रही है. इतनी लंबी की इसमें 27 साल लग गए और 8 बार पेश करना पड़ा, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका। साथियों बात अगर हम महिला आरक्षण में परिवारवाद की करें तो, नेता की पत्नी या बेटियों का लोकसभा में दबदबा रहा है लोकसभा में अभी 78 महिला सांसद हैं, लेकिन इनमें से 32 सांसद या तो नेताओं की पत्नी हैं या नेता पुत्री। राज्यसभा में भी नेताओं के परिवार का दबदबा है. पश्चिम बंगाल से सबसे अधिक महिला सांसद हैं, लेकिन वहां फिल्म अभिनेत्रियों का दबदबा है ये सवाल इसलिए भी है क्योंकि जो आंकड़े मिले वो चौंकाते हैं।वर्तमान में जो भी महिला सांसद हैं उनकी पृष्ठभूमि की तुलना में समाज के एक बड़े तबके की महिलाएं कफन की बुधिया, ईदगाह की अमीना और गोदान की धनिया जैसी महिलाओं की तरह संघर्ष कर रही हैं। ऐसे में लोकसभा की कुल 543 में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी।

आज का इतिहास

नईदिल्ली/वार्ता। आज ही के दिन ब्रिटेन के राजा जेम्स प्रथम ने 1621 में सर एलेक्जेंडर स्टरलिंग को नोवा स्कॉशिया उपनिपेशीकरण का अधिकार पत्र दिया था। नीदरलैंड के जॉन और निकोल्स वान डर हेडेन ने 1677 में आज ही के दिन अग्निशामक यंत्र के लिए पेटेंट हासिल किया था। अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) 1784 में छपा। पालघाट ने 1790 में जनरल मेडोव के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया। किंग विलियम प्रथम ने 1815 को ब्रुसेल्स में शपथ ली। बहादुर शाह द्वितीय ने 1857 में अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नीदरलैंड के लोगों ने 1885 को चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया। 'अटलांटा लाइफइंश्योरेंस' कंपनी 1905 को गठित हुई।

QUIZ TIME

1) पीएच मान का निर्धारण किसने किया था?

2) किसके हृदय में तीन भाग होते है?

3) बिहार केसरी किसे बुलाया जाता है?

4) विश्व रोगी सुरक्षा दिवस कब मनाया गया?

5) मिस यूनिवर्स पाकिस्तान 2023 का खिताब किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सोरेनसन (2) केंचुआ (3) वीर कुंवर सिंह (4) 17 सितंबर (5) एरिका रॉबिन

आज का पंचांग (शुक्रवार, 22 सितम्बर)

सूर्य : कन्या, चंद्र : वृश्चिक, मंगलः कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

सूर्योदयः 06:18, सूर्यास्तः 06:22
चन्द्रोदयः 11:47, चन्द्रास्तः 21:59

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास :भाद्रपद, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र :ज्येष्ठा, योग प्रीतिः (01:45 से आयुष्मान), प्रथम करण : तैतिल (14:14 तक), द्वितीय करण : गर (01:59 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:45 से 12:34, सर्वार्थसिद्धि योग 06:04 से 15:35, रवियोग 06:04 से 15:35, विजय मुहूर्त 14:12 से 15:00, गोधूलि मुहूर्त 18:15 से 18:39, सायाह्न सन्ध्या 18:15 से 19:26, निशिता मुहूर्त 23:46 से 00:34, ब्रह्म मुहूर्त 04:30 से 05:17, राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 06:04 से 07:36, होमाहुति बुध (15:35 से शुक्र)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष :आज का दिन प्रतिकूल रहेगा पूर्व में बरती लापरवाही के कारण सेहत में विकार आने से प्रातः काल से ही अनमने से रहेंगे कार्य करने का मन करेगा।

वृष : आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहने वाला है दिन के आरंभ में घर मे किसी से व्यर्थ की बात पर उलझेंगे।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा आज आपकी मानसिकता सुखोपभोग की वस्तुओं के संग्रह की रहेगी इसपर खर्च भी करेंगे।

कर्क : आज के दिन आप अपने बुद्धि चातुर्य से हर जगह सम्मान पाएंगे मेहनत भी आज अन्य दिनों की तुलना में अधिक करनी पड़ेगी।

सिंह : आज के दिन अपने काम से काम रखना बेहतर रहेगा। दिन भर क्रोध और कलह के प्रसंग बनते रहेंगे।

कन्या : आज के दिन आपको व्यवसाय से आर्थिक लाभ पाने के लिये बड़ी जोड़ तोड़ करनी पड़ेगी फिर भी आशाजनक ना होने से मन मे नकारत्मक भाव आएंगे।

तुला : आज के दिन आपको व्यवसाय से आर्थिक लाभ पाने के लिये बड़ी जोड़ तोड़ करनी पड़ेगी फिर भी आशाजनक ना होने से मन मे नकारत्मक भाव आएंगे।

वृश्चिक : आज का दिन सुख शांति दायक रहेगा दिन के पूर्वार्ध से ही मजाकिया व्यवहार से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

धनु : आज के दिन आपको प्रत्येक कार्य मे सावधानी बरतें की आवश्यकता हैं। पूर्व में बनाई योजना अथवा गतिशील कार्यो में नुकसान होने की प्रबल संभावना है।

मकर : आज के दिन आपकी दिनचर्या पिछले दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगी। दिन के आरंभ में कार्यो के गलत दिशा लेने से गुस्सा आएगा लेकिन स्वतः ही ठीक हो जाएंगे।

कुंभ : आज का दिन आपके लिये कामना पूर्ति वाला रहेगा। स्वयंजन एवं सहकर्मियों से विवेकी व्यवहार रखें अन्यथा इच्छाओं पर पानी फेरते समय नही लगाएंगे।

मीन : आज के दिन आप किसी मुसीबत से बचने के लिये धर्म का सहारा लेंगे मन मे आध्यात्मिक भाव रहेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -193

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 192 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	यां		न
	मं			ज	र	दा		

परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास

दुर्ग/नवप्रदेश। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से प्रदेश भर में भ्रमण कर प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ माहौल बना रहे प्रदेश स्तरीय नेताओं का परिवर्तन रथ जब दुर्ग शहर पंहुचा, तो साइंस कॉलेज के सामने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा और भाजयुमो जिला अध्यक्ष जीत यादव के नेतृत्व में सैकड़ो बाइक में सवार युवा मोर्चा कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ परिवर्तन यात्रा की आगवानी की, आगे शहर भर में मंडल भाजपा और मोर्चा, प्रकोष्ठों की टीम ने यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया। परिवर्तन यात्रा में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की धरती से निकलकर झारखंड में राजनीति का डंका बजाने वाले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास रहे, उनके साथ दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, सचिन सिंह बघेल, भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, पूर्व मिनिस्टर महेश गागड़ा, रमशिला साहू, गागड़ा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला यात्रा प्रभारी चतुर्भुज राठी परिवर्तन रथ पर आरुढ़ रहे।

छत्तीसगढ़ी में किया संबोधित

आमसभा पहुंचने पर सभा में मौजूद जनसमूह को छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा बर्बाद होते छत्तीसगढ़ को बचाने के लिए कमीशनखोर कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर विकास और सुशासन लाने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है, इसी उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। परिवर्तन यात्रा के स्वागत में जो दुर्ग शहर में जो भाजपामय माहौल बना है, उससे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का संकेत स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

छत्तीसगढ़ में बनेगी हमारी सरकार

सांसद विजय बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ने लोकसभा चुनाव में उन्हें दुर्ग शहर की जनता ने अपार प्रेम देते हुए 60 हजार से भी ज्यादा वोटो से लीड दिलाई थी, आने वाले विधानसभा चुनाव में 2018 की तरह भुलावे में ना आते हुए भारतीय जनता पार्टी पर पुनः विश्वास करके छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी तो निश्चित रूप से कानून व्यवस्था की खराब स्थिति, भय और भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ को मुक्ति मिलेगी।

दुर्ग को संभाग मुख्यालय भाजपा ने बनाया

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि दुर्गा विधायक अरुण वोरा और धीरज बाकलीवाल की जोड़ी ने दुर्ग शहर का बंटाधार किया हुआ है। दुर्ग शहर को संभाग मुख्यालय भाजपा ने बनाया, दुर्ग में यूनिवर्सिटी और आईआईटी की स्थापना भाजपा ने की। दुर्ग भिलाई को एजुकेशन हब बनाने के लिए भाजपा ने काम किया, दुर्ग विधायक अरुण वोरा दुर्गा को कोई बड़ी उपलब्धि नहीं दिला सके बल्कि भाजपा के कामों में अपने नाम की पट्टी का लगाकर झूठा श्रेय लेते रहे, जिसे जनता समझती है। दुर्ग विधायक अरुण वोरा कांग्रेस के सभी निष्क्रिय और उदासीन विधायकों के सरदार है।

50 से अधिक युवतियां भाजपा में हुईं शामिल

जनसभा के दौरान 50 से अधिक युवतियों ने कन्या शक्ति संयोजिका नम्रता बंसोड के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कर कमलों से भाजपा प्रवेश किया। पीली पगड़ी पहनकर युवतियों ने भाजपा जिंदाबाद का नारा लगाया और अगले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीतने का संकल्प लिया पार्टी में शामिल होने वाली युवतियों में भूमिका साहू, आरती सारथी, नेहा निषाद, कुमारी पिंकी, पूर्णिमा साहू, संजू साहू, लता साहू, तन्नू साहू, कुमारी ज्योति, कुमारी पायल समेत युवतियों ने महिला आरक्षण से उत्साहित होकर भाजपा के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए सदस्यता प्राप्त की।

लोक कलाकार गणेश-महेश दुबई में हुए सम्मानित

कुम्हारी/नवप्रदेश। विगत 14 सितंबर विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दुबई में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिंदी कथा सम्मान से डॉक्टर परदेसी राम वर्मा (भिलाई) को नवाजा गया। इस सम्मेलन में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता ,भोपाल एवं छत्तीसगढ़ के हिंदी के विद्वान आमंत्रित थे। दुबई के डबल ट्री होटल के सभागार में आयोजित इस भव्य आयोजन में जहां आमंत्रित विद्वानों ने हिंदी पर अपने विचार रखे वहीं शोध पत्र का वाचन भी हुआ।

निधन

श्याम सुंदर राव

कुम्हारी/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 19 सार्थक होम्स कुम्हारी निवासी श्याम सुंदर राव (31 वर्ष) का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम कुम्हारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में परिजन सहित नगर के लोगों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

दुर्ग नौतनवा का स्टापेज होगा सलेमपुर, रंग लाया संघर्ष

■ **छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ ने रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का जताया आभार**

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ की दशकों पुरानी मांग रेल मंत्रालय ने मान ली है और लंबे संघर्ष के बाद दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस को सलेमपुर स्टॉपेज दिया गया है। अपनी इस मांग को लेकर संघ की ओर से पोस्टकार्ड से लेकर ज्ञापन सौंपने तक कई अभियान दुर्ग-भिलाई और उत्तर प्रदेश में चलाए गए। इसके बाद अब रेलवे प्रशासन ने इस आशय की सूचना जारी कर दी है।

संघ की ओर से अध्यक्ष हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय से लेकर सलेमपुर के सांसद रविन्द्र कुशवाहा तक ज्ञापन दिए गए वहीं जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन को भी ज्ञापन भेजे गए थे। अंततः यह मांग पूरी हुई। उन्होंने बताया कि सलेमपुर ऐसा जंक्शन है जहां से कई क्षेत्रों में लोग अपने-अपने साधनों से जा सकते हैं। वहां से बिहार के सीवान, गोपालगंज और मैरवा सड़क मार्ग से जुड़ा है। यूपी के पूर्वांचल के कई क्षेत्रों में सड़क मार्ग से जाया जा सकता है। सलेमपुर जंक्शन उतर कर ही मझौली राज जा सकते हैं, जहां प्रख्यात सूफी संत बाबा भोला शफी शाह की दरगाह है। यहां छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रांतों से हजारों की तादाद में लोग जाते हैं। अब सलेमपुर स्टॉपेज मिलने से मझौलीराज भी आसानी से जा सकते हैं।

स्टॉपेज की मांग पूरी होने पर रेल मंत्रालय का आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ से जुड़े तबारक हुसैन, सलीम वकील, अजय प्रजापति, सी आर डांडे, नजमुल हसन ,साबिर, आफताब हुसैन, प्रमोद कुट्टी, मोहम्मद शोएब सिद्दीकी , गांधी पांडे, हरेंद्र और वकील अहमद ने मांग की है कि नौतनवा एक्सप्रेस को दुर्ग से सुबह चलाया जाए, वहीं गोंदिया बरौनी ट्रेन को तीन दिन वाया मऊ, भटनी, सिवान होते हुए चलाया जाए। जिससे पूर्वांचल व बिहार के लोगों को ट्रेन के सफर में आसानी होगी। इसके लिए दुर्ग भिलाई के तमाम उत्तर प्रदेश और बिहार की जनता रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त करते है।

55 लाख की लागत से गौरव पथ रौशन

■ **महिला समृद्धि बाजार से लेकर गांधी प्रतिमा तक जगमगाएगी सड़के**

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत।सिविल लाइन गौरव पथ के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से प्रगति में इसी कड़ी में आज ट्यूबलर पोल में लगी लाइट को त्यौहार का सीजन देखते हुए महिला समृधि बाजार से निगम कार्यलय तक का लोकार्पण विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने सड़क के अंधेरा दूर करने के लिए 80 पोल की लाइट में से 61 पोल की 220 वाट की हर पोल में लगी लाइट महिला समृद्धि बाजार से लेकर गांधी प्रतिमा तक के लाइट को चालू किया गया,55 लाख से गौरव पथ हुआ रौशन।जिससे यातायात में आमजन को लाइट शुरू होने से आवागमन में नही होगी परेशानी।विधायक अरुण वोरा ने पूर्व में भी शहर के चौक चौराहा व ब्रिजों व वार्डो व सार्वजनिक स्थानों में भी शहर को जगमगाने का महत्व पूर्ण कार्य किया है महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्डो में बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइट को लगातार बदलवाने का कार्य जारी रखे हुए हैं।उन्होंने कहा शेष बचे हुए स्ट्रीट लाइट व सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य की शीघ्र पूरा करने की बात अधिकारियों से कही।आज के गौरव पथ के लाइट शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,दीपक साहू,मनदीप सिंह भाटिया,अलताप अहमद,राजेश शर्मा,जग्गी शर्मा,हेमंत तिवारी कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया मौजूद थे।शेष बचे हुए स्ट्रीट लाइट एवं सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।जिसके लिए संबधित अधिकारियों की निर्देशित किया गया है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

ई/सी-202309103800009
13/अ-20(3)/वर्ष 2022-2

आवेदक संतोष कुमार ढीमर आ. रेखालाल ढीमर निवासी ब्राम्हण पारा ढीमर पारा दुर्ग एवं अन्य 02 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी भूखंड कमांक 125 क्षेत्रफल 97 वर्गमीटर धारकगण संतोष कुमार, मानकचंद, जनक लाल पिस, स्व. रेखालाल ढीमर नि. ठेठवारपारा दुर्ग के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है। धारकगण के मध्य उक्त भूखण्डों का पंजीकृत बटवारानामा दिनांक 31.08.2023 को निष्पादित किया गया है। पंजीकृत बटवारानामा अनुसार पक्षकार क्रमांक 01 संतोष कुमार ढीमर को उक्त भूखण्ड नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी भूखंड क्रमांक 125 का दु. क्षेत्रफल 34.66 वर्गमीटर तथा पक्षकार कमांक-02 मानक चंद ढीमर को उक्त भूखण्ड नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी भूखंड क्रमांक 125 का टु. क्षेत्रफल 31.18 वर्गमीटर तथा पक्षकार क्रमांक-03 जनक ढीमर को उक्त भूखण्ड नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी भूखंड क्रमांक 125 का टु, क्षेत्रफल 31.18 वर्गमीटर हिस्से में प्राप्त हुआ है। आवेदकगण द्वारा उक्त पंजीकृत बटवारानामा के आधार पर पृथक पृथक नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.10.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप /आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र. क्र. आरडी202223430107400128

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी त्रिवेणी बाई पिता/पति-छोटेलाल सोनी सीताराम छोटेलाल पता- शिक्षक नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 47/2(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सीताराम पिता/पति- छोटेलाल पता- शिक्षक नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/10/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/09/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, उपतहसील बोरी (तहसील धमधा)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202309103300032
अ/74 वर्ष 2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि द्वारिका यादव पिता ननकू यादव, निवासी खुरसुल, तह व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा खुरसुल तह, व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 275/2 रकबा 0.1900 है. भूमि राजस्व अभिलेख में शमिलात खाते में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋष्टा पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैको व्दारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिर्पोट व शपथ पत्र, राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 04.10.2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुम्भरे आ. स्व. भाऊलाल कुम्भरे साकिन हरिनगर दुर्ग द्वारा ग्राम कातुलबोड़ प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 44/74 रकबा 0.210 हे. जो उसके स्व. भाऊलाल/स्व. चैतराम कुम्भरे के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06/10/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ग्राम बालोद
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पोखन सिंह पिता श्री छबिलाल जाति हल्बा निवासी ग्राम नयापारा बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 733/148 रकबा 0.012 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.012 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख में छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 25/09/23 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 08/09/2023 को जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बालोद जिला बालोद

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-06/वर्ष 22/23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानप्राप्तकर्ता गुरदीप सिंह पिता स्व. रावेल सिंह निवासी ग्राम आजादवार्ड 37 दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 298/1 का टु. रकबा 7000 वर्गफुट भूमि को हकत्यागकर्ता परजीत सिंह भाटिया पिता रावेल सिंह भाटिया अन्य-14 निवासी ग्राम राजनांदगांव से हकत्याग दिनांक 22.3.23 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 5/10/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/09/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/09/2023
सुनवाई दिनांक 5/10/2023

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-06/वर्ष 22/23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानग्रहिता गुरदीप सिंह पिता स्व. रावेल सिंह भाटिया निवासी ग्राम आजादवार्ड 37 दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 257/3 रकबा 0.0280 हे. भूमि को दानकर्ता यागेश कुमार साहू पिता भैय्यालाल साहू निवासी ग्राम राजनांदगांव 25/3/23 से दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 5/10/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/09/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/09/2023
सुनवाई दिनांक 5/10/2023

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-06/वर्ष 22/23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरदीप सिंह भाटिया पिता स्व. रावेल सिंह भाटिया निवासी ग्राम आजाद वार्ड 37 दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 258/6 का टु. रकबा 0.0392 हे. भूमि को विक्रेता शशांक चोपड़ा पिता शांतिलाल चोपड़ा निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनाम दिनांक 9/6/23 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 5/10/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/09/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/09/2023
सुनवाई दिनांक 5/10/2023

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नैला, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2023-24/543 — नैला, दिनांक 21/09/2023

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' (तीन लिफाफा पद्धति) में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर शुल्क नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक : 05/10/2023 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
2. निविदाएं रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनांक : 11/10/2023 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
3. निविदा खोलने का दिनांक : 12/10/2023 (दोपहर 3.00 बजे से)

क्र.	कार्यस्थल का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	बयाने की राशि रु. (एफ.डी. आर.में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	लागू दर अनुसूची
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	महुदा (ब)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.46	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	छ.ग. शासन लो.नि.वि. भवन/सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित
2	खिसोरा (बलौदा)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
3	जांजगीर (पेन्ड्री)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
4	बुड़गहन	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
5	भड़ेसर	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.46	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
6	बोड़सरा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
7	अमोदा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
8	सरखों	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
9	खोखरा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
10	जर्वे (ब)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
11	कुटरा (मेहंदा)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
12	बनारी	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
13	कर्रा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
14	मुनुन्द	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.46	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
15	महंत	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
16	बक्सरा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
17	नवागढ़	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.46	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
18	सलखन	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.46	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
19	नैला	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
20	अमोरा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
21	कोसमंदा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.90	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
22	भैंसदा	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
23	गौद	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
24	बलौदा (उपमण्डी)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
25	सिवनी (च)	बाउण्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य	18.96	14,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
26	नैला	बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाये जाने हेतु	3.19	6,000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	
27	--,,--	स्टेज कार्य	14.13	11,000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	
28	--,,--	कर्मचारी आवास में बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य	15.07	11,000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	
29	--,,--	कव्हर्ड शेड निर्माण कार्य	17.33	15,000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	
30	--,,--	शेण्ड्रीशॉप के प्रथम तल में शेण्ड्रीशॉप निर्माण	19.68	16,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
31	--,,--	शेण्ड्रीशॉप निर्माण कार्य जी+1	19.12	14,500/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
32	शिवरीनारायण (उपमण्डी)	बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य	8.01	8,000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	
33	बलौदा (उपमण्डी)	सी.सी. रोड निर्माण कार्य	19.34	10,500/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	
34	--,,--	एम.आई.जी. स्टाफ क्वार्टर 01 नग	14.29	11,000/-	डी एवं उच्च	4 माह	1,000/-	
35	--,,--	प्लेटफार्म मरम्मत (30Mx10.5M) कार्य, कव्हर्ड शेड मरम्मत (28Mx9M) कार्य, गोदाम मरम्मत कार्य एवं गोदाम मरम्मत (6Mx9M) कार्य	4.51	11,000/-	डी एवं उच्च	3 माह	1,000/-	

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त/देखे जा सकते हैं, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

(ब्यास कश्यप)
अध्यक्ष
कृषि उपज मण्डी समिति, नैला
जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

संवाद-38607/1

(लाला प्रसाद यादव)
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, नैला
जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

बेमेतरा एसडीएम सुरुचि ने प्रेरणा विद्यालय में हायर लर्निंग के लिए साझा किये अपने विचार

■ 18 राज्यों के बच्चों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किए

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें के प्रेरणा विद्यालय में हायर लर्निंग के लिए बेमेतरा के एसडीएम सुसुरुचि सिंह का विद्यालय में आगमन हुआ। प्रेरणा विद्यालय में हर महीने में एक बार समाज के प्रतिष्ठित लोगों को उनके विचार और जीवन यात्रा बच्चों के सम्मुख प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता हैं। इस हायर लर्निंग की क्लास के माध्यम से बच्चों को प्रतिष्ठित लोगों से मिलने और उनके विचार सुनने का मौका मिलता हैं, जिससे धीरे धीरे उनमें प्रेरणात्मक विचार आने लगते हैं। एसडीएम सुसुरुचि सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अभी तक 7 से 8 स्कूलों में जाने का मौका मिला, उनके अनुसार उसका उद्देश्य यह हैं कि बच्चें कुछ नया सोचे, कुछ बड़ा सोच रखें। एसडीएम ने बच्चों को अपने कार्यों एवं अधिकारों से भी अवगत कराया। साथ में उन्होंने अपना करियर आप्शन चुनने के पीछे कारण भी बताया कि यह बहुत ही सम्मानजनक पद होता हैं, जिससे समाज एवं देश का कल्याण होता हैं। बच्चों के साथ में खुशी जाहिर करते हुए एसडीएम ने बताया कि उन्हें यंग माइंड के साथ विचार साझा करने में बहुत अच्छा लगता हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरणात्मक विचार देते हुए यह भी कहा कि हमें वास्तव में जो बनने की इच्छा हैं हमको पूरी मेहनत और लगन से बने, अपने माता-पिता के सपोर्ट से बने, किसी के दबाव या प्रभाव में न आए, जो भी कार्य करें उनमें एकाग्रता हो। बच्चों से बातचीत करते हुए सुसुरुचि सिंह जी ने यूपीएससी कंपेटिटिव एक्जाम फाइट करने के विभिन्न आयामों के बारे में बताया कि उन्होंने बीए, एलएलबी करने के बाद दो साल वकालत की और सोसाइटी को ध्यान में रखते हुए यूपीएससी फाइट किया। अपनी यात्रा साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उनको इस पद को प्राप्त करने के लिए 4 साल का समय लग गया, तब जाकर फाइनली चौथे साल में वे एसडीएम के पद पर नियुक्ति हुई। सुसुरुचि सिंह ने बच्चों को कम्पटीशन एग्जाम की तैयारी के लिए लॉ, नेशनल लॉ, यूपीएससी का सिलेबस और साथ-साथ न्यूज़ पेपर जिसमें उन्होंने (हिन्दू न्यूज़ पेपर) को पढ़ने के लिए बच्चों को जोर दिया। सुसिंह ने बताया कि हमें लाइफ में फ़ैल होने पर कभी भी डिप्रेस नहीं होना चाहिए, बल्कि उसी को ताकत बनाकर, लक्ष्य बनाकर पूरी मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि यही फेलियर होने का अहसास हमें जीवन में आगे तक ले जाने में मदद करता हैं। एसडीएम सिंह ने बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जिससे बच्चें सहज भाव से अपने प्रश्न उनके सामने रखें। कक्षा 11 वीं के छात्र प्रणव सुहास का प्रश्न था कि यूपीएससी की तैयारी कैसे कर सकते हैं? इस पर एसडीएम ने बताया कि GS1 से त्स4 लॉ का प्रॉपर सेड्युल बनाकर, फोकस करके, पोमोडोरो (पढ़ने का तरीका) इत्यादि माध्यमों से हम तैयारी कर सकते हैं। कक्षा 10 वीं कि छात्रा रिग्वेदीता ने प्रश्न किया कि सिलेबस का प्रेशर होने के बावजूद हम टाइम टेबल को कैसे मैनेज का सकते हैं? इस पर एसडीएम ने बताया कि कोई जरुरी नहीं हैं कि आप हर दिन कोचिंग ले, क्योंकि ऐसी भावना बन गई हैं कि कोचिंग से ही पढाई संभव हैं, उन्होंने सेल्फ स्टडी पर फोकस करते हुए कहा कि हम केवल शनिवार, रविवार को कोचिंग करके सेल्फ स्टडी पर ज्यादा फोकस बनाकर टाइम टेबल मैनेज कर सकते हैं। बीच-बीच में ब्रेक लेना भी जरुरी होता हैं, बर्न आउट नहीं होना हैं।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर विश्व तेली दिवस मनाया

राजिम/नवप्रदेश। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा छात्रावास परिसर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विश्व तेली दिवस मनाया गया। भगवान शिव जी माता पार्वती एवं श्रीगणेश जी की पूजा अर्चना कर विश्व तेली दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव श्याम साहू महामंत्री रामकुमार साहू सहसचिव तरूण साहू नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू उपाध्यक्ष चोवा राम साहू गजानंद साहू सचिव राजू साहू एवं मा. लक्ष्य विशेष रुप से उपस्थित रहे।

अवैध रूप से चला रहा था अहाता, पुलिस ने की कार्रवाई

■ आरोपी विष्णु सिन्हा को शराब पिलाते पकडा

■ धारा 36 सी आब. एक्ट की अपराध दर्ज की गई

डोंगरगांव/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव अभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईयुसीएडब्ल्यु राज नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे डोगरगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने व ले जाने वालो के खिलाफ जारी अभियान के तहत रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी विष्णु सिन्हा पिता स्व0 ईतवारी सिन्हा, उम्र- 50 साल, पता- ग्राम अर्जुनी, थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव, छ.ग. को अपने घर के सामने आने जाने वाले लोगो को शराब पीने हेतु व्यवस्था कर अवैध रूप से शराब पिला रहा था, जिसे रंगे हाथ पकडा जिसके कब्जे से 1 पौवा देशी प्लेन शराब 180 एमएल भरा, सीलबंद, 01 पौवा मे 90 एलएल शराब भरी हुई, 03 नग डिस्पोजल गिलास, 04 पानी पाउच, कीमती 120/- रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया, आरोपी को मौके पर गिर0 कर विधिवत कार्यवाही की गई है। रेडकार्यवाही मे सउनि बेदराम चंदवंशी, आर. 1433 कौशल सुधाकर, की विशेष भुमिका रही है।

बारगांव स्कूल से 19 छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा के लिए सेलेक्ट

बेरला/नवप्रदेश। हॉकी के कोच तुलसी साहू ने द्रोणाचार्य बनकर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव के 19 छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय हाकी स्पर्धा में चयनित होना स्कूल सहित गांव के लिए बड़ी उपलब्धि है। स्कूल से 9 छात्राएं व 10 छात्र राज्य स्त्री हॉकी स्पर्धा के लिए चयनित हुए हैं।

लिहाजा मालूम हो कि अंडर-17 राज्य हॉकी प्रतियोगिता 22 से 25 सितंबर बिलासपुर में आयोजित है, जिसमे बालक वर्ग से विजय कुमार व तुषार यादव का चयन हुआ है, वहीं बालिका वर्ग से हेमकला निषाद, तनु मनियारी व निधि पाटिल चयनित हुई है।

वहीं अंडर-19 राज्य हॉकी प्रतियोगिता 27 से 30 सितंबर राजनांदगांव में आयोजित है, जिसमें बालक वर्ग से देवेंद्र निषाद, विक्की, भुनेश्वर, उमेश, ढालेश्वर तो बालिका वर्ग में मनीषा साहू, डॉली निषाद, दुर्गा यदू, सोनिया विश्वकर्मा का चयन हुआ

है। इसी प्रकार अंडर-14 राज्य हॉकी प्रतियोगिता 20 से 33 अक्टूबर रायपुर में आयोजित है, जिसमें बालक वर्ग से ओमकार, शुभम पात्रे, कुलदीप तो बालिका वर्ग में संजना निषाद व तृषा यादव प्रतिनिधित्व करेंगे।

खेल कोच के कारण बढ़ा रुझान

हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव के खेल कोच तुलसी साहू के दो साल के कार्यकाल में 19 बच्चों का राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में पहुंचना गौरव की बात है साथ ही स्कूल, गांव, ब्लॉक व जिला के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। भाजपा बेमेतरा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जब से हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव में खेल कोच तुलसी साहू की नियुक्ति हुई है, तब से बारगांव स्कूल को हॉकी खिलाड़ियों के नाम से जाना जाता है। साथ ही यहां के छात्र-छात्राओं में हॉकी के प्रति इतना जुनून है कि अब 70 से भी ज्यादा बच्चे सुबह-शाम खेल कोच तुलसी साहू से प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह बारगांव स्कूल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

डॉली का यूथ गेम्स में चयन

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव की 11वी की छात्रा डॉली निषाद का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयन हुआ, और बिलासपुर हॉकी खेल एकेडमी में पढ़ाई कर रही है। लिहाजा मालूम हो कि डोली के माता-पिता दोनों ही मजदूरी करते हैं। उसके पिता दीनू निषाद कंपनी में मजदूरी का काम करते हैं तो उसकी मां सुनिता निषाद भी खेती मजदूरी का काम करती है, साथ ही समय मिलने पर रामायण मंडली में जाती है। वह अच्छी गायिका भी है। डाली को हॉकी जैसे खेल को अपनाने में आर्थिक तंगी सबसे बड़ी बाधा बनीं थी पर इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद डाली हॉकी में अपना व अपने परिजनों का नाम रोशन कर रही है।

राजिम से परसवानी की सड़क बदहाल, हादसों को दे रही दावत

■ मेला मैदान पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता

राजिम/नवप्रदेश। राजिम परसवानी मार्ग में इन दिनों गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। जिसके कारण राहगीर गिरते हुए घर पहुंच रहे हैं। बरसात के पानी सड़क पर चल रहा है। लगातार पानी का धार बहाने के कारण सड़क खराब होता जा रहा है। बड़ी-बड़ी लोडिंग व अनलोडिंग गाड़ियां चलने से भी सड़क जमीन में धंस रहे हैं। जिसके कारण सड़क उंचा नीचा हो गए हैं। यही स्थिति रही तो अभी तो लोग सिर्फ गिरते हुए घर पहुंच रहे हैं बाद में कोई बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। बताना जरूरी है कि यह सड़क मार्ग चौबेबांधा पुल होते हुए सीधा गरियाबंद जिला को धमतरी जिला से जोड़ती है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी से एक किलोमीटर की दूरी पर नवीन मेला मैदान इसी सड़क मार्ग से पहुंच जाता है। यहां पर प्रदेश सरकार के द्वारा मेला मैदान को विकसित करने के लिए कार्य कराए जा रहे हैं तथा पीडब्ल्यूडी एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आने वाला वर्ष में नवीन मेला मैदान पर मेला लगने की बात कह दी है। परंतु यहां पहुंच मार्ग ही जर्जर हो गया है जिसे सुधार करने वाला कोई नहीं है। राहगीर अपने हिसाब से गड्ढे को पाटने की मांग करते रहे हैं। पर इन गड्ढों को अभी तक भरा नहीं गया है अलबत्ता गड्ढे की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बताना जरूरी है कि इसी मार्ग से होकर गरियाबंद जिला तथा धमतरी जिला के अनेक गांवों के लोग राजिम शहर पढ़ने के लिए स्कूल कॉलेज जाते हैं इसके अलावा किसान इसी मार्ग से होकर अपने सब्जियों को मोटरसाइकिल तथा साइकिल में लादकर ले जाते हैं। आने जाने में इन्हें बड़ी तकलीफ होती है। बड़ी सावधानी से गाड़ी चलाते हैं थोड़ी सी भी असावधानी हुई तो गिरने के अलावा और कुछ बचता नहीं है।

धमतरी जिले से रेत हाइवा यहीं से राजधानी जाते हैं

बताया जाता है कि धमतरी जिला से रेत का उठाव हाइवा जैसे हैवी गाड़ियों से होता है। यह गाड़ी सीधे धमतरी जिला से होकर या फिर नवापारा से होकर आगे बढ़ाने की वजाय राजिम से होकर राजधानी रायपुर के लिए जाते हैं इनका विरोध लगातार होता रहा है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है और राहगीर जब यह हैवी गाड़ियां आती है तो बड़े दिक्कत में फंस जाते हैं क्योंकि पिछली बार सड़क का पैच वर्क किया गया तो कहीं-कहीं पर डामर गिट्टी डालकर ठेकेदार ने इतिश्री कर दिया इसके कारण सड़क की चौड़ाई और छोटी हो गई है। पाई में मिट्टी है। वहां पर तो गाड़ी चलाया ही नहीं जा सकता।

चौबेबांधा सिंधौरी सड़क अभी तक चौड़ीकरण नहीं हुआ

बताना भी जरूरी हो जाता है कि दूसरी ओर चौबेबांधा से होकर सिंधौरी जाने वाली सड़क मार्ग अभी भी एकल हैं। संकरी सड़क होने के कारण बड़ी गाड़ियां गुजरने के बाद पैदल या फिर बाइक सवार लोगों के लिए जगह ही नहीं बचता। और तो और सड़क के दोनों किनारे घास तथा पेड़ पौधे अतिक्रमण करते जा रहे हैं और सड़क और छोटी होती जा रही है। बार-बार सड़क का चौड़ीकरण की मांग होती जा रही है लेकिन यहां भी कोई सुनने वाला नहीं है।

चौबेबांधा पुल में उभर आई बड़ी-बड़ी गिट्टियां

राजिम परसवानी चौबेबांधा पुल में बड़ी-बड़ी गिट्टियां उभर आई है जिसके कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को बड़ी मुश्किल होती है वहीं जॉइंट स्पीड बेकर का काम कर रही है। कुछ साल पहले पुल पर गिट्टी डामर बिछाया गया तो उस समय ठेकेदार ने सड़क को चिकनी करना ही भूल गए जिनका खामियाजा पिछले 5 वर्षों से राहगीर भोग रहे हैं। फाइनल करने वाले विभागीय अधिकारी इसे देखने तक नहीं आए नतीजा उभरी हुई गिट्टियों में पैदल चलने वाले के पांव में चुभ जाते हैं। जिसके कारण उन्हें बड़ी तकलीफहोती है। अल सुबह फिटनेस की चाहत पर लोग कदमताल करने के लिए आते हैं उन्हें भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

आज नगरी में परिवर्तन यात्रा और आमसभा

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा परिवर्तन यात्रा मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा से प्रारंभ हुई है। जो कि सिहावा विधानसभा में 22 सितंबर को प्रवेश करेगी। दोपहर 2:00 बजे कुकरेल में भव्य स्वागत होगा उसके पश्चात राजबाड़ा नगरी में दोपहर 3:00 बजे आमसभा आयोजीत की गई है। जहां पर प्रदेश के दिग्गज नेता आमसभा को संबोधित करेंगे। नगरी में रात्रि विश्राम के पश्चात 23 सितंबर को सुबह 9:00 बजे सिहावा रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता होगा। प्रेस वार्ता के पश्चात परिवर्तन यात्रा सुबह 9:30 बजे घठुला पहुंचेगी। सुबह 10:00 बजे उमरगांव, सुबह 10:30 बजे सांकरा में रोड शो होगा। उसके पश्चात सुबह 11:00 बजे तुमड़ीबहार के लिए रवाना होंगे, जहां पर भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला महामंत्री द्वय प्रकाश बैस, कविंद्र जैन, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, प्रेमलता नागवंशी, महेंद्र नेताम, विकल गुप्ता, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, रामगोपाल साहू, मोहन नाहटा, विजय यदु, अकबर कश्यप, वामन साहू, दिव्येन्द्र परिहार, दिनेश्वरी नेताम, हुमित लिमजा, अराधना शुक्ला, हृदय साहू, राजेश गोसाई ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समस्त कार्यकर्ता व जनता से अपील किए हैं कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा

नगरी/नवप्रदेश। किसी भी समाज के विकास का केंद्र बिंदु विद्यालय है। यदि समाज विद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षा के प्रति जागरूक है तो समाज का विकास तय है। इसी बात को ध्यान में रखकर मगरलोड विकासखण्ड के सिंगपुर में स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय से युवाओं ने जुड़ने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम ÷ माँ भी स्कूल आएगी ÷ में पांच सौ माताओं ने अपनी उपस्थिति देकर बच्चों की शिक्षा दीक्षा में माँ की भूमिका को जाना समझा और विद्यालय को सहयोग करने का संकल्प लिया। अब इसी कड़ी में लगभग दो सौ युवाओं ने विद्यालय द्वारा आयोजित ÷युवा वर्ग शैक्षिक संवाद कार्यक्रम ÷ में शामिल होकर विद्यालय को बेहतर बनाने का संकल्प लिया।इस शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा युवाओं को आह्वान किया गया कि वे विद्यालयीन गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लें। युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग खेलकूद,नृत्य संगीत,स्वास्थ्य एवम स्वच्छता , शैक्षिक गोष्ठी,परामर्श बैठक, टी एल एम निर्माण, सामाजिक जागरूकता के लिए रैली ,आदि के आयोजन में कर सकते हैं। युवा देश की असली ताकत हैं। यदि युवा वर्ग का रचनात्मक सहयोग विद्यालय को मिलेगा तो निश्चित ही स्कूली बच्चों का विकास होगा। शैक्षिक संवाद के इस सुअवसर पर युवाओं को कौशल विकास की जानकारी देने के लिए शैलेन्द्र गुप्ता सहायक संचालक कौशल विकास तकनीकी शिक्षा धमतरी भी उपस्थित थे। उन्होंने कौशल विकास हेतु युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि आज डिग्री से कहीं ज्यादा मांग कौशल की है। अतः युवा वर्ग को कौशल विकास पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने शासन द्वारा कौशल विकास हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी भी दी व इसका लाभ उठाने का आह्वान भी किया। चर्चा की इस कड़ी में लक्ष्मण राव मगर सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय धमतरी ने कहा कि युवाओं में बहुत सारे कौशल होते हैं। इन कौशलों का उपयोग अपने छोटे भाई बहनों को सिखाने में होना चाहिए।युवा देश की ताकत हैं और समाज को बदलने की ताकत रखते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित तुमन साहू ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि युवा वर्ग सबसे पहले अपने कैरियर को और भी बेहतर बनाएं।शासकीय सेवा के अतिरिक्त,व्यापार,खेलकूद,संगीत, तकनीक के क्षेत्र में भी कैरियर बनाया जा सकता है। रुचि के अनुरुप क्षेत्र का चयन कर युवा परिश्रम कर अपना कैरियर बना सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही .पी. चन्द्रा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान के अनुरूप विद्यालय को विकसित करने में युवा वर्ग की भूमिका पर ,विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालयीन गतिविधियों में युवाओं से परामर्श की बात को दुहराते हुए कहा कि युवा साथी फ़विद्यालय में एक समृद्ध वाचनालय की स्थापना में मदद करें। युवाओं के कैरियर निर्माण में वाचनालय बड़ी भूमिका निभा सकता है।

अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका खारिज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार आरोपी अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका खारिज हो गई है। रायपुर की विशेष अदालत में दोनों पक्षों के वकीलों के बीच गुरूवार देर शाम तक लंबी बहस चली थी, जिसके बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया है। कोर्ट की समय अवधि पूरी होने के कारण जज ने फैसला सुरक्षित रखा था। 23 अगस्त को प्रवर्तन निर्देशालय की टीम में रायपुर और दुर्ग में छापेमारी कर (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के तहत हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी समेत एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोपियों की 2 बार रिमांड ली थी। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया था। ऑनलाइन सट्टा ऐप के मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। दोनों आरोपी इस वक्त दुबई में बताए जा रहे हैं। वारंट जारी होने के साथ ही ईडी उन्हें भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ईडी ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों को जानकारी भेजी है।

प्रथम पेज का शेष..

पीएम 8-8 हजार के दो ...

उनके उद्योगपति मित्र करोड़ों कमा रहे हैं और किसान प्रतिदिन 27 रुपये कमा रहा है। किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं। उत्तर प्रदेश में मैंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस समस्या का समाधान किया है। प्रियंका गांधी ने कहा, पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, जिन्होंने देश को खड़ा किया ये उस दौर की राजनीति थी। जब नेता देश का भविष्य भी देखते थे और वर्तमान को भी मजबूत करते थे। उस समय की राजनीति और आज की राजनीति में बहुत अंतर है। आज लोगों के जज्बात पर राजनीति हो रही है। जब धर्म संप्रदाय पर राजनीतिक की बात होती है तो समझ ले कि आपका ध्यान भटकने की साजिश की जा रही है। यह एक बड़ी साजिश है, जिससे आपका ध्यान भटकाया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाया जा रहा है।

लाल वर्दी और बिल्ला नंबर...

दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे थे। यहां उन्होंने सब्जियों-फलों के बढ़ते दाम को लेकर विक्रेताओं से बात की और उनकी समस्याएं पूछीं इस दौरान दुकानदार उन्हें घेरे दिखाई दिए थे। इसके पहले राहुल ने हरियाणा के सोनीपत में किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई की थी। उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई भी की। इस दौरान किसानों और खेत मजदूरों के साथ खेती-किसानी पर बातचीत भी की। वहीं जून महीने में राहुल गांधी ने दिल्ली के एक गैरेज में पहुंचकर वहां के मैकेनिक्स के साथ काम किया। राहुल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 6 फोटो पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। एक फ ोटो में राहुल एक बाइक में स्क्रू ड्राइवर से पेच कसते दिखाई दिए थे।

भारत ने कनाडाई नागरिकों ...

जारी की थी। जिसमें कहा गया था- कनाडा में जारी भारत विरोधी एक्टिविटीज के मद्देनजर वहां रहने वाले या वहां की यात्रा पर जाने वाले नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वो बहुत सतर्कता बरतें। हालिया वक्त में देखा गया है कि कनाडा में मौजूद इंडियन डिप्लोमैट्स और इंडियन कम्युनिटी के एक खास तबके को धमकियां दी जा रही हैं। ये वो लोग हैं जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। एडवाइजरी के मुताबिक कनाडा में बिगड़ते हुए सुरक्षा हालात के मद्देनजर वहां मौजूद इंडियन स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। इंडियन कम्युनिटी और स्टूडेंट्स हाईकमीशन और कॉन्स्युलेट्स की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जम्मू में पहली बार ...

नहीं ले रहा है। इस शो को आम लोग भी देख सकेंगे। 20 सितंबर को भारतीय वायु सेना के जवानों ने इस शो को लेकर रिहर्सल भी की।

पिछले हफ्ते एयर शो जयपुर में हुआ था : इससे पहले, 15 सितंबर को राजस्थान के जयपुर में जलमहल के ऊपर आईएएफ के 9 हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए थे। करीब एक घंटे तक सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने एयर शो किया था। इसमें तीन पायलट जयपुर के थे। सभी विमानों ने जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी।

शो में क्या खास ...

करने के लिए जमीन के करीब आती है। इन स्टंट्स से बताने की कोशिश करते हैं कि एक आधुनिक लड़ाकू विमान क्या कर सकते हैं।

Chola
Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय : प्रथम तल 'डेयर हाऊस', नंबर 2, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600001
रायपुर कार्यालय : शॉप नंबर 416, चतुर्थ तल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारूति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) पिन-492001

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और पतिभूति हित का 2002 के तहत अचल संपत्तियां की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी/सह ऋणी/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के द्वारा गिरवी रखी गई है, जिसका **वास्तविक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी के द्वारा लिया गया है, जिसे इसके बाद **चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** के रूप में संदर्भित किया गया। सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी 13.10.2023 को **''जैसा है जहां है''**, **''जैसा है जो हैं''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर ई-नीलामी की जाएगी।
इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है हम वेबसाइट https://bankauctions.in एवं https://cholamandalam.com/news/auction-notices के से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

स. क्र	खाता नंबर व उधारकर्ता/सहउधारकर्ता/बंधककर्ता का नाम	मांग सूचना धारा 13(2) के अंतर्गत तिथि व राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	अ) आरक्षित मूल्य ब) बयाना राशि (ईएमडी) स) बोली वृद्धि राशि	अ) ई-नीलामी तिथि व समय ब) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि स) निरीक्षण तिथि द) कब्जे की तिथि (कब्जे की स्थिति)
1.	ऋण खाता नं. X0HERRH00001320281 **उधारकर्ता/सह उधारकर्ता/बंधककर्ता :-** **1. श्री मनोरंजन कुमार पाण्डेय** मकान नं. एम.डी.डी. 82,फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के सामने कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 **2. मेसर्स श्री सांई इंडस्ट्रीज** ज्ञान करतार टावर, तेलघानी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 **3. श्रीमती अनीता पाण्डेय** मकान नं. एम.डी.डी. 82,फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के सामने कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001	15.07.2020 रु. 1,39,78,489.08 14.07.2020 तक	**संपत्ति (1)** प्रथम तल पर लगभग 835 वर्गफुट का फ्लैट एवं भूतल पर एक कार पार्किंग की जगह है। **संपत्ति (2)** फ्लैट का तृतीय तल जिसका कुल क्षेत्रफल भवन का लगभग 835 वर्गफुट और भूमि के भूखंड पर लगभग 4 कोट्टा, 9 चित्ताक और 13 वर्ग फुट के आर.एस. का निर्माण किया गया। आरएस के तहत दाग संख्या 413 और 415। जिला-दक्षिण 24 परगना में पीएस-रीजेंट पार्क के तहत मौजा-बंसद्रोणी में खतियान नंबर 769 वर्तमान में नगर परिसर संख्या 82, दिनेश पल्ली, नगरपालिका वार्ड संख्या 113, कोलकाता - 700070 के रूप में जाना जाता है।	**संपत्ति 1 :** **अ)** रु. 28,00,000.00 **ब)** रु. 2,80,000.00 **स)** रु. 25,000.00 **संपत्ति 2 :** **अ)** रु. 25,00,000.00 **ब)** रु. 2,50,000.00 **स)** रु. 10,000.00	**अ)** 13.10.2023 (सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक) (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) **ब)** 12.10.2023 (शाम 5 बजे तक) **स)** 05.10.2023 एवं 06.10.2023 (सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक) **द)** 17.03.2022 (सांकेतिक कब्जा)

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in/ & https://cholamandalam.com/news/auction-notices देखें। ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीकर्ता मैसर्स 4 क्लोजर जयाप्रकाश रेड्डी संपर्क नंबर- 81420 00064, मोहम्मद रहीस संपर्क नंबर- 81240 00030, से संपर्क कर सकते हैं। ई-मेल आईडी- info@bankauctions.in, रायपुर संपर्क नंबर : 98365 22775.
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in/ देखें ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं।

इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे।

दिनांक : 22.09.2023
स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्राधिकृत अधिकारी
चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

कलेक्टर ने अस्पताल का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज सवेरे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को मरीजों का इलाज पूरी संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होनें सभी वॉर्ड का निरीक्षण किया और अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, एक्सरे, सोनोग्राफी, फार्मेसी, पैथोलॉजी लैब, ओपीडी में डॉक्टरों के साथ अन्य स्टॉफकी उपस्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने ओपीडी में डॉक्टर स्टाफकी उपस्थिति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ साथ अस्पताल परिसर की साफसफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मरीजों को मिलने वाले सभी सुविधा समय पर उपलब्ध हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉक्टर एवं स्टॉफनिर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित रहें ताकि मरीजों को डॉक्टर का इंतजार न करना पड़े और समय पर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकें। जिलाधीश ने सीएमएचओ को अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर एवं स्टाफको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के बिल्डिंग में सिपेज के कारण आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर के पास पानी टपक कर अंदर तक पहुंच रहा था, इलेक्ट्रिक पावर लगातार चालू हेतु संबंधित को जानकारी लेकर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

निर्माण कार्य के लिए 16 लाख स्वीकृत

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिलें के साजा क्षेत्र के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 16 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। शिक्षा व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे की अनुशंसा पर कलेक्टर पीएस एल्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड एवं विधानसभा साजा के ग्राम पंचायत कोंगियाकला में मदरसा परिसर में मंच निर्माण कार्य तीन लाख रुपये, ग्राम पंचायत पतोरा में नदी के पास चबूतरा निर्माण कार्य 1 लाख, ग्राम पंचायत नवागांव कला के आश्रित ग्राम ठरकपुर में हनुमान मंदिर के पास कक्ष निर्माण कार्य 2 लाख रुपये, ग्राम पंचायत संबंलपुर में तालाब के पास मंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख और ग्राम पंचायत मौहाभाठा में सामुदायिक मंगल भवन के सामने मंच एवं शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जावे।

युवा संवाद का आयोजन संपन्न

पेन्ड्रा/नवप्रदेश। युवा संवाद भारत नेहरू युवा केन्द्र बिलासपुर एवं सोनाचल अकेडमी के तत्वाधान मे एकलब्य आवसीय विद्यालय के आटोडोरियम मे आयोजित किया गया जिसमे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका पेण्ड्रा अध्यक्ष राकेश जालान एवं मुख्य वक्ता के तौर पर शशांक सेंडे, शिक्षक विद के रूप मे स्वामी आत्मानंद स्कूल पंडा के प्राचार्य नरेंद्र कुमार तिवारी जी, ब्याखता तीरथ बड़गईया, एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य अनिल वर्मा जी, सोनाचल अकेडमी के संचालक जनार्दन श्रीवास, ललित भानू शामिल हुए। भारत आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता के 75 वर्ष और अपने लोगों संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मना रहा है। अमृत काल के युग में भारत 2047 की एक दृष्टि। इस संदर्भ में युवा मामले और खेल मंत्रालय और उसके स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केंद्र देश भर के सभी जिलों में संगठनों के माध्यम से युवा संवाद भारत- 2047 कार्यक्रम का आयोजन कर रहा हैं। इसी कड़ी मे जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही सोनाचल एकेडमी के नेतित्व मे आयोजित हुआ. इस कार्यक्रम मे मुख्य आतीथि राकेश जालान जी ने युवाओ को पंच प्रण की सपथ दिलाये और अपने वक्ताब्य मे युवाओ से 2047 भारत ने उनकी क्या भूमिका है इसको बतलाया, वही मुख्य वक्ता शशांक सेंडे जी ने नेहरू युवा केंद्र की क्या उद्देश्य है इसे युवाओ की बीच रखा, प्रचार्य एन. के तिवारी जी ने युवाओ की अनुसासन की सफलता पर क्या योगदान है इस पर प्रकाश डाला, साथ ही आज के विशिष्ट अतिथि तीरथ बड़गईया जी ने भारत की ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश ड़ालते हुए युवाओ को उनकी सम्मान करने की बात की, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य अनिल वर्मा जी ने विकसित भारत मे युवाओ की क्या भूमिका रहेगी इस पर युवाओ से चर्चा की कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम मे शामिल हुए युवाओं को संस्था के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्र शिक्षक एवं कई युवा साथी उपस्थित थे, कार्यक्रम के समापन के दौरान सोनांचल अकैडमी के संचालक जनार्दन श्रीवास के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सभी का आभार व्यक्त किया गया।

पूर्व सांसद अभिषेक की चुनौती स्वीकार : तुकाराम

कवर्धा/नवप्रदेश। बीते दिनो भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम दशरंगपुर में आयोजित भाजपा की आमसभा में अपनी पार्टी के 15 सालों के विकास कार्यो के विरूद्ध, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री को बहस की खुली चुनौती देने वाले राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की चुनौती को जिला पंचायत सदस्य एवं युकां के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने स्वीकार कर लिया है। उन्होने अपने जारी बयान में कहा कि मैं अभिषेक सिंह की चुनौती को स्वीकार करता हूं। अभिषेक सिंह तिथि, स्थान तय कर लें मैं खुले मंच से भाजपा के पंद्रह सालो के तथा कथित विकास कार्यो पर बहस करने को तैयार हूं। चन्द्रवंशी ने कहा कि दरअसल भाजपा, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा महज पांच वर्षो में ही किए गए विकास कार्यो, जनकल्याणकारी योजनाओं और उस पर

लगातार मिल रहे गांव, गरीब व किसानो के जनसमर्थन को देख घबरा गई है, उन्हें आभास हो चुका है कि जनता उन्हें इस बार भी नकारने वाली है, यही वजह है कि भाजपा के नेता और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भूपेश बघेल पर झूठे, बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं जो अशोभनीय व निंदनीय हैं। चन्द्रवंशी ने कहा कि आज भाजपा विकास की बात करती है, लेकिन ये भूल गई है कि वर्ष 2018 का विधानसभा चुनाव भी भाजपा ने अपने इन्हीं तथा कथित विकास कार्यो के दम पर ही लड़ा था जिसे जिले सहित प्रदेश की जनता ने ठुकरा दिया था और कांग्रेस पार्टी तथा भूपेश बघेल पर भरोसा जताया था। तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की सत्ता पर पंद्रह सालों तक राज किया है और इन पंद्रह सालों में उसने विकास के नाम पर सिर्फअपनी तिजोरियां भरी हैं। उसने न तो इन पंद्रह सालों में किसानो को कभी उनकी फसल का बाजिब दाम दिया और न ही गरीब बच्चों की बेहतर शिक्षा, युवाओं के रोजी रोजगार, शासकीय, संविदा कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, रोजगार सहायकों, कोटवारों जैसे छोटे कर्मचारियों की सेवाओं को सम्मान दिया। लेकिन आज प्रदेश की भूपेश सरकार सभी को साथ लेकर काम कर रही है, सभी का हित कर रही है, जिसका प्रतिफल सरकार को मिल रहा है और आगे भी मिलेगा।

बारिश ने खोली नपा की पोल

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 में लिटिल बर्ड एकेडमी स्कूल के सामने नगर पालिका के द्वारा घरों के सामने कांक्रीट का कार्य किया गया था किंतु नाली की सफाई व्यवस्था एवं जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण 20 सितंबर को हुई तेज बारिश से लोगों के घरों में एवं सड़क पर पानी भरकर तालाब बन गया। वार्ड क्रमांक 22 की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है हाई स्कूल नंबर 2 सड़क के दोनों ओर गंदगी फैली रहती है। सड़क के किनारे पानी भरा रहता है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं नाली की सफाई नहीं हो रही है। ना ही फागिंग मशीन चलाई जा रही है। जहां एक ओर शहर में डेंगू जैसी बीमारी का दस्तक देखने को मिल रहा है।

वहीं नगर पालिका की इस तरह की लचर सफाई व्यवस्था से, वार्ड वासियों के मन में नगर पालिका के प्रति असंतोष का वातावरण है।

> वार्ड क्रमांक 22 में मछली मार्केट व श्रमिक बस्ती है। किंतु सफाई व्यवस्था के अभाव में चारों तरफगंदगी फैली हुई है जाम नालियों में गंदगी बज बजाकर रही है जिसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका के अध्यक्ष का वार्ड होने के बाद भी इस तरह की निष्क्रियता अध्यक्ष की नाकामी को दिखाता है।
> -सुरेश जायसवाल
> (पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 22)

वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारी रोजगार के अभाव में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

कांग्रेस से राधेश्याम की दावेदारी

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट की दावेदारी राधेश्याम शर्मा उर्फफग्गा महराज के द्वारा किए जाने की जानकारी ग्रामीण अंचल के कार्यकर्ताओ को लगते ही कांग्रेस से जुड़े ग्रामीण जन उनके निवास पहुंच कर उनको बधाई और शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने फग्गा महराज की दावेदारी को सही समय में लिया गया सही निर्णय बताते हुए कहा की कार्यकर्ताओ के प्रत्येक सुख दुख में हमेशा खड़े रहने वाले फग्गा महराज को कांग्रेस से टिकट अवश्य मिलनी चाहिए।

विधान सभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने टिकट चाहने वालो से आवेदन लेने की प्रकिया तो पूरी कर ली है और आए हुए आवेदन पत्रों की जांच का जिम्मा के लिए भी कमेटी का गठन कर दिया और जांच कमेटी सभी बिंदुओं की जानकारी एकत्र कर रायशूमारी कर विपपार्टी के संभावित दावेदार के अनुरूप अपने प्रत्याशी के चयन में लगी हुई है, अभी हालाकि कांग्रेस के द्वारा अपने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी नही की गई है ऐसे में लगता है और संभावना है की 2018 चुनाव में हारी सीट और वर्तमान में सिंगल नाम वाली सीट को मिलाकर माह के अंत तक अपनी पहली सूची जारी कर सकती है,लेकिन जब तक कांग्रेस की अधिकृत सूची नही आ जाती तब तक कांग्रेस की टिकट चाहने वालो की धड़कन ऊपर नीचे होते रहेगी।

रेलवे स्टेशन में स्वच्छ स्टेशन थीम का आयोजन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है । 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 19 सितम्बर 2023 को स्वच्छ स्टेशन परिसर थीम पर रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निरीक्षण एवं श्रमदान किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की सफाई सुनिश्चित की गई। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग को करने हेतु यात्रियों को सलाह दी गई। प्लास्टिक बोतल

नष्ट करने वाली मशीन का कार्य करना सुचारू देखा गया रायपुर , दुर्ग ,सिलयारी, कुम्हारी , भाटापारा,भिलाई पावर हाउस, हथबंद, भिलाई नगर, बालोद,तिल्दा,दल्लीराजहरा ,मरोदा एवं मांढर स्टेशनो सहित अन्य स्टेशनों के सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशनों के परिसरों को बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई ।

स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म सामान्यतः ज्यादा गंदे होने वाले जगहों की साफ-सफाई की गई तथा कचरों का निष्पादन किया गया । इसमें स्टेशन परिसर , पटरी के किनारे उगे घास - झाड़ियों, प्लास्टिक कचरे,नालियों की साफ सफाई की गई । जीरो वेस्ट कचरा मुक्त प्लेटफार्म और पटरी को लेकर अभियान चलाया गया । यात्रियों को बताया गया कि पानी की खाली बोतल, चाय व कॉफी के डिस्पोसल स्टेशन परिसर में न फेंके , पानी की खाली बोतलों को बोतल क्रेशर मशीन में डाल दें, ताकि वह रीसाइक्लिंग कर उन्हें दूसरे उपयोग में लाया जा सके । प्लास्टिक बोतलों को क्रेशर मशीन का उपयोग कर स्वच्छता में अपना सहयोग करें इसके साथ ही दैनिक जीवन मे प्लास्टिक का उपयोग ना करने हेतु जागरूक किया गया । इसी तरह लोगो से यह भी अपील की गयी की स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में किसी भी तरह का गन्दगी न फैलाये ।

सड़क निर्माण का पूर्व विधायक ने किया भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक के ग्राम पंचायत खपरी (एस) में 6 लाख, की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल और पूर्व विधायक चैतराम साहू ने किया।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी वरिष्ठ कार्यकर्ता लिलेश्वरी साहू भी विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने धरती मां का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ भूमिपूजन कर समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि का कामना किया। सतीश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा की कांग्रेस की सरकार हमेशा अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर अपनी योजना बनाती हैं। सरकार ने नए राशन कार्ड बनाए साथ ही राशन की मात्रा

बढाई, जबकि रमन सरकार ने अपने ही बनाए माता बहनों के राशन कार्ड को फर्जी बताकर काट दिया। हमारे कांग्रेस सरकार के द्वारा बिजली बिल हाफ, बेरोजगारी भत्ते जैसे योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा हैं। सभी ग्रामीणजनों को छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये।पूर्व विधायक चैतराम साहु ने भी अपने विधायक कार्यकाल के दौरान कराए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रदेश में और भाटापारा में कांग्रेस को जिताने की अपील की।इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सुनील चौधरी सरपंच, खूमेश साहू उपसरपंच, भूनेश्वर साहू गौठान अध्यक्ष, शोभूराम साहू पंच, दिलीप दास पंच, प्रेमलाल साहू, मिलाराम साहू, नीतू यादव, भागवत साहू, अमरनाथ साहू, पिरितराम साहू, केदार मिश्रा, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।।

समाज के गौरव हैं गुहा निषाद राज : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर के टाउन हॉल बेमेतरा में आयोजित महाराजा गुहा निषाद राज चौक एवं निषाद समाज सामुदायिक भवन एवं हाईमास्क लाईट निर्माण के भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम, भक्त गुहा निषाद राज की आरती कर महाराजा भक्त निषाद राज चौक निर्माण 15 लाख, निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण 15 लाख, स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में हाई मास्क लाईट निर्माण 50.97 लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज निषाद समाज के भाइयों के लिए यह दिन ऐतिहासिक और

स्वर्णिम हैं, महाराजा भक्त गुहा निषाद राज चौक का निर्माण कार्य होने जा रहा हैं। मेरा ऐसा मानना हैं पूरे प्रदेश में सबसे पहले नगर पालिका क्षेत्र में चौक की स्थापना हो रही हैं, हम सभी बेमेतरा जिलेंवासियों के लिए गौरव की बात हैं। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के कुशल नेतृत्व के प्रदेश की सरकार समाज के हर वर्ग की खुशहाली के लिए काम कर रही हैं, सभी समाज के लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिले, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। यहां की संस्कृति को पुर्नजीवित कर लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा हैं। प्रदेश सरकार निषाद समाज के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। शिक्षा, रोजगार से लेकर समाज के परंपरागत मछली पालन के व्यवसाय के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जा रहा हैं।

सिटी कार्स में सिट्रोएन सी 3 एयरक्रॉस लांच

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के सरोना स्थित इलेक्ट्रिक सिट्रोएन कार शोरूम सिटी कार्स में गुरूवार को शाम 4 बजे सिट्रोएन कंपनी द्वारा नई एसयूवी सी 3 एयरक्रास मॉडल लांच किया गया।

इस लांचिंग के अवसर पर सिटी कार्स में विशिष्ट अतिथि फाडा के अध्यक्ष मनीषराज सिंघानिया, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी और सिट्रोएन कंपनी के रीजनल सेल्स मैनेजर पीयूष आनंद जी उपस्थित

थे साथ ही कई गणमान्य नागरिकों के साथ सिटी कार्स का पूरा स्टाफ मौके पर उपस्थित थे।

फ्रेंच कार निर्माता सिट्रोएन ने अपनी नई एसयूवी सी-3 एयरक्रास को अनेक खूबियों के साथ कार बाजार में उतारा है इस एसयूवी में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोकलाईजेशन किया गया है और यह मिड साइज एसयूवी भारतीय ग्राहक की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है7 साथ ही यह ईएसपी, हिल होल्ड, टीसीएमएस एवं इंजन ऑटो स्टार्ट/स्टॉप जैसे एडवांस टेक सूट के साथ माई सिट्रोएन कनेक्ट है। फ्रेंच कार निर्माता सिट्रोएन के छत्तीसगढ़ के अधिकृत विक्रेता सिटी कार्स के संचालक कैलाश खेमानी ने बताया कि इस नई एसयूवी सिट्रोएन सी 3 एयर क्रास को लोगों का बेहतर रिस्पांस मिल रहा है।

रावतपुरा सरकार विवि में सेमिनार

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में स्पेशल एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा 21 सितंबर को सीआरई (कंटीन्यूइंग रिहैबिलिटेशन एजुकेशन) ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया है। सीआरई दिव्यांगों का परिचय और दिव्यांग लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) सेमिनार का आयोजन है जिसमें सीआरई कार्यक्रम में श्रीमती सिम्मी श्रीवास्तव, पुनर्वास पेशेवर, डॉ करुप्पा सामी सीडब्ल्यूएसएन के लिए शैक्षिक निहितार्थ और प्रबंधन,राजेश तिवारी, पुनर्वास पेशेवर एवं सुतृप्ति सारस्वत सीआरई समन्वयक के रूप में शामिल हुए। सेमिनार में वस्तुतः 250 से अधिक छात्र भाग लिया हैं जिसमें पंजीकृत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि 8 अलग- अलग राज्यों से सदस्यों ने भाग लिया। सिम्मी श्रीवास्तव आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट रायपुर (सी.जी.) की परियोजना एवं अनुसंधान निदेशक, पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. सिमी श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में दिव्यंगों का संक्षिप्त परिचय दिया, उन्होंने बताया की दिव्यांगता पुनर्वास और विशेष शिक्षा के क्षेत्र मे प्रशिक्षण व कार्यक्रमों के विकास, मानकीकरण के लिए जिम्मेदार है आज हर्ष का विषय है कि हम आज इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रिय स्तर पर कर रहे हैं।

उन्होंने सेमिनार के चार तकनीकी सैशन में केंद्र शासन द्वारा सीआरई सेमिनार में दिव्यांग लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए पेशेवरों के ज्ञान और कौशल को आगे बढ़ाने के लिए संक्षिप्त में मार्गदर्शित किया। सेमिनार की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राज्यगीत से गई तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम ने रविशंकर जी महाराज को नमन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात उन्होंने कहा की ये पहल दिव्यांग लोगों में आत्मविश्वास बढ़ाने की पहल है केंद्र शासन जिन्होंने हमे यह राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार के लिए चुना है हम उनके आभारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. सिंह ने अपने उद्बोधन में रविशंकर महाराज को नमन किया।

यात्री बसें बेलगाम, न टाइम टेबल न स्टॉपेज का ठिकाना

- शहर का नया बस स्टैंड केवल प्रियदर्शिनी
- ठूंस-ठूंस कर भरे जा रहे हैं यात्री

डोंगरगांव/नवप्रदेश। क्षेत्र में चलने वाली यात्री बसों के संचालक प्रशासनिक लगाम नहीं होने से मर्जी के मालिक बने हुए हैं. शहर से आने जाने वाली बसों का न तो कोई टाइम टेबल है और न ही इन बसों के स्टॉपेज को लेकर प्रशासन गंभीर है.

बस संचालकों को दी गई ढील का नतीजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है. बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य परिवहन बसों का संचालन नहीं किए जाने से प्राइवेट बस संचालक चांदी काट रहे हैं. केवल इन प्राइवेट बसों में यात्रा करने वाले ही यात्रियों की परेशानियों का अनुमान लगा सकते हैं. शहर में बसों को रोकने के लिए अघोषित स्टापेज के अलावा सुसज्जित नया बस स्टैंड भी बनाया गया है।

किंतु प्रतिस्पर्धा के चक्कर में यात्री बस संचालक इस बस स्टैण्ड तक ही नहीं बसों ने नहीं ले जाते हैं. शहर के यात्री बसों के आवाजाही और टाईम टेबल का जिम्मा इन्हीं प्राईवेट बसों के स्टैण्ड मुसियों और चेकरों के पास है लेकिन प्रशासन व स्थानीय पुलिस के पास न ही किसी यात्री बस के आने जाने का समय का रिकार्ड है और न ही इस रूट पर चलने वाली यात्री बसों की कोई जानकारी ही उपलब्ध है. सबसे परेशानी का विषय इन बसों में लिये जाने वाला किराया है जिसका कहीं कोई रिकार्ड या सूची नहीं है जिससे यात्री को पता चल सके कि परिचालकों व्दारा लिया जा रहा किराया वास्तविक है कि नहीं.

नये बस स्टैण्ड में बसों का आवाजाही नहीं

शहर के नये बस स्टैण्ड में यहाँ से गुजरने वाली अधिकांश बसों के आवाजाही नहीं होने से यह बस स्टैण्ड पूरी तरह से अनुपयोगी हो चला है. इस बस स्टैण्ड को 2003 में नगर पंचायत अध्यक्ष गणेशराम देवांगन के कार्यकाल में सोनिया गांधी द्वारा उद्घाटित किया गया था, जिसके बाद से अब तक इस बस स्टेण्ड का समुचित उपयोग नहीं किया जा सका है. तत्कालीन समय में इस बस स्टैण्ड को लाखों रूपये की लागत से बनवाया गया था, जिसमें बसों के लिए पर्याप्त जगह के साथ ही यात्री प्रतीक्षालय, सुलभ के साथ ही बड़ी संख्या में दुकानें भी निकाली गई थी और इन दुकानों को बकायदा नीलाम भी किया गया था लेकिन इस नये बस स्टैण्ड में बसों की आवाजाही नहीं होने की वजह से आज भी अनेक दुकानें नहीं खुल सकी और जो खुली वे भी बंद हो गई. वर्तमान ट्रेफिक व्यवस्था को देखते हुए नये बस स्टैण्ड में ही बसों को रोका जाना चाहिए ताकि यात्रियों को सुलभ आदि के लिए यहाँ वहाँ भटकना ना पड़े और यहाँ संचालित होने वाली दुकानें भी आबाद हो सकें।

कंडम बसों में मनमाना किराया

यात्री बसों में यात्री किराया को लेकर परिवहन विभाग व्दारा खुली छूट दी गई है और बस संचालकों व्दारा मनमाना किराया वसूला जा रहा है. टिकट के नाम पर कागज का एक टुकड़ा यात्रियों को थमा दिया जाता है जिसमें न तो किराये का उल्लेख होता है और न ही यात्रा का. डोंगरगांव से राजनांदगाँव की दूरी 25 किलोमीटर की है, जिसमें आरटीओ के नियमों के अनुसार साधारण बस सेवाओं के लिए तय किया गया चार्ज मात्र 32 रूपये है किन्तु यात्रियों से 40 रूपये वसूला जा रहा है, जो कि डीलक्स बस सेवा के बराबर है. यह केवल एक उदाहरण है ।

वनांचल क्षेत्रों का समूचित विकास भूपेश सरकार की प्राथमिकता : अकबर

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बोड़ला नगर पंचायत और जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो के लिए 07 करोड़ 80 लाख 92 हजार रूपए की सौगात दी। मंत्री श्री अकबर ने बोड़ला जनपद पंचायत के 66 ग्राम के विकास कार्य के कलए लिए 04 करोड़ 47 लाख 56 हजार रूपए और बोड़ला नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो के लिए 03 करोड़ 33 लाख 36 हजार रूपए की लागत से 62 कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया।कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि क्षेत्रों का विकास करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं की जानकारी मिलती है। उनकी मांगों के अनुरूप विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किया गया है, जिसका आज भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य होने से क्षेत्र का विकास होगा। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने

कहा कि हमने जो वादा किया था उन सभी वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पूरे किए गए सभी वायदे के बारे में लोगों को विस्तार से भी बताया। उन्होंने कहा की गांव के साथ-साथ नगर का समुचित विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में अनेक योजनाएं बनाई गई है। कार्यकम में नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, उपाध्यक्ष, पार्षदों और ग्राम पंचायत के सरपंचों ने इस सौगात के लिए मंत्री श्री अकबर का आभार प्रकट किया है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने जनपद पंचायत बोड़ला क्षेत्र के 66 ग्रामों के विकास के लिए 04 करोड़ 47 लाख 56 हजार रूपए की बडी सौगात दी। इसमें 84 लाख 90 हजार रूपए की लागत से ग्राम पीपरखुंटा, लूप, सरईपतेरा, रोल, समनापुर, और जामुनपानी में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य किया जाएगा। इसी तरह 85 लाख 80 हजार रूपए की लागत से ग्राम चोरभट्ठी, गंडईकला, सारंगपुर कला, बोदा-47, बरेंडा, खंडसरा में खाद्य गोदाम निर्माण, 19 लाख 16 हजार रूपए की लागत से ग्राम गंडईखुर्द, समनापुर, वार्ड 11 चिल्फी, सुकवापारा में मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 52 लाख की लागत से ग्राम खैरबना कला, चौरा, हरमो, हरमो, रजपुरा, कारेसरा, सिघौरी में सामुदायिक भवन, 36 लाख रूपए की लागत से ग्राम जीताटोला, बैहरसरी, घानीखुंटा, बोदा-47, सिवनीखुर्द, चिल्फी, रौचन, बघर्रा, उसलापुर, रजपुरा, बोईरकछ्रा में रंगमंच निर्माण, 42 लाख रूपए की लागत से ग्राम पेण्ड्री, लूप, रामपुर प्लाट, नागवाही, मुड़वाही, राम्हेपुर कला, छुही में आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 01 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से कंटगी कला, चंडालपुर, राम्हेपुर कला, जैताटोला आदि शामिल है।

कलेक्टर ने विस चुनाव की तैयारियों के संबंध में सेक्टर अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आज जिला पंचायत सभा कक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने सेक्टर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सेक्टर अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत मतदान केंद्रों और रूट चार्ट के सत्यापन प्रतिवेदन की सेक्टर वार समीक्षा की। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि मतदान दलों को सुरक्षित रूप से मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और वापस लाने की जवाबदारी सेक्टर अधिकारियों की होती है। इसके लिए मतदान दलों को सुगमता से मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और मतदान के बाद वापस लाने मतदान केंद्रो का अलग-अलग रूट चार्ट बनाया गया है। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों द्वारा प्रस्ततु सत्यापन प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान उनके प्रभार क्षेत्र के मतदान केंद्रों में मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की

जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं की सुविधाओं और सुलभ तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही मरम्मत योग्य मतदान केंद्रों की मरम्मत, रंग रोगन एवं सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शेड, शौचालय, रैम्प, नेट कनेक्टिविटी आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्रों और रूट चार्ट का अवलोकन कर सभी व्यवस्थाओं से संबंधित अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री टी आर देवांगन सहित एसडीएम और जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारीगण मौजूद रहे।

चुनाव की तैयारी के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में सेक्टर अधिकारियों को सफलतापूर्वक चुनाव संपादन के लिए सौंप गए दायित्वों और दिशा निर्देशों पर चर्चा कर उसके क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में उपलब्ध जरूरी सुविधाओं से अवगत होकर सुविधाओं की क्रियाशीलता की भी जांच करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सहायता केन्द्र की स्थापना के संबंध में जानकारी दी गई। सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस के पूर्व और मतदान दिवस में की जाने वाली जरूरी तैयारियां एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी देकर बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। बैठक में आदर्श मतदान केन्द्र विकसित करने के लिए चयनित केन्द्रों में जरूरी सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

मैनपुर में आजिविका ऋण मेला आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के अग्रणी बैंक के तत्वाधान में आज आजीविका ऋण मेला का आयोजन जनपद पंचायत मैनपुर के सामुदायिक भवन में किया गया। ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। ऋण मेला में 3 करोड़ 49 लाख 47 हजार की राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। शिविर में एनआरएलएम अंतर्गत 87 प्रकरणों में 1 करोड़ 74 लाख रूपये ऋण स्वीकृत की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 1 प्रकरण में 4 लाख 75 हजार रूपये, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगा योजना के 3 प्रकरण में 2 लाख 90 हजार रूपये, मुद्रा योजना के 3 प्रकरण में 19 लाख 80 हजार, सीसी बिजनेस लोन अंतर्गत 9 लाख 50 हजार रूपये, आदिवासी स्वरोजगार योजना के 2 प्रकरण में 40 हजार, एमएसएमई योजना अंतर्गत 2 प्रकरण में 85 लाख रूपये आदि।

कांग्रेस सरकार का सूर्य अस्त होने के कगार पर पहुंचा : बृजमोहन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस की सरकार का सूर्य अस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है बस आप लोगों को इस चुनाव के आखिरी 2 महीने सतर्क सजग और सक्रिय रहने की आवश्यकता है उक्त बातें रायपुर के अजेय विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ग्रामीण कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि इस सरकार ने अपने पांच साल के शासन काल में भ्रष्टाचार, अत्याचार और प्रदेश की जनता को कर्ज में लादने का काम किया है और भाजपा ने इसके पापों को उजागर करने के लिए ही परिवर्तन यात्रा निकाली है जो कि मां दंतेश्वरी धाम से निकलकर यह यात्रा 25 सितंबर को शाम 5:00 बजे भाटापारा आ रही है इस यात्रा को सफल बनाने के लिए आप सब कार्यकर्ताओं की ज्यादा जवाबदारी बनती है क्योंकि इस यात्रा के प्रभारी आपके क्षेत्र के ही विधायक शिव रतन शर्मा है और जब से यह यात्रा मां दंतेश्वरी धाम से शुरू हुई है तब से शिवरतन शर्मा इस यात्रा को सफल बनाने के लिए प्राणपण से जुटे हुए है

आप सब कार्यकर्ता गण अपने क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर 25 सितंबर की प्रस्तावित सभा में लावे ताकि हम इस सरकार के पापों का उजागर आम जनता के सामने कर सकेंगे।

विधायक शिव रतन शर्मा नेकार्यकर्ताओं से शक्ति वार एवं मतदान केंद्र वार समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को यह यात्रा शाम 5:00 बजे पटपर क्षेत्र में पहुंचेगी जहां से यह ओवर ब्रिज होते हुए बस स्टैंड सदर बाजार जय स्तंभ चौक फवारा चौक होते हुए भाजपा कार्यालय के सामने आम सभा में तब्दील होगी जिसे कि राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेता संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंत्री महावर बघेल शहर अध्यक्ष मनेदर सिंह सोनी सत्यभामा साहू पवन वर्मा,रोशन साहू,चंद्रप्रकाश साहू,परस देवांगन, बहोरिक यदु प्यारे रजक सतीश सोनी सोनी गोलू देवांगन सेवक डोंडे सुरेश वर्मा,सेवक साहू,मोदी निषाद,लेखराम वर्मा,राजेन्द्र यादव,पीलू वर्मा,रवि आडिल, पीलाराम वर्मा मोहित वर्मा तिहारु वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

माता देवालय में 'हैपकीडो प्रतियोगिता'

भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदा बाजार जिला 'हैपकिडो संघ' के तत्वाधान में जिला स्तरीय 'हैपकीडो प्रतियोगिता' मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा मातादेवालय स्टेडियम भाटापारा मे आयोजित की गयी। इसमें पूरे जिले से 10 स्कूलों के 130 खिलाडियों ने भाग लिया..इसमें वर्ग (वजन) अनुसार खेले गए विजेता बच्चे बच्चियों को गोल्ड, सिल्वर. कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र. प्रदान किए गए। 'गोल्ड मेडल' प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट खेलने जाएंगे।

इस अवसर पर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुसंता लकरा, जिला हैपकिडो संघ के संरक्षक कैलाश बालानी, जिला हैपकिडो संघ के अध्यक्ष रंजीत दावानी, परमानन्द सचदेव, नरेश आर्य, पार्षद सभापति सुशील सबलानी आर.केफूटान,मुरलीधर राव, सुरेश किंगरानी, प्रशिक्षक पी.सुरेश राव,श्रीमती पी.किरन, शकुन सचदेव, रचना पारप्यानी,शीतल आर्य,कोमल थदवानी, सुमन गोविंदानी राष्ट्रीय निर्णायक नेहा वर्मा, बलराम यादव, अन्नपूर्णा देवांगन, उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला हैपकिडो संघ के सचिव यशवंत ध्रुव ने दी।

33 परिवारों को आवासीय पट्टा और 146 परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक

कवर्धा/नवदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम प्रवास के दौरान नगर पंचायत बोड़ला में 46 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत स्वीकृति पत्र और कवर्धा के स्थानीय विश्राम गृह में कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के 33 परिवारों को आवासीय पट्टा एवं 100 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री अकबर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अब तक

कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों कवर्धा शहर के 1 हजार 569 हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत उनके आशियाने का अधिकार प्रदान किया जा चुका है। उन्होनें कहा कि इस तरह से आगे भी जरूरतमंद व पात्र परिवारों को आवासीय पट्टा का वितरण करेगें। आवासीय पट्टा पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी तथा हितग्राहियों के साथ फोटो भी खिंचाई। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार गरीबों की सरकार है।

एएसपी ऑफिस की मल्टीलेवल पार्किंग में गैंगरेप, 3 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिर एक बार एक नाबालिग से गैंगरेप हुआ है। इस बार मल्टी-लेवल पार्किंग में हुई है। बड़ी बात यह है कि इस मल्टी लेवल पार्किंग में एएसपी दफ्तर भी है। बताया जा रहा है कि नाबालिग से उसके ही ब्वॉयफ्रेंड के दोस्तों ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने गैंगरेप के सभी आरोपियों को पकड़ लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, 17 साल की लड़की रायपुर के पास के एक गांव की रहने वाली है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ उसके दोस्तों से मिलने के लिए जय स्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में पहुंची थी। बताया जा रहा है कि लड़की का बॉयफ्रेंड उसे छोड़कर किसी काम से चला गया था। इस बीच वहां मौजूद युवकों ने लड़की से दुष्कर्म किया। इससे करीब 20 दिन पहले रायपुर के मंदिर हसौद थाना इलाके में भी दो बहनों के साथ गैंगरेप हुआ था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, रेप के आरोपी इसी पार्किंग में ठेका का काम संभालते हैं। लड़की को अकेला पाकर आरोपी उसे गार्ड रूम में ले गए और फिर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद युवती ने गोल बाजार थाने में जाकर घटना की जानकारी दी। नाबालिग से गैंगरेप की शिकायत पर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक 35 साल का अविनाश बहरा अरविन्द नगर का रहने वाला है। वहीं 31 साल का सिकंदर जैन कांकेर का रहने वाला है। इसके अलावा तीसरे आरोपी का नाम गौरव राज है।

दिव्यांग सूजल का बना नया राशन कार्ड

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सर्वभौम पीडीएस का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को निःशुल्क 10 किलो चावल प्रदाय किया जाता है। गरियाबंद जिले के ग्राम कुंडेल निवासी दिव्यांग बालक सूजल को अब शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन मिलेगा। जनचौपाल में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा को ग्राम कुंडेल निवासी सूजल ने राशन कार्ड दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै सौरभ कुमार साहू पिता धन्नू राम साहू निवासी मितान चौक सुभाष नगर दुर्ग 491001, निवास करता हूं -

मैं शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं कि मेरे अपना यह पुराना नाम सौरभ कुमार साहू त्याग कर नया नाम सौरभ साहू रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्थशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नया नाम सौरभ साहू से ही जाना पहचाना जावे।

सौरभ साहू
मितान चौक सुभाष नगर
दुर्ग(छ. ग.) 491001

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़

eegar-phe-cg@nic.in

निविदा निरस्तीकरण

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एजेंसी/ठेकेदारों से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के निर्णय अनुसार अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। शीघ्र ही पुनः ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जावेगी।

सिस्टम क्रमांक/जी.क्र./दिनांक

129742, 129660, 129649, (G-00225/1 दिनांक 15.04.2023)
129827, 129811, 129816, 129812, (G-00846/1 दिनांक 03.05.2023)
134110, 134126, (G-1308 दिनांक 19.05.2023)
155928, (G--98862/2 दिनांक 26.02.2023)

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
गरियाबंद (छ.ग.)

जी-05535/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा

-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-

नि.क्र.-10/व.ले.लि./23-24 — दिनांक 15/09/2023

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए ''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र “A-e” में प्रतिशळत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	Construction of Cement Concrete Road from Community Health Center to Main Road (50 Seater Boys Hostle and High School Building. Portacabin Mokhpal to Main Road) Block Katekalyan, Length 220.20 MTRS	11.74	29/09/2023 प्रत्येक कार्य के लिए)
2	Construction of Cement Concrete Approach Road at Kuakonda Parta Cabin No. 01 From 100 Beded Hostle to High School Building to Main Road Block-Kuakonda, Length 151.00 MTRS	7.95	
3	Construction of Cement Concrete Approach Road from Porta Cabin to High School Chitalur to Main Road Block-Dantewada, Length 88.50 MTRS	4.67	
4	Construction of Cement Concrete Approach Road From Police Thana Campus Kuakonda to Main Road Length 220.20 M Block - Kuakonda	11.74	
5	Construction of Cement Concrete Approach Road from from Higher Secondry School Palnar to Main Road Block Kuakonda, Length 267 00 MTR	14.02	
6	Construction of Cement Concrete approach Road from Vetenery Hospital Kuakonda to Main Road Block-Kuakonda, Length 80.00 MTRS	4.23	
7	Construction of Cement Concrete Approach Road from Sahid Virnarayan Singh Multipurpose Former Information Center to Main Road Block Kuakonda, Length 106.70 MTR	5.67	
8	Construction of Cement Concrete Approach Road from Tahasil Office Bacheli to Main Road Block-Kuakonda Length 44.00 MTRS.	2.34	
9	Construction of Cement Concrete approach Road from Night Landing Helipad Aranpur to Main Road Block-Kuakonda, Length 132.80 MTR	7.03	
10	Construction of Cement Concrete Approach Road from 100 Beded Girls Hostle to Main Road Block Katekalyan. Length 133.20 MTRS	7.01	
11	Construction of Cement Concrete Approach Road from Govt. Arvind College Kirandul to Main Road Block Kuakonda, Length 96.00 MTRS	5.15	
12	Construction of Cement Concrete Approach Road at Parta Cabin From 100 Beded Boys Hostle Banglur to Katekalyan Block-Katekalyan, Length 133.20 MTRS	7.01	
13	Construction of Cement Concrete Approach Road from from Higher Secondry School Kalarpara Mailawada to Main Road Block Kuakonda, Length 43.90 MTR	2.38	

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के “Live Tender” Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग, दंतेवाड़ा

जी-05510/4

राजस्व मामले की नोटिस

न्यायालय तहसीलदार पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद

राजस्व प्रकरण क्र.- 202211120800026
मामले की विषय- ब-121
(विविध सामान्य राजस्व मामले)

पक्षकारों का विवरण

आवेदक पक्षकार- जहजराम, सहजराम, तिहारू, चैतराम, सुन्दरलाल

भूमि का विवरण जिसके संबंध में विवाद विचाराधीन है।

जिला महासमुंद तहसील पिथौरा प.ह.नं. 00008 ग्राम (खसरा(रकबा) लोहराकोट आवेदक/अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है।

नाम- चैतराम पिता सहसराम, पता- ग्राम लोहराकोट

आपको सूचित किया जाता है कि उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख 22/09/2023 दिन के 11 बजे स्थान, न्यायालय तहसीलदार पिथौरा पर होगी।

नोटिस दिनांक 25/08/2023

नोटिस क्रमांक-004
राजस्व अधिकारी
सील — पदनाम (तहसीलदार)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम निर्मलकर आ. स्व. अगर सिंह साकिन बघेरा द्वारा ग्राम बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 256/3 रकबा 0.0080 हे. जो उसके स्व. अगर सिंह निर्मलकर आ. स्व. सुखऊ निर्मलकर के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई दिनांक 06/10/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4/9/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार दुर्ग**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित ढांचा भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखंड/भवन क्र. ढांचा-483 श्री कुन्दनसिंह चौहान पिता स्व. मंगल सिंह चौहान को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 10/03/2005 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 03/08/2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती मीरा देवी पति श्री मनोज कुमार सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यता बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 (छ.ग.)

रा. 202223530107800003
अ/06/ 2022-23 00003

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतराम पिता स्व. राम कुमार निवासी थनौद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा थनौद तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 279/2, 485/2, 807/2, 1444/2, 2315/2 कुल रकबा 0.9800 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे आवेदक एवं सहखातेदार के नाम से शामिलात खाते में दर्ज है। आवेदक के माता सुमित्रा बाई पति स्व. राम कुमार की मृत्यु दिनांक 26/07/2023 को जाने के कारण उनके वारिसान का नाम पूर्व से दर्ज है तथा मृतक का नाम विलोपित कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05/10/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/09/2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा जनता कॉलोनी तिलक नगर गुढ़ियारी रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना में से भवन क्रमांक जनता 757 श्रीमती जी. नीरजा श्रीनिवास पति श्री जी. श्रीनिवास को ऑफर/एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। उनके द्वारा लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख निष्पादन नहीं कराया गया है। उनके द्वारा संयुक्त आवेदन, शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5278-79 दिनांक 08.09.2023 के द्वारा उक्त भवन (1) श्रीमती जी. नीरजा श्रीनिवास पति श्री जी. श्रीनिवास एवं (2) श्री प्रदीप पिल्लई पिता स्व. श्री पी.के. पिल्लई के संयुक्त नाम पर किया गया है तथा मण्डल के परिपत्र क्र. 19 दि. 06.07.2020 के अनुसार श्रीमती जी. नीरजा श्रीनिवास द्वारा उक्त भवन श्री प्रदीप पिल्लई पिता स्व. श्री पी.के. पिल्लई के एकल नाम पर नामांतरण करने हेतु दिनांक 14.09.2023 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तदुपरांत श्री प्रदीप पिल्लई द्वारा उक्त भवन अपने एकल नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री प्रदीप पिल्लई पिता स्व. श्री पी.के. पिल्लई के एकल नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी, एवं भवन / भूखण्ड का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

खैरागढ़ से बीजेपी प्रत्याशी विक्रांत के खिलाफ कांग्रेस में कैंडिडेट को लेकर असमंजस

- **घरवापसी के बहाने कपिनाथ ने दिखाई संगठन को ताकत, यशोदा भी पड़ रही हैं भारी**

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के अंदर खाने में टिकट को लेकर काफी घमासान मचा हुआ है। जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आते जा रही है वैसे-वैसे राजनीतिक सर गर्मी अब तेज होते जा रही है। कांग्रेस में अभी यह तय नहीं है कि किसे टिकट मिलेगी , जबकि भारतीय जनता पार्टी से राजनांदगांव जिला पंचायत सदस्य (उपाध्यक्ष) विक्रांत सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया गया है। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से टिकट की चाह रखने वालों की लंबी फेहरिस्त है। कांग्रेस पार्टी ने टिकट के लिए आवेदन की प्रक्रिया अपनाई थी , जिसमें खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से साढ़े चार दर्जन लोगों ने आवेदन जमा किया था। इसमें से बहुत से लोगों ने मात्र आवेदन जमा करने की औपचारिकता निभाई थी। जिसमें से बहुत से एसे लोग थे जिनका अपना स्वयं का कोई ठिकाना नहीं है, परंतु उन्होंने टिकट की मांग की थी। इन दिनों कांग्रेस की टिकट से सबल दावेदार के रूप में वर्तमान विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, उत्तम सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल एवं कपिनाथ महोबिया तथा दशमत जंघेल भी टिकट के प्रमुख दावेदारों में से हैं।

हम उपरोक्त प्रत्याशियों में से ही किसी एक को मिले इस बात पर इनके नाम की मुहर तो नहीं लगा सकते किंतु वर्तमान परिवेश में जिस तरह का माहौल व्यपात है साथ ही उपरोक्त चारों प्रत्यासीयों की जिस तरह से सक्रियता देखने को मिल रही है। जीसके चलते आमजनता एवं सोशल मीडिया में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है, उसे देखकर हम भी यही कयास लगा ही सकते हैं। खैर... ये संभावित नाम हैं जिनके विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं।

इनमें से कुछ प्रत्याशीयों में से एक ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके दावेदारी को लेकर उनका समाज खुलकर सामने आकर उनके लिए टिकट की मांग कर चुका है। हम बात कर रहे हैं कपिनाथ महोबिया की जो बरई समाज से हैं साथ ही छुईखदान तहसील के स्थानीय निवासी हैं। जिनके लिए खैरागढ़ विधानसभा अंतर्गत इनका समाज एकजुट हो गया है। वहीं आज यह भी देखने को मिला कि कपिनाथ महोबिया के द्वारा खैरागढ़ विधानसभा अंतर्गत अपने पैतृक ग्राम शाखा कोर्याय में गृह प्रवेश के बहाने सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को इक्कीठा करके अपनी ताकत भी दिखा दिया है। जिसकी चर्चा आज पूरे दिन खैरागढ़ विधानसभा में होती रही है। कपिनाथ महोबिया वर्तमान में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक यशोदा वर्मा के विधायक प्रतिनिधी हैं। महोबिया कांग्रेस पार्टी के लिए कोई नया चेहरा तो नहीं है इन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में काफी उतार चढ़ाव देखें हैं साथ ही कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य किया है।

फिलहाल कांग्रेस पार्टी जातीय समीकरण तोड़ कर विक्रांत के आगे अपनी पार्टी से किस पर भरोसा जताती है यह देखना अभी बाकी है। वैसे तो खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कभी कांग्रेस तो कभी बीजेपी का पुराना गढ़ रहा है किंतु पिछले पंचवर्षीय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को छोड़कर जेसीजे पार्टी में प्रवेश कर दिवंगत विधायक राजा देवव्रत सिंह ने दोनों पार्टियों को पछाड़ते हुए क्षेत्रीय पार्टी जेसीजे को जीत दिला कर विजय ध्वज लहरा दिया था। आपको बता दें कि उस वख्त भी दिवंगत विधायक राजा देवव्रत सिंह के पार्टी में कपिनाथ महोबिया साथ थे शायद उन्हें भी कपिनाथ महोबिया के राजनीतिक अनुभव का काफी लाभ मिला होगा। यदी कांग्रेस पार्टी कपिनाथ महोबिया को अपना प्रत्यासी बनाता है तो इन्हें खैरागढ़ , छुईखदान , गंडई स्थान से आमजनता का सीधा समर्थन मिलेगा चूंकि महोबिया आमजन एवं किसानों से सीधे जुड़े हुए हैं।

राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा के लिये चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। धमतरी में होने वाली 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता के लिए अंचल से सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता 21 से 24 सितंबर तक होगी।नेटबॉल खेल के प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत विगत दिनों जिला अधिकारी आर के शर्मा के मार्ग दर्शन में क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत नेटबॉल 14,17,19, वर्ष बालक,बालिका का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में हुआ था जिसमे अंचल के खिलाड़ी सभी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किए थे तथा खिलाड़ियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन किया गया।

श्री पंसारी ने बताया की 14 वर्ष बालक में डोमेंद सेन, चंद्र कांत शाउमा शाला तरेंगा, आदित्य देवांगन,निखिल, धानेंद्र, मार्डर्न स्कूल, 14 वर्ष बालिका में योगिता साहू, ट्विंकल साहू, शा उ मा वि तरेगा,अनुषा पंसारी गुरुकुल स्कूल,मुस्कान दिवाकर,डिंपल समतानी कुस्मिता चतुर्वेदी सेंट मेरी स्कूल, 17 वर्ष बालक में सुजल देवांगन, राहुल धीवर, मोहन साहू, चंचल यदु शिवलाल मेहता स्कूल के खिलाड़ी चयनित हुए है।

खैरागढ़ के राजा गणेश के लिए बना 65 फीट ऊंचा पंडाल

खैरागढ़/नवप्रदेश। मंगलवार को शहर सहित इलाके मे जगह जगह विघ्नहर्ता गणेश की प्रतिमा का विधिविधान से स्थापना की गई। इसी के साथ गणेशोत्सव की शुरूआत भी हो गई। शहर के कई जगहो पर सोमवार शाम को ही बाजे गाजे डीजे के साथ गणेश प्रतिमा स्थापना का क्रम शूरू हो गया था। सोमवार को बड़ी संख्या मे ग्रामीण इलाको मे ले जाने वाली प्रतिमाओं को भी विभिन्न वाहनो से ले जाने का क्रम चलता रहा । मंगलवार सुबह से घरो कार्यालयों में स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमाओं का ले जाने का क्रम दिनभर चलता रहा । इस दौरान शहर के बरेठपारा मे मेले सा माहौल रहा। शहर के लगभग सभी प्रतिमाएँ इसी इलाके में बनाई जाती है ।

पंडाल शिव आदियोगी स्वरूप में

शहर के फ्तेह मैदान में बिराजने वाले खैरागढ़ के राजा के नाम से प्रसिद्ध गणेश प्रतिमा सोमवार शाम को विधिविधान से विराजित की गई । समिति द्वारा इस बार आदियोगी स्वरूप पंडाल का निर्माण किया गया है। शहर में गणेशोत्सव की भव्य तैयारियाँ पूरी होने के बाद बाजे गाजे के साथ शहर सहित इलाके मे गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम दिनभर चलता रहा। विभिन्न जगहो पर स्थापित करने गणेश की विशाल प्रतिमाओ का निर्माण किया गया है। शहर में फ्तेह मैदान सहित, राज फैमिली, बस स्टैण्ड, सिविललाइन, खम्हरिया, टिकरापारा, गोलबाजार, पूराना स्टैण्ड, तुरकारीपारा, ठाकुरपारा, बरेठपारा, बख्शीमार्ग, इतवारी बाजार,दाउचौरा, किल्ला पारा, धरमपूरा, अमलीपारा, सोनेसरार धनेली, लालपूर, मोंगरा, अमलीडीहखुर्द वार्ड मे प्रतिमाएं विराजित की गई। ग्रामीण इलाको में भी प्रतिमाओं के ले जाने का क्रम चलता रहा इसके बाद स्थापना की गई। शहर में कई जगहो पर आकर्षक पंडाल के साथ साथ विशेष साजसज्जा की गई है।

सरेराह गाली गलौज करने वाला युवक गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला मे आपराधिक व असमाजिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं अति.पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में 19 सितम्बर को पेट्रोलिंग दौरान ग्राम कैलाशगढ तिराहा में अनावेदक विजय रजक पिता चंद्र कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी कैलाशगढ़ थाना लवन को गाली गुप्तार कर लोगों को परेशान करते पाए जाने पर एवं समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर अनावेदक को धारा 151 जाफौ. के तहत गिरफ्तार कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. भारत भुषण पठारी एवं पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

जीवन में उन्नति चाहते हो तो झुकना सीखो : अभिषेक

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह पंच बालयती दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा छत्तीसगढ़ में पर्यूषण पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्यूषण पर्व का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म है। प्रातः काल 7:00 बजे मंगलाष्टक प्रारंभ किया गया, 7:30 पर अभिषेक प्रारंभ हुआ ,आज की शांति धारा का सौभाग्य नवीन गदिया एवं अभिनव मोदी को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती संपन्न हुई ।मंगल आरती के पश्चात सभी ने मिलकर पर्व पर धूमधाम से पूजा प्रारंभ की सर्वप्रथम नव देवता की पूजा ,सोलहकारण पूजा, पंचमेरू पूजा, दसलक्षण पूजा संपन्न हुई।

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक जी ने कहा धर्म का दूसरा लक्षण है उत्तम मार्दव ,संस्कृत भाषा का शब्द है, जो मृदु है कोमल है उसका जो भाव है उसे मार्दव कहते हैं। मद के नशे में व्यक्ति मदमस्त हो जाता है और वह अपने को उच्च तथा दूसरों को तुच्छ समझने लगता है। वह अपनी प्रतिष्ठा के लिए दूसरों की निंदा व अपनी प्रशंसा करता है , अभिमानी व्यक्ति मान सम्मान की प्राप्ति के लिए सब कुछ करने को तैयार रहता है। यहां तक की अत्यंत मेहनत से कमाए धन को भी पानी के तरह बहाने को तैयार हो जाता है। मान कषाय को छोड़ना अत्यंत कठिन है, घर बार स्त्री पुत्र सब छोड़ देने पर भी मान नहीं छूटता ,अच्छे-अच्छे महात्माओं को भी आसान की ऊंचाई के लिए झगड़ते देखा जा सकता है ।जिस प्रकार क्षमा धर्म का विरोधी क्रोध है उसी प्रकार इस मार्दव धर्म का विरोधी मान है। यह संसारी प्राणी अनादि काल से मान अपमान के झूले में झूल रहा है, और इसलिए दुखी हो रहा है। हमारे दुख का मूल कारण हमारा अपना अहंकार है। हम जब भी परमात्मा के द्वार पर अहंकार को लेकर जाते हैं ,तो हमें द्वारा बंद मिलते हैं। साधना करने के उपरांत भी परमात्मा के दर्शन नहीं मिलते, अहंकार का विसर्जन करने के बाद ही परमात्मा के दर्शन हो सकते हैं।

भाटापारा रेलवे स्टेशन में चला स्वच्छता अभियान

- **एसीएम राजेश शाह ने भी लगाई झाड़ू**

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्वच्छ स्टेशन परिसर थीम पर

रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर निरीक्षण एवं श्रमदान किया गया। इसी कड़ी में भाटापारा स्टेशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक राजेश साह द्वारा स्टेशन परिसर मे स्वयं झाड़ू लगाकर लोगो को जागरूक किया एवं वहाँ के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

रायपुर मंडल के सभी स्टेशनो के प्लेटफार्म की सफाई स्टेशन सफाई कर्मचारियों के साथ उपकरण और सुरक्षात्मक गियर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। रंग कोड के आधार पर कूड़ेदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। भाटापारा स्टेशन सहित मंडल के अन्य स्टेशनों के सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशनों के परिसरों को बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म सामान्यतः ज्यादा गंदे होने वाले जगहों की साफ-सफाई की गई तथा कचरों का निष्पादन किया गया। इसके साथ ही स्टेशन सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें किसी भी तरह का कचरा स्टेशन परिसरों, प्लेटफार्म और पटरियों पर न फेके उसे डस्टबीन में ही डाले। स्टेशनों के परिसरों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें और स्वच्छ रेल - स्वच्छ भारत बनने में अपनी अहम् भूमिका अदा करें और रेलवे को अपना सहयोग प्रदान करे।

महिला आरक्षण पर केन्द्र की नियत साफ नहीं : ध्रुव

नगरी/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन के नाम पर महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किया है। इस पर सवाल उठाते हुए सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पर मोदी सरकार की नियत साफ नहीं है। देश की आधी आबादी को साधने के नाम पर उनके साथ सिर्फ धोखा किया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार महिलाओं की वाकई हितैषी होती तो महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू किया जाता, लेकिन सरकार में जानबूझकर विधेयक में ऐसा प्रावधान किया है।

ऋषि पंचमी में हुआ भजन कीर्तन

नगरी/नवप्रदेश। अमलीपारा, चालीपारा, मुड़ापारा और अन्य स्थानों पर भजन कीर्तन कर धुमधाम से ऋषि पंचमी मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के जडी बुटी और श्रीफल भगवान को भोग लगा कर पूजा अर्चना की गई। सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में जडी बूटी और श्रीफल भी वितरण किया गया। ऋषि पंचमी के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग पूजा अर्चना करने पहुंचे हुए थे।पूजा अर्चना कर धूम धाम से विर्सजन किया गया। विसर्जन के बाद प्रसाद के रूप में भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। जिसमें गुरु फागुराम साहू, टीकम साहू,गुरु भाई राधेश्याम साहू, परषोतम साहू, भवरलाल साहू, उमेश कुमार साहू, गाडाराय साहू, कमेशवर देवागन ,नारद साहू, राज साहू, संन्तराम नेताम, सुरेश कोर्राम, प्रताप मराकाम, उमेद मराकाम, केवल साहू, एवं शिष्य एकांत भारती, शिवम देवागन,बलराम भारती, हुलेशवर साहू, सतीश निषाद ,मनीष साहू ,नरेंद्र साहू, एवं समस्त भक्तगण उपस्थित थे।गणेश घाट सिहावा में ऋषि पंचमी धूम धाम से मनाया गया। ऋषि पंचमी समिति सिहावा के अध्यक्ष बलदेव निषाद के अगुवाई में महानदी के उदगम स्थल गणेश घाट सिहावा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी

संख्या में गुरू भाइयों व आमंत्रित जनों ने गुरु आश्रम में पूजा अर्चना कर औघट बाबा,व अन्य देवी देवताओं को माथा टेका व प्राचीन ऋषि परम्परा का निर्वहन करते हुए दुर्लभ जड़ी बूटियों का सेवन किया।कर्यक्रम के प्रारंभ में गढ़ की देवी देवताओं,ऋषि मुनियों की परम्परानुसार परघोनी ,स्वागत सम्मान ,पूजा अर्चना किया गया। गुरु भाईयों ने क्रमवार होकर गुरु महाराज से आशीर्वाद लिया।तथा नये गुरु भाइयों को जनकल्याण व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देते हुए पाठ पीढ़ा गुरु महाराज द्वारा प्रदान की गई। इस मौके पर गुरु आश्रम पहुँचे पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, कर्णेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने उपस्थित जनों को ऋषि पंचमी की शुभकामना प्रदान की।

कॉलेज में वेलकम फ्रेशर पार्टी में दिखी केमेस्ट्री

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम एस सी रसायनविज्ञान 2023 - 24 बैच के सीनियर छात्रों ने जुनियर छात्रों को प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव, प्रो. मनीषा नायक विभागाध्यक्ष रसायन के उपस्थिति में वेलकम फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के तैलचित्र पर दीपप्रज्जवलन, माल्यार्पण, सरस्वती वंदना पश्चात अतिथियों का स्वागत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विज्ञान विषयों में प्रायोगिक कार्यों पर विशेष ध्यान रखने कहा। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने ओजोन दिवस पर ओजोन परत के महत्व बताते हुए, ओजोन परत संरक्षण को रेखांकित किया। ओजोन परत के क्षरण पर चिंता व्यक्त करते हुए पौधारोपण करने, प्रदूषण नियंत्रण हेतु वाहनों के अनावश्यक उपयोग,एयर कंडीशनर एवं रेफ्रिजरेटर पर निर्भर कम रहने कहा। प्रकृति संतुलन संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं को जन-जागरूकता लाने पर जोर दिया। प्रो. मनीषा नायक

विभागाध्यक्ष ने एम एस सी रसायनविज्ञान छात्र छात्राओं को लक्ष्य बनाकर एकाग्रता और अनुशासित रुप से प्रतिदिन अध्ययन की बात कही। प्रो. सुरेश आडवानी इको क्लब प्रभारी ने ग्लोबल वार्मिंग पर पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्पित होने कहा। प्रो.सृष्टि वर्मा भूगोल ने ओजोन दिवस पर विचार रखे, छात्रों को कैरियर निर्माण हेतु कड़ी मेहनत की बात कही। प्रो. मुकेश वाधवानी ने दायित्वों के निर्वाहन को समझाया। प्रो. सतीश माहला ने उन्नति हेतु लिफ्ट की जगह सीढ़ियों को उचित ठहराया। डा. उम्मेद चंदेल ने कविता के माध्यम से हिन्दी भाषा की उपयोगिता पर विचार रखे। रसायनविज्ञान परिषद गठन में भूमिका देवांगन अध्यक्ष, रंजना वर्मा उपा., लता वैष्णव सचिव, ऐश्वर्या वर्मा सहित राकेश, कविता, नेतराम,नगमा नियाज़ी, प्रिया वर्मा, नंदकिशोर, कल्पना, नेहा, उमा, संजय, खोमेश आदि कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए। फ्रेशर पार्टी में मिस फ्रेशर नगमा नियाज़ी एम एस सी रसायनविज्ञान एवं मिस्टर फ्रेशर संजय को छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने बधाई शुभकामनाएं दी। वेलकम फ्रेशर पार्टी में समस्त प्रोफेसर स्टाफ कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। बांस गीत प्रस्तुति सहित कार्यक्रम संचालन राकेश वर्मा छात्र एवं आभार प्रदर्शन प्रो. मनीषा नायक विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात सीनियर छात्रों ने जुनियर छात्रों को उपहार प्रदान किया।

सट्टे का आरोपी गया जेल

- **लगभग 46500 रूपये का माल मशरूका बरामद**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के अपराध की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है कि 20 सितम्बर को थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे थाना पलारी के द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम संडी में बस स्टैण्ड के पास आरोपी मोहित भारती पिता धनीराम भारती उम्र 21 वर्ष सा. ग्राम गातापार को लोगो को सटटा नामक जुआ खेलाते मिलने पर रंगे हाथ पकडा गया उपरोक्त के विरूद्ध धारा 06 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी 01 पन्ना, सटटा का नगदी रकम 3530 रू., डाट पेन , इस्तेमाली कार्बन ,एक रियलमी नारजो मोबा. फोन 50 आई जिसका आईएमईआई नंबर 860633052547731, 860633052547723 है जिसमे एक जियो सिम नंबर 6268041908 लगा हुआ है कीमती 8000/रूपये , एक टीविएस अपाचे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 टी 5370 किमती लगभग 35000 रूपये को जप्त कर धारा 6 छ.ग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर, प्र0आर0 63 मो0 अरशद खान एवं प्र0आर0 77 नवीन कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

'रमन' ने कहा - मैं कवर्धा से क्यों नहीं लड़ता चुनाव और दिया ऐसा जवाब

- **टीएस सिंहदेव ने की पीएम मोदी की तारीफ**
- **इस बात पर रमन सिंह ने लगाया ठहका**
- **रमन बोले, दिल की बात सुने दिलवाला**

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय में परिवर्तन यात्रा के दुसरे दिन जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता रखी गई, जिसमें भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज नेता शामिल हुए। डा.रमन सिंह ने केन्द्र सरकार के 9 वर्ष व पूर्व राज्य सरकार के 15 वर्षो के बारे में अपनी बातो को रखते हुए कहा कि भाजपा ने जहां पूरे छत्तीसगढ मे सडको का जाल बिछाया था, वही वर्तमान सरकार रिपेरिंग भी नही करा पा रहा हैं। उन्होने आगे कहा कि आज पूरे छत्तीसगढ में भय का माहौल निर्मित हो चूका है। भिलाई में जहां दो युवाओ पर हिन्दूस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाए जाने के बाद जहां उनकी निर्मम हत्या कर दी गई वही भगवा ध्वज के अपमान को अभी छत्तीसगढ के लोग भूल भी नही पाए है। इसके साथ ही उन्होने आगे कहा कि नशे के मामले छत्तीसगढ उडता पंजाब की तरह दिखाई देने लगा है।

मीडिया के सवाल पर जवाब देते हुए डा.रमन सिंह कहा कि टीएस सिंहदेव ने दिल की बात सुने दिलवाया कहते हुए उनकी बातो पर अपना समर्थन देते हुए सही है कहा। वहीं लोगो का जनआर्शीवाद उन्हे मिल रहा है और आज पूरा युवा वर्ग परिवर्तन यात्रा में बडी सख्या में उत्साह के साथ शामिल भी हो रहे है। सवाल- कही टीएस सिंहदेव भाजपा के टच मे तो नही, इस प्रश्न पर डा.रमन सिंह सहित सभी दिग्गज नेता जमकर ठहाका लगाकर हसने लगे, और कहा टीएस सिंहदेव को पता था कि दूसरी बार कांग्रेस की सरकार शायद नही आएगी। और उन्होने जो तारिफ किया था वो उनके विभाग में हुए कार्यो को लेकर किया गया। किंतु आज कांग्रेस माफी मंगवाने के लिए दबाव बना रहा है , तो कही किसी का गला दबाया जा रहा है। इन सब के बावजूद कुछ बच गया तो पुलिस का उपयोग लिया जा रहा है। इसके साथ ही डा.रमन ने कवर्धा के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि कवर्धा वाले इनके झांसे में आने वाले नही है। पांच साल पहले से मेडिकल कालेज का झूनझूना पकडाने का काम कांग्रेस कर रही है। लेकिन अब तक यह पूरा नही हो पाया। पांच साल से कुछ भी विकास कार्य कांग्रेस नही कर पाई लालू ने तो चारा घोटाला किया था, पर भूपेश उससे एक कदम और आगे निकले और गोबर घोटाला कर दिया। छत्तीसगढ में भय भ्रष्टाचार और असुरक्षित का माहौल निर्मित हो चुका इन मुद्दो को लेकर वे जनता के बीच पहुचेगें। डा.रमन सिंह ने छत्तीसगढी में नारा बोलते हुए कहा कि बदलबो बदलबो ए दरी कांग्रेस के सरकार ल बदलबो। इसके साथ ही जब कवर्धा व पंडरिया विधानसभा के प्रत्याशियो के नाम पर कब तक मुहर लगेगी तब उन्होने कहा कि यह फैसला दिल्ली से होने को है। सभी प्रत्याशियो के नाम भेजे जा चुके है। बहुत जल्द जनता के बीच हमारे दोनो विधानसभा से प्रत्याशी होगे। डा.रमन से पूछा गया कि वे कवर्धा विधानसभा से चुनाव क्यो नही लडते तो उस पर उन्होने कहा कि दोनो विधानसभा से जो भी प्रत्याशी चुनाव लडेगा मानो डा.रमन सिंह चुनाव लड रहा है।

परिवर्तन यात्रा के प्रभारी शिवरतन शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आज छत्तीसगढ़ के कोने कोने में अपराध बढ़ रहा है एक संयोजित ढंग से सनातन को क्षति पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ऐसी भयावह स्थिति से जनता त्रस्त होकर के छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का मन बना करके बैठी है और निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा।

नगरी सिहावा क्षेत्र में नवाखाई कल

नगरी/नवप्रदेश। नगरी गोंडवाना समाज तहसील नगरी की गोंडवाना भवन नगरी में बैठक संपन्न हुई। जिसमें आदिवासी संस्कृति, भाईचारा का प्रतीक एवं प्रकृति शक्ति की महान आस्था का पर्व नवाखाई को 23/9/2023 भादो शुक्ल पक्ष नवमी के दिन अपने-अपने घरों पर परिवार के साथ मनाने एवं 8/10/2023 को विशाल रूप से तहसील स्तर पर नवाखाई मिलन समारोह मनाने समाज वालों ने अपील किया है। बैठक में गोंडवाना समाज तह. अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, उपाध्यक्ष हरक मंडावी, सचिव भावसिंह कोर्राम, युवा प्रभाग अध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, उपाध्यक्ष दिनेश मंडावी, उत्तम नेताम, सचिव शत्रुघ्न साक्षी,सहसचिव श्यामसुंदर नेताम, कर्मचारी प्रभाग आसत समरथ उपक्षेत्र अध्यक्ष रामसिंह समरथ, टिकेश्वर ध्रुव, सुखराम मरकाम, शोभाराम नेताम, राजू कवाडे, संतोष नेताम, सुनाराम नेताम, देवनाथ नेताम तहसील सदस्य मुंगेश मरकाम, जोहतराम नेताम, कृष्णा भास्कर, भगवानसिंह मरकाम, रवि मरकाम, कंवलसिंह ठाकुर, दलगंजन मरकाम उपस्थित रहे।

दैनिक नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

सीजी पीएससी भर्ती : सीएम बोले- कोर्ट का जो आदेश आएगा होगा पालन

रायपुर/नवप्रदेश। सीजी पीएससी में गड़बड़ी मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद सियासी बवाल मच गया है। विपक्ष इसे मुद्दा बनाकर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोल रही है। इस मामले में गुरूवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान दिया है। सीएम ने कहा कि कोर्ट जैसा आदेश करेगा हम करेंगे। अभी जांच करा रहे हैं। कोर्ट के आदेश का हम लेग पालन करेंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में आरोप लगाया था कि अफसरों और नेताओं के रिश्तेदारों की नियुक्ति कर दी गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चयनित 15 नियुक्तियों पर रोक लगा दी है। कोर्ट को 18 नामों की एक सूची सौंपी गई है, जिनका सलेक्शन हुआ है। इनमें पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी (पूर्व इसलिए क्योंकि सोनवानी रिजल्ट जारी करने के दूसरे ही दिन पद छोड़ चुके हैं) के बेटा- बहू व अन्य रिश्तेदारों के साथ ही कुछ अफसरों और नेताओं के रिश्तेदारों के नाम शामिल हैं। बुधवार को कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने हाईकोर्ट में कहा है कि शासन मामले की स्वयं जांच कर हाईकोर्ट के समक्ष पूरी रिपोर्ट और जवाब प्रस्तुत करेगा। साथ ही मामले की अगली सुनवाई तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आरोप लगा है और उनकी नियुक्ति नहीं हुई है, उनकी नियुक्ति को अंतिम रूप नहीं दिया जाएगा। जिनकी नियुक्तियां हो चुकी हैं, उन पर यथास्थिति रखते हुए न्यायालय का अंतिम आदेश लागू किया जाएगा। शासन के इस वक्तव्य को रिकार्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने याचिका पर अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को रखी है।

2024 चुनाव में लागू हो महिला आरक्षण

***रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिला आरक्षण बिल को लेकर बयान दिया है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा बिल का कांग्रेस ने समर्थन किया। शुरू से इस बिल की समर्थक रही है कांग्रेस। उन्होंने कहा जल्द से जल्द 2024 के चुनाव में लागू किया जाए। भारतीय जनता पार्टी चाहती हैं 2029 के बाद आए पर कांग्रेस की मांग हैं 2024 में बिल आना चाहिए। महिला आरक्षण बिल पर सीएम बघेल ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के सदस्य के लिए महिला आरक्षण बिल लाया गया है। उसको कांग्रेस ने समर्थन किया. लेकिन इसका इंप्लीमेंट तब होगा जब इसका जनगणना हो जाए। उसके बाद परिसीमन हो जाए, इसमें बरसों लग जाएगा। जबकि सोनिया गांधी ने स्पष्ट कहा कि इसे तत्काल लागू किया जाए। क्योंकि अभी यह होता दिखाई नहीं दे रहा है। 2024 के चुनाव में इसे लागू किया जाना चाहिए। महिला आरक्षण बिल को लेकर पीसीसी चीफ और सांसद दीपक बैज ने कहा कि महिला आरक्षण बिल आना ही चाहिए. भारतीय जनता पार्टी चाहती हैं 2029 के बाद आए पर कांग्रेस की मांग हैं 2024 में बिल आना चाहिए। महिला आरक्षण बिल को अमित शाह ने विपक्ष के लिए राजनीतिक उपकरण बताया है. इस पर दीपक बैज ने कहा कि ये अमित शाह के बयान हो सकते हैं कांग्रेस पार्टी इससे सहमत नहीं है. कांग्रेस पहले ही राज्यसभा में बिल ला चुकी है।*

सुवा नृत्य करने से 'खुद' को नहीं रोक पाईं 'प्रियंका गांधी'

रायपुर/नवप्रदेश। जब प्रियंका गांधी वाड्रा खुद को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य सुवा को करने से नहीं रोक पाईं। जब उनके स्वागत में नृत्य हो रहा था, तभी वह अचानक उनके साथ थिरकने लगी। इस दृश्य ने सबका मन मोह लिया। सभी ने कहा, इनके नृत्य से लगा जैसे कोई बेटी अपने घर में आई है। प्रियंका के व्यवहार और उनकी शालीनता से भरी मुस्कान का जादू चला। सभी उनके इस नृत्य और अपनेपन के मुरीद दिखे। बता दें, दुर्ग जिले के भिलाई स्थित जयंती स्टेडियम में महिला समृद्धि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ में सुवा नाच बेहद लोकप्रिय है। दीपावली के आसपास सुवा को एक टोकरी में रखकर महिलाएं यह नृत्य करती हैं। इसके माध्यम से वे अपने सुखदुख साझा करती हैं। सुवा गीत के माध्यम से वे अपनी आवाज की भी अभिव्यक्ति करती हैं और अपने समय के समाज के बारे में भी बताती हैं। तोते के जैसे हरे वस्त्रों में समूह में किया गया यह नृत्य बेहद आकर्षक होता है। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव ने जब यह नृत्य देखा तो वे भी सुवा नर्तकों के साथ समूह में शामिल हो गईं और साथ ही थिरकने लगीं।

भाजपा मूलत: आरक्षण विरोधी : सुरेंद्र वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को सामाजिक न्याय से नफरत है। छत्तीसगढ़ की बहुसंख्यक आबादी के शिक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषय से संदर्भित नवीन आरक्षण विधेयक विगत 2 दिसंबर 2022 से आज तक लंबित है, लेकिन कोई भी भारतीय जनता पार्टी का नेता महामहिम राज्यपाल से शीघ्र हस्ताक्षर की अपील करता हुआ नहीं दिखाई देता। असलियत यह है कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के षड्यंत्र के चलते ही राजभवन में नवीन आरक्षण विधेयक 9 माह से अधिक समय से दबाव पूर्वक रोका गया है। पूरे देश में भाजपा का यही चरित्र है जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में है वहां पर संवैधानिक एजेंसियों का दुरुपयोग करके, राजभवन की आड़ में चुनी हुई सरकार के द्वारा पारित महत्वपूर्ण विधेयकों को रोकने का षड्यंत्र करते हैं। महिला सशक्तिकरण के नाम पर भाजपा केवल राजनीति करती है, आरएसएस और भाजपा का मूल चरित्र महिला विरोधी है, आरक्षण विरोधी है।

आज रायपुर आएंगे कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक एवं विधायक प्रीतम सिंह 22 सितंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन रायपुर में रायपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं दावेदारों के साथ भेंट एवं चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे कांग्रेस भवन रायपुर में रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं दावेदारों के साथ भेंट एवं चर्चा करेंगे। 23 सितंबर शनिवार को सुबह 10 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिये रवाना होंगे, दोपहर 12 बजे बिलासपुर पहुंचकर कांग्रेस भवन में बिलासपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं दावेदारों के साथ भेंट एवं चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे कांग्रेस भवन बिलासपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं दावेदारों के साथ भेंट एवं चर्चा करेंगे। शाम 5 बजे बिलासपुर से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रायपुर में रात्रि विश्राम। 24 सितंबर रविवार को सुबह 10.30 बजे रायपुर से धमतरी के लिये रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे धमतरी पहुंचकर राजीव भवन में धमतरी जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं दावेदारों के साथ भेंट एवं चर्चा करेंगे। दोपहर 3 बजे धमतरी से रायपुर के लिये रवाना होंगे।

3600 में धान खरीदी चुनावी लॉलीपॉप, सीएम घोषणा करें : चंदेल

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद भाजपा की परिवर्तन यात्रा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने 3600 रुपये में खरीदी को चुनावी लॉलीपॉप बताया है।

श्री चंदेल ने कहा कि यदि इतनी राशि किसान को देंगे तो मुख्यमंत्री जी घोषणा क्यों नही करते यह केवल प्रदेश के किसान को गुमराह कर रहे। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है । राज्य में 60 फीसदी के करीब आबादी खेती किसानी से जुड़ी हुई है। राज्य में एमएसपी पर धान बेचने वालों की पंजीकृत किसानों की संख्या लगभग 24 लाख से अधिक है । पिछले सीजन में किसानों ने करीब 107 लाख मीट्रिक टन धान बिक्री की थी। राज्य निर्माण के बाद पहली बार इतनी अधिक मात्रा में धान खरीदी हुई। किसानों की संख्या बढ़ने के साथ धान की उपज बढ़ने के पीछे सरकार की तरफ से दिए जा रहे प्रति एकड़ 9 हजार रुपये सब्सिडी को माना जा रहा है। इस पैसे को राज्य सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चार किस्तों में तहत देती है । वहीं अगर किसानों को प्रति क्विंटल धान की कीमत 3600 रुपये मिले तो किसानों को कितना मुनाफा होगा. इसका जवाब है किसानों को लगभग 70 हजार रुपये प्रति एकड़ मुनाफा हो सकता है। क्योंकि राज्य में पहले ही प्रति एकड़ में 15 क्विंटल धान खरीदी हो रही थी जो अब प्रति एकड़ में 20 क्विंटल हो गया है। बीजेपी लगातार दावा कर रही है कि केंद्र की मोदी सरकार ही किसानों की धान खरीदी करती है और उनको 80 फीसदी पैसे देती है जहा राज्य केवल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही केवल बोनस की राशि ही इन पांच वर्षों में 22 हजार करोड़ रुपये राज्य ने दिए हैं फिर भी प्रदेश के मुखिया अब विज्ञापन व होडिंग के माध्यम से राज्य के हर ग्राम तक झूठ परोस रहे। वहीं कांग्रेस भी धान खरीदी पर कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है । इस लिए चुनाव से पहले ही सीएम भूपेश बघेल ने प्रति एकड़ धान खरीदी की लिमिट 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल कर दिया है।

पीएससी भर्ती मामले में भाजपा का षड्यंत्र उजागर : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि मुद्दाविहीन भारतीय जनता पार्टी विशेष तौर पर इस प्रदेश के 15 साल तक मुख्यमंत्री रहा व्यक्ति राज्य लोकसेवा आयोग की चयनित सूची पर सवाल खड़ा कर रहा है। दुर्भाग्य से भाजपा अपनी निम्नस्तरीय राजनीति के लिये इन बच्चों की योग्यता पर सवाल खड़ा कर रही हम इसकी कड़ी निंदा भी करते है। भारतीय जनता पार्टी और डॉ. रमन सिंह बेहद ही गैर जिम्मेदाराना आरोप लगा रहे कि पीएससी में, नेताओं, अधिकारियों, व्यवसायियों के बच्चों के कुछ नाम चयनित हो गये है। रमन सिंह और भाजपा को आपत्ति है कि पीएससी में सगे भाई-बहन, पति-पत्नी का चयन कैसे हो गया? सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के पीएससी के नतीजों पर सवाल खड़ा करने का कोई भी तार्किक आधार नहीं है क्यों और कैसे पर सवाल खड़ा करके भाजपा प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख लगाने वाली संस्था राज्य लोक सेवा आयोग की विश्वसनीयता को संदिग्ध बना कर युवाओं की भावनाओं पर ठेस पहुंचा रहे है। भाजपा को आपत्ति है कि कैसे सगे भाई-बहन, पति-पत्नी, अधिकारियों के बच्चें चयनित हो गये? जबकि पीएससी के हर साल की चयन सूची में पराया रिश्तेदार, अधिकारियों के रिश्तेदार, नेताओं के भी रिश्तेदारों के चयन होते है। कांग्रेस ने 15 सालों में भाजपा शासन काल की सूची भी जारी किया था, किसी रिश्तेदार होना अयोग्यता नहीं हो जाती। भाजपा अपनी गंदी राजनीति करने स्तरहीन और झूठे आरोप लगा रही है। आंसर शीट जारी हो गया है पब्लिक डोमेन में है। सबके रिटेन के नंबर और इंटरव्यू के नंबर ओपेन है कोई भी पढ़ा लिखा व्यक्ति विश्लेषण कर सकता है। लेकिन दुर्भाग्य है लोग अपने राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने मेहनती प्रतिभावन बच्चों की योग्यता पर सवाल खड़ा कर रहे। पीएससी भर्ती को बाधित करने भारतीय जनता पार्टी के नेता नित नए षड्यंत्र रच रहे हैं। उच्च न्यायालय बिलासपुर में सुनवाई के दौरान याचिका में झूठे तथ्य प्रस्तुत करने का मामला उजागर होने पर उच्च न्यायालय ने न केवल नाराजगी जताई बल्कि याचिकाकर्ता द्वारा पेश की गई तथ्यों की सत्यता की जांच के लिए निर्देश दिए। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को निर्देशित किया है कि अपनी याचिका में जरूरी संशोधन कर पेश करें। उच्च न्यायालय के द्वारा याचिकाकर्ता को सचेत किया गया कि अगर याचिका कर्ता की जानकारी गलत पाई गई तो उसके विरुद्ध भी न्यायालय उचित कार्यवाही की जाएगी।

जन्मदिन के बहाने ताकत दिखाएंगी पूर्व मंत्री रमशिला

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व कैबिनेट मंत्री रामशिला साहू का आज जन्मदिन है। जन्म दिवस के बहाने रामशिला साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अपनी ताकत दिखाएंगी। रामशिला साहू अभी तक एक भी चुनाव नहीं हारी है। गुंडरदेही सीट पर एक बार विधायक रही है। तब उन्हें संसदीय सचिव बनाया गया था। दुर्ग ग्रामीण सीट पर चुनाव जीतने के बाद उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला था। इस दौरान रामशिला साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास के बहुआयामी कार्य किया। गांव और शहर के आम जनों के बीच अपनी बेहतर छवि बनाई। मतदाताओं के बीच गहरा पैठ बनाकर उन्होंने खुद को एक मजबूत लीडर के तौर पर स्थापित किया। इस चुनाव में भी रामशिला साहू को दुर्ग ग्रामीण सीट पर भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीद है। वह पहले भी इस सीट पर विधायक चुनाव जीत चुकी है। यहीं विधायक रहते कैबिनेट मंत्री बनी।

रामशिला साहू की दावेदारी ग्रामीण विधानसभा सीट पर मजबूत है। क्योंकि वह साहू समाज से वास्ता रखती है एवं वर्तमान विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी इसी समाज से आते हैं। लिहाजा कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के समक्ष भाजपा प्रत्याशी के रूप में रामशिला साहू यहां मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करने से सक्षम है।

दुर्ग में बीजेपी कमजोर क्यों!

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन किया, उस दौरान दिया गया उनका भाषण ऐतिहासिक रहा। पीएम मोदी के चेहरे के आधार पर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में भी अपना चमकीला भविष्य देख सकती है। संभवतः यह प्रधानमंत्री का पहला ऐसा भाषण था जिसमें उन्होंने किसी राजनीतिक दल की खिलाफत ना करते हुए सब का विश्वास, सबका विकास जैसी भावना को लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। पीएम के भाषण के छत्तीसगढ़ में गहरे निहितार्थ हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की लोकप्रिय भूपेश सरकार है। किंतु बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व छत्तीसगढ़ में भी अपना सरकार बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। जमीन पर देखा जाए तो भाजपा के कार्यकर्ता व नेताओं का सहयोग उस तरह नहीं मिल रहा है कि भूपेश सरकार के समक्ष मजबूत चुनौती खड़ी कर सके। प्रदेश भाजपा संगठन छत्तीसगढ़ में मोदी के चेहरे पर भरोसा कर रही है। मगर सार्थक सफलता मिले, यह नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पिछले चुनाव में भी छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने के बावजूद लोकसभा चुनाव में भाजपा को 11 में 9 सीटें मिली थी। दुर्ग सांसद एवं वर्तमान में बीजेपी पाटन सीट के प्रत्याशी विजय बघेल गत लोकसभा चुनाव में बंपर मतों से विजय जीत दर्ज किया था। आज भी पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन में आमने-सामने हैं। दुर्ग संभाग की सीटों पर मुख्यमंत्री के आभामंडल का प्रभाव जरूर पड़ेगा।

मंत्री जयसिंह को विपक्ष के साथ अपनों की चुनौतियों से भी जूझना होगा!

कोरबा/नवप्रदेश। लघु भारत के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ के कोरबा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव से पहले चुनावी पारा गरमा गया है। जिले की हाई प्रोफाइल सीट पर कोरबा के विधायक जयसिंह अग्रवाल वर्तमान में भूपेश सरकार में राजस्व मंत्री हैं। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पूर्व सीएम रमन सिंह की लोकप्रियता के बाद भी भाजपा को पिछले 3 चुनावों में इस सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। वहीं कांग्रेस का प्रयास है कि चौथी बार फिर इस सीट पर जीत दर्ज कर सके। लेकिन इस बार जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है तो स्थानीय विधायक से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ गई है।

वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार मंत्री जयसिंह अग्रवाल को विपक्ष के साथ अपनों की चुनौतियों से भी जूझना होगा। यही हाल भाजपा प्रत्याशी लखन देवांगन का है कटघोरा से चुनाव हारने के बाद पार्टी में सक्रिय तो रहे लेकिन जनता के बीच उनकी पकड़ कमजोर हो गई। वे कटघोरा से ही चुनाव लड़ने का सपना संजो कर रखे थे लेकिन पार्टी ने उन्हें कोरबा विधानसभा सीट से टिकट देकर सब को चौंका दिया।

शीर्ष नेतृत्व के आदेश को सर आंखों पर मानते हुए चुनाव रण में तो लखन कूद गए लेकिन पार्टी के दबंग नेताओं का साथ नहीं मिल रहा है। स्पष्ट बात है जैसी करनी वैसी भरनी..पिछले चुनाव में जो हुआ वो सबको याद है। विधानसभा अध्यक्ष ने तो भरे मंच पर भाजपा के तीन दिग्गज नेताओं को अमर अकबर एंथोनी का उपमा देते हुए तंज कसा था। मतलब साफ है जब आप पार्टी में रहकर दुसरो को जिताने का काम करते है तो आपको भी हराने...! शहर की सियासी पिच पर खेलने वालों नेताओ को परखने पर साफ दर्शाता है कि मैच फिक्स है और इस बार भी पार्टी को छोड़ सामाजिक भावना विजयश्री दिलाएगी।

इन मुद्दों पर जनता मांग रही जवाब

स्वास्थ्य

मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा बेहाल है। बेहतर उपचार की सुविधा न होने से प्राइवेट डॉक्टरों के हॉस्पिटल में इलाज कराना और लूट जाना आमजनमानस की विवशता है।

शिक्षा

उर्जाधानी में उच्च शिक्षा तो छोड़िए बेसिक शिक्षा की स्थिति निम्न स्तर पर है। ये बात अलग है शिक्षा के क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों का दबदबा है। हालांकि सरकार ने सरकारी इंग्लिश मीडियम आत्मानन्द स्कूल संचालित कर थोड़ी सी सुविधा दी है लेकिन वो भी पर्याप्त नहीं है।

बिजली

पॉवर हब के नाम से मशहूर कोरबा वैसे तो पूरे देश में पॉवर सप्लाई कर दूसरे राज्यों को भी उजाला देता है लेकिन दिया तले अंधेरा वाली स्थिति जिलेवासियों के साथ है। लगातार दिन में कई बार होने वाले पॉवर कट से जनता परेशान है। हालांकि नेताओ के लिए बिजली कट कोई बड़ी बात नही है लेकिन चुनावी रण में यह भी एक बड़ा प्रश्न है।

नगर निगम

नगर निगम में सत्ता पक्ष के महापौर और अधिकारी जादू की सरकार चला रहे है। कोरबा विधानसभा में 67 वार्ड आते हैं और वार्डों में समस्याओं को लेकर आक्रोश है। नल है तो कई वार्डों में पानी नही आता, फाइलों के ढेर पर अधिकांश काम फाइलों में ही निपट जा रहा है सफाई व्यवस्था धूल चाट रही है। अधिकारी नही है और अधिकारी है तो फंड नही है। इन सारे बिंदुओं पर निगम सरकार सत्ता पक्ष के भावी प्रत्यशियों की मुसीबत बढ़ाने के लिए काफी है।

हॉकी टीम एशियाई खेलों के लिए रवाना

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने टीम के हांगझोउ रवाना होने से पहले कहा कि उनकी टीम एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करके अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करना चाहेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए मंगलवार की रात को रवाना हुई।

भारतीय टीम को कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ पूल ए में रखा गया है। जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनेशिया को पूल बी में रखा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम पेरिस ओलंपिक में जगह बनाएगी।

भारत अपना पहला मैच 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।विता ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमने लंबे समय तक चले राष्ट्रीय शिविर में कड़ी मेहनत की है और उन क्षेत्रों पर ध्यान दिया है जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। हमने अपने मजबूत पक्षों और विपक्षी टीमों के हिसाब से अपनी रणनीति तैयार कर ली है।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहेगा और हम सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। हमारा लक्ष्य 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है और इसलिए हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि यह टूर्नामेंट कितना महत्वपूर्ण है और हमें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्या करना है। भारतीय महिला टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। दीप ग्रेस एक्का, इशिका चौधरी, निक्की प्रधान और उदिता रक्षा पंक्ति जबकि सुशीला चानू, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा, निशा, सलीमा टेटे, सोनिका और वैष्णवी विट्ठल फाल्के मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। अग्रिम पंक्ति में दीपिका, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी और वंदना कटारिया को शामिल किया गया है। टीम की उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, हमारी टीम अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आतुर है तथा मैदान पर अपना कौशल दिखाने के लिए मानसिक रूप से अच्छी तरह से तैयार हैं। सिंगापुर के खिलाफ शुरुआती मैच के बाद भारतीय टीम का सामना 29 सितंबर को मलेशिया, एक अक्टूबर को कोरिया और तीन अक्टूबर को हांगकांग चीन से होगा।

सिराज आईसीसी रैंकिंग में विश्व में नंबर 1 पर काबिज

दुबई । एशिया कप फाइनल में श्रीलंका की पारी को नेस्तनाबूद करने में अहम भूमिका निभाने वाले मोहम्मद सिराज एक बार फिर से दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में सिराज आठ पायदान की छलांग लगा कर शीर्ष पर पहुंचे हैं। कोलंबो में श्रीलंका को 50 रन पर आउट करने वाले सिराज के तूफान ने उन्हें एमआरएफ टायर्स आईसीसी पुरुष वनडे बॉलिंग रैंकिंग के चार्ट में शीर्ष पर पहुंचाने में मदद की है। उन्होने एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के छह विकेट मात्र 21 रन पर चटकाये थे।

सिराज इससे पहले मार्च 2023 तक पहले स्थान पर है जहां आस्ट्रेलिया के जेसल हेजलवुड ने उनको हटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। सिराज ने एशिया कप में 12.2 की औसत से 10 विकेट लिए। इससे उन्हें आठ स्थान की छलांग लगाने और हेज़लवुड, ट्रेंट बोल्ट, राशिद खान और मिशेल स्टार्क से आगे निकलने में मदद मिली। सिराज के अलावा एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गये कुलदीप यादव ने भी आईसीसी गेंदबाजी रैंकिग में नौवां स्थान हासिल किया है। शीर्ष दस में स्थान बरकरार रखने वाले शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान के इकलौते गेंदबाज है जो 632 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं। मुजीब उर रहमान और राशिद की अफगान स्पिन जोड़ी भी अपनी रैंकिंग में सुधार करके क्रमशः नंबर चार और नंबर पांच पर पहुंच गई। भारतीय टीम एक दिवसीय रैंकिंग में पाकिस्तान के बाद दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी रैंकिंग के टाप टेन में तीन भारतीय बल्लेबाजों ने जगह बनायी है। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले शुभमन गिल पाकिस्तान के बाबर आजम के बाद आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि विराट कोहली आठवें और रोहित शर्मा दसवें स्थान पर हैं। उधर, आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे वन डे में 174 रन की पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 पायदान की छलांग लगायी है और अब वह नौवें स्थान पर पहुंच चुके हैं। आईसीसी टी20 में लगभग एक साल तक नंबर वन रहे इंग्लैंड के डेविड मलान ने वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग हासिल की है।

ऑपरेशन करवाएंगे टिम साउदी खेलेंगे की नहीं, फैसला बांकी

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी गुरुवार को अपने दाएं हाथ के अंगूठे का ऑपरेशन करवाएंगे तथा उनके भारत में होने वाले विश्व कप में खेलने को लेकर फैसला अगले सप्ताह किया जाएगा। पिछले सप्ताह इंग्लैंड के खिलाफ चौथे एकदिवसीय मैच में कैच लेने के प्रयास में साउदी के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि यह 34 वर्षीय गेंदबाज पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्वकप से पहले ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमने फैसला किया कि साउदी के लिए ऑपरेशन करवाना ही सही रहेगा। उनके दाएं हाथ के अंगूठे में पिन या स्क्रू लगाए जाएंगे और अगर यह प्रक्रिया सफल रहती है तो फिर यह सुनिश्चित करना होगा कि वह वापसी पर दर्द को सहन कर सकते हैं या नहीं। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप के शुरुआती मैच से पहले न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 29 सितंबर और दो अक्टूबर को अभ्यास मैच खेलेगी।

स्टीड ने कहा, विश्व कप में हमारा पहला मैच पांच अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ है और हमने टीम में उसकी उपलब्धता को लेकर इसी को अपना लक्ष्य बनाया है।कोई भी टीम 28 सितंबर तक विश्वकप के लिए चुनी गई अपनी 15 सदस्यीय टीम में बदलाव कर सकता है।

इसके बाद किसी भी तरह के बदलाव के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अनुमति लेनी होगी। विश्वकप के लिए चुनी गई न्यूजीलैंड की टीम के पांच खिलाड़ी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए अभी बांग्लादेश के दौरे पर हैं। इस श्रृंखला का पहला मैच गुरुवार को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के अन्य खिलाड़ी मंगलवार को भारत के लिए रवाना होंगे।

हरमनप्रीत कौर को 2 मैचों के लिए किया बैन

नई दिल्ली । 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक चीन के हांगझोउ शहर में एशियन गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। इसी बीच भारतीय महिला टीम को बड़ा झटका लगा है। भारतीय टीम की महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर को शुरुआती 2 मैचों में बैन कर दिया गया है।बता दें कि एशियन गेम्स में पहली बार भारतीय महिला व पुरुष दोनों की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है।जानकारी के अनुसार इसी साल जुलाई में महिला क्रिकेट टीम बांग्लादेश के दौरे पर थी जहां तीसरे वनडे में हरमनप्रीत कौर ने आऊट होने के बाद स्टंप को तोड़ा दिया था। इस गलती की वजह से उन्हें 2 मैच के लिए बाहर का रास्ता दिखाया गया है।उधर, हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में स्मृति मंधाना एशियन गेम्स के पहले 2 मैचों में टीम की कप्तानी रहेगी। अगर भारतीय टीम एशियन गेम्स के फाइनल में जाती है तो हरमनप्रीत की वापसी होगी। भारतीय महिला टीम का पहला मैच 21 सितंबर को होगा।

बिजनेस

जियो एयर फाइबर 8 शहरों में लॉन्च बिना केबल मिलेगी अल्ट्रा हाई स्पीड

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने गणेश चतुर्थी के मौके पर देश के 8 मेट्रो शहरों में जियो एयर फाइबर लॉन्च कर दिया है। जियो एयर फाइबर एक इंटीग्रेटिड एंड-टू-एंड सॉल्युशन है जोकि होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सर्विस और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड जैसी सर्विस देगा। कंपनी ने दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे में जियो एयर फाइबर की सर्विस लाइव कर दी हैं।

एयर फाइबर और एयर फाइबर मैक्स नाम के दो प्लान कंपनी ने बाजार में उतारे हैं। एयर फाइबर प्लान में ग्राहक को दो तरह की स्पीड के प्लान मिलेंगे, 30 एमबीपीएस और 100 एमबीपीएस। कंपनी ने शुरुआती 30 एमबीपीएस प्लान की कीमत 599 रु रखी है। वहीं 100 एमबीपीएस के प्लान की कीमत 899 रु रखी गई है। दोनों ही प्लान्स में ग्राहक को 550 से अधिक डिजिटल चैनल और 14 एंटरटेनमेंट ऐप मिलेंगे। एयर फाइबर प्लान के तहत कंपनी ने 100 एमबीपीएस स्पीड वाला एक 1199 रु का प्लान भी पेश किया है। जिसमें ऊपर मिलने वाले चैनल व ऐप्स के साथ नेटफ्लिक्स, एमेजॉन और जियो सिनेमा जैसे प्रीमियम ऐप्स भी मिलेंगे। जिन ग्राहकों को इंटरनेट की स्पीड अधिक चाहिए, वे 'एयर फाइबर मैक्स' प्लान्स में से कोई एक चुन सकते हैं। कंपनी ने 300 एमबीपीएस से लेकर 1000 एमबीपीएस यानी 1 जीबीपीएस तक के तीन प्लान बाजार में उतारे हैं। 1499 रु में 300 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी। 2499 रु में 500 एमबीपीएस तक की स्पीड ग्राहक को हासिल होगी। और अगर ग्राहक को 1 जीबीपीएस की स्पीड वाला प्लान लेना है तो उसे 3999 रु खर्च करने होंगे। सभी प्लान्स के साथ 550 से अधिक डिजिटल चैनल, 14 एंटरटेनमेंट ऐप और नेटफ्लिक्स, एमेजॉन और जियो सिनेमा जैसे प्रीमियम ऐप्स भी मिलेंगे।

जियो का ऑप्टिकल फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे भारत में 15 लाख किमी से अधिक में फैला हुआ है। कंपनी अपनी जियो फाइबर सर्विस से अब तक 1 करोड़ से अधिक परिसरों को जोड़ चुकी हैं। पर अभी भी करोड़ों परिसर व घर ऐसे हैं, जहां वायर यानी फाइबर कनेक्टिविटी देना काफी मुश्किलों भरा है। जियो एयर फाइबर इस लास्ट माइल कनेक्टिविटी की मुश्किल को आसान बनाएगा। जियो एयर फाइबर के जरिए कंपनी 20 करोड़ घरों और परिसरों तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है। जियो एयर फाइबर के लॉन्च पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन, आकाश अंबानी ने कहा, हमारी फाइबर-टू-द-होम सर्विस, जियो फाइबर 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रही है, हर महीने सैकड़ों हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं। लेकिन अभी भी लाखों घरों और छोटे व्यवसायों को जोड़ा जाना बाकी है। जियो एयर फाइबर के साथ, हम अपने देश के हर घर को समान गुणवत्ता वाली सेवा के साथ तेजी से कवर करने जा रहे हैं। जियो एयर फाइबर शिक्षा, स्वास्थ्य, निगरानी और स्मार्ट होम में अपने सॉल्युशन्स के माध्यम से लाखों घरों को विश्व स्तरीय डिजिटल मनोरंजन, स्मार्ट होम सेवाओं और ब्रॉडबैंड की सेवाएं देगा। जियो एयर फाइबर को ऑनलाइन व ऑफलाइन बुक किया जा सकता है। 60008-60008 पर मिस्ड कॉल देकर या 222.द्धद्बश्र.ष्श्रद्व पर विजिट कर बुकिंग प्रक्रिया शुरु की जा सकती है। जियो स्टोर्स से भी जियो एयर फाइबर को खरीदा जा सकता है।

प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूटा

नई दिल्ली। निकट भविष्य में बाजार के लिए चुनौतियों के मद्देनजर घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 600 अंक से ज्यादा टूट गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि ब्रेंट क्रूड 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है, डॉलर इंडेक्स 105 से ऊपर है, दो साल के अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज 5.09 फीसदी पर पहुंच गया है और डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर है।

उन्होंने कहा कि इन विपरीत परिस्थितियों के साथ ही अब एचडीएफसी बैंक के एनआईएम के संभावित संपीड़न की निराशाजनक खबर से बैंक निफ्टी में धारणा अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है।

भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव का बाजार पर कोई स्थायी प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

मिड- और स्मॉल-कैप में व्यस्त गतिविधि ने इन क्षेत्रों में मूल्यांकन को उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है। इनमें से कई शेयरों में तेज वृद्धि उम्मीद पर आधारित है। देखना यह है कि यह उम्मीद हकीकत में तब्दील होगी या नहीं। निष्पादन संबंधी चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप के साथ बने रहने की सतर्क रणनीति अपना सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापक बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और इंडियन बैंक जैसे काफी अच्छे पीएसयू बैंकों का मूल्यांकन अब भी आकर्षक है। सुबह के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स टूट गया और 625 अंक गिरकर 66,946 अंक पर है। एचडीएफसी बैंक में तीन फीसदी से ज्यादा गिरावट है।

कच्चा तेल 95 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

लंदन। कच्चे तेल की कीमत लगभग एक साल में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही है, जिससे केंद्रीय बैंकरों के लिए नई मुसीबत पैदा हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया है, जो नवंबर 2022 के बाद से सबसे अधिक है।सऊदी अरब और रूस ने हाल ही में उत्पादन में कटौती की है। इसके बाद आपूर्ति घाटे की चिंताओं से तेल की कीमतें बढ़ रही हैं।

ब्रेंट क्रूड की कीमत 2022 में 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे थी। पिछले फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद इसकी कीमत लगभग 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई। तेल की ऊंची कीमत से मुद्रास्फीति काफी बढ़ जाती है, ठीक ऐसे समय में जब केंद्रीय बैंकर बढ़ती ब्याज दरों के अपने चक्र को समाप्त करने की ओर बढ़ रहे हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व बुधवार को उधारी लागत पर रोक लगा सकता है, हालांकि बैंक ऑफ इंग्लैंड गुरुवार को फिर से बढ़ोतरी के लिए मतदान कर सकता है।एसईबी के मुख्य कमोडिटी विश्लेषक बर्जने शिल्ड्रॉप का अनुमान है कि यदि कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक बढ़ती रहेंगी तो तेल की मांग कमजोर होगी।शिल्ड्रॉप ने कहा, कुल मिलाकर स्थिति ये है कि सऊदी अरब और रूस का तेल बाजार पर ठोस नियंत्रण है। वैश्विक बाज़ार या तो संतुलित है या घाटे में है और कच्चे तेल और उत्पाद स्टॉक दोनों अभी भी कम हैं।इस प्रकार, हमारे पास आपूर्ति और इन्वेंट्री दोनों के मामले में बाजार टाइट है, इसलिए तेल की कीमतों में सीमित गिरावट होनी चाहिए। हम ब्रेंट को 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बढ़ते हुए देख रहे हैं।

तेल की बढ़ती कीमतों से रुपया पर मंडरा रहा खतरा

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 83.2675 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। आगे चलकर रूपए का मूल्य बहुत कुछ वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा जो अब 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रही है।

आरबीआई रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन यह भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोकने में काफी नहीं है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है जिसके लिए डॉलर में तत्काल भुगतान करना पड़ता है।एक निजी क्षेत्र के बैंक के विदेशी मुद्रा विशेषज्ञ ने कहा, आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा के प्रचूर भंडार के साथ रुपये की रक्षा के लिए मौजूद रहेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अस्थिरता पर काबू पाया जाए, लेकिन यह एक प्वाइंट से आगे नहीं जा सकता। एक विश्लेषक ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश ने भी रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित करने में मदद की है, लेकिन यह हॉट मनी है जो अचानक बाहर निकल सकता है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।तेल की कीमतें लगातार तीन सप्ताह से बढ़ रही हैं और सऊदी अरब और रूस द्वारा इस साल के अंत तक आपूर्ति में कटौती का फैसला करने के बाद नवंबर के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। आने वाले दिनों में आपूर्ति कम होने की उम्मीद के कारण भी कुछ घबराहट भरी खरीदारी हुई है जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है।सिटी बैंक ने सोमवार को भविष्यवाणी की कि बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमतें इस साल 100 डॉलर के स्तर को पार कर सकती हैं। इसी तरह, शेवरॉन के सीईओ माइक विर्थ ने भी कहा है कि उन्हें कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की संभावना दिखती है।भारत की मुद्रा, ऋण और इक्विटी बाजार मंगलवार को बंद हैं। गणेश चतुर्थी सार्वजनिक अवकाश है। बुधवार को बाजार में कारोबार फिर से शुरू होगा।

न्यूज गैलरी

घर से 432 बोतल शराब बरामद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों को अवैध शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी मकान में सैकड़ों बोतल शराब छुपा कर रखा था। जिसे खरोरा पुलिस ने पकड़ लिया। तो वहीं दूसरा मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। पहले मामले में खरोरा पुलिस को सूचना मिली कि पिचरी गांव में एक व्यक्ति अपने मकान से अवैध रूप से शराब बेचता है। जानकारी के बाद पुलिस ने उस मकान में रेड मारी। जहां आरोपी वीरेंद्र ध्रुव के पास 432 बोतल शराब मिली। पुलिस ने फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बरामद अवैध शराब को जब्त कर लिया है। दूसरे मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने शक के आधार पर हिमांशु बघेल के घर की तलाशी ली तो उसके पास से दर्जनों देशी शराब की बोतलें बरामद हुई है। जिसके बाद उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

बिना लायसेंस के फटाका बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। बिना लायसेंस के फटाका बिक्री करने वाला दो दुकान संचालक के खिलाफतेलीबांधा पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि महाराणा प्रताप गार्डन के पास श्यामनगर में दो व्यक्ति बिना लायसेंस के अवैध रूप से फटाका बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी दीपक पारवानी 40 वर्ष और संदीप प्रेमचंदानी 35 वर्ष के खिलाफकार्रवाई कर 32 हजार रुपए का फटाका जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफविस्फोटक अधिनियम 9 ख के तहत कार्रवाई की है।

युवक की जेब से नकदी समेत सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास अज्ञात व्यक्ति ने युवक के जेब से नकदी रकम, मोबाइल व कागजात पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय कुमार 35 वर्ष गोंदवारा लक्ष्मीविहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह शराब खरीदने के लिए रेलवे स्टेशन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान गया था, जहां अज्ञात चोर ने प्रार्थी के फुल पेंट की जेब में रखे नकदी 4500 रुपए, मोबाइल व कागजात पार कर दिया। चोरी गए जुमलाा कीमती करीब 9500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 356, 379 के तहत कार्रवाई की है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की पिटाई

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सीमरन बार के पास पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छेदीलाल सरोज 38 वर्ष मठपारा बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सीमरन बार के पास खड़ा था, तभी आरोपी राकेश वर्मा, गयास लक्ष्मी, ओम व राहुल आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आंगन में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के मानिकपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रापाखर्रा बस्ती में एक युवक की घर के आंगन में फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रापाखर्रा बस्ती निवासी 22 वर्षीय छोटू उरांव नामक युवक ने खुदकुशी कर ली। घर के आंगन में लकड़ी के सहारे उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। मृतक के भाई सुरेंद्र ने बताया कि सात भाइयों में मृतक सबसे छोटा था। पिछले दो साल से सभी भाइयों का बंटवारा होने के बाद एक ही आंगन में अलग-अलग घर बनाकर अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। मृतक का शादी नहीं हुआ था रोजी मजदूरी कर वह जीवन यापन करता था। बुधवार कि रात सब खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। गुरुवार की सुबह जब उसके पिता शौच के लिए उठे तो घर के आंगन में फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखे और परिवार के अन्य सदस्यों को उठा कर जानकारी दी। परिजनों की माने तो मृतक छोटू 2 दिन से शराब का सेवन कर रहा था। उसने कब कैसे और क्यों खुदकुशी की ये उनके भी समझ से परे है। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा।

तेंदुआ के पंचों ने लगाया सचिव पर गबन का आरोप

तत्काल जांच कर उठाई कार्यवाही की मांग

नवागढ़/नवप्रदेश। जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुआ के उपसरपंच एवं पंचों ने ग्राम पंचायत के सचिव पर फर्जी बिल लगाकर पंचायत मद से 12 लाख की राशि का गबन करने का आरोप लगाते हुए बेमेतरा जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम नवागढ़ एवं नवागढ़ जनपद सीईओ के समक्ष शिकायत किया है। शिकायतकर्ताओं ने सचिन को तत्काल स्थानांतरित करने तथा ग्राम पंचायत खाते से राशि आरंभ पर रोक लगाने की मांग की है।

शिकायतकर्ता उप सरपंच महेंद्र वर्मा के अनुसार तेंदुआ के सचिव दानेश्वर राजपूत ने जनवरी से अगस्त 2023 के बीच पंचों को बिना बताए 14 वे एवं 15 वे वित्त मद की राशि 17,13,665 रुपये विभिन्न व्यक्तियों के खाते में

ऑनलाइन अंतरण किया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि हमारी जानकारी के अनुसार जनवरी से अगस्त के बीच ग्राम पंचायत के वार्ड पंच में सीसी रोड निर्माण कार्य, मुरमीकरण, नाली निर्माण, मोटर पंप मरम्मत शाहिद कल 4,80,000 रुपये का कार्य हुआ है। पंचों ने आरोप लगाया कि सचिन ने फर्जी बिल लगाकर शेष राशि 12,33,000 रुपये का गबन किया है। राशि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर ऑनलाइन अंतरण किया गया है और फर्जी बिल किसी अन्य व्यक्ति या फर्म का लगाया गया है।

पंचों ने मांग किया है कि सचिन राजपूत को तत्काल स्थानांतरित कर लेखा एवं तकनीकी विशेषज्ञों से जांच मूल्यांकन या सत्यापन कराकर अंतर की राशि सचिव से वसूल किया जाए एवं सचिव की शासकीय सेवा समाप्त किया जाए।

ग्राम पंचायत तेंदुआ के उपसरपंच महेंद्र वर्मा,?पंचगण भागीरती वैष्णव, राजेंद्र साहु, हेमंत वर्मा, शत्रुहन वर्मा, परमेश्वर राजपूत, अनुप वर्मा , मंदाकिनी बाई वर्मा, रजनी बाई वर्मा, रूखमणी बाई साहू ने शिकायत किया हैं।

प्रियंका गांधी ने किया महिला उद्यमियों के स्टॉल का निरीक्षण, कहा- हुई हैं मजबूत

रायपुर/नवप्रदेश। महिला समृद्धि सम्मेलन कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और श्रीमती प्रियंका गांधी ने अवलोकन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के समग्र विकास के लिए चलाई जा रही नवाचारी योजनाओं की सराहना की और इसे अनुकरणीय बताया। दुर्ग जिले के भिलाई नगर स्थित जयंती स्टेडियम में 11 विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान श्रीमती गांधी महिलाओं के साथ सुआ नृत्य में शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

जयंती स्टेडियम में विभागीय प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान

श्रीमती प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे हाट-बाजार क्लीनिक और सुपोषण अभियान की तारीफकी। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक रूप से ही बीमारियों को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल बहुत अच्छी है। इसी प्रकार उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जमीनी स्तर पर योजनाओं के बेहतर और प्रभावी क्रियान्वयन से कुपोषण दूर हो रहा है।

श्रीमती गांधी ने महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ में रोजगार के नए-नए अवसरों सी-मार्ट, गोधन न्याय योजना जैसी नवाचारी योजनाओं की भी प्रशंसा की। प्रदर्शनी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चलाई जा रही योजनाएं गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क, सी-मार्ट के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे हमर लैब, दाई-दीदी क्लीनिक, स्वामी आत्मानंद स्कूल, धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स और छत्तीसगढ़िया संस्कृति तथा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे।

अवैध शराब बेचते तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 88 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 650 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने लालपुर फल मार्केट के सामने अवैध शराब बेचते आरोपी अजीत कुजूर 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी चंद्रभान ध्रुव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी संभु दीप 21 वर्ष के पास से 21 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की संभावना को देखकर जशपुर और रायगढ़ जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बारिश न होने से तापमान में हुई वृद्धि

जानकारी के मुताबिक ओडिशा तट पर एक निम्न दाब का क्षेत्र है और वहां चक्रवाती सिस्टम भी है। जिसके प्रभाव से राज्य में आज से मानसूनी गतिविधियां शुरू होंगी। बता दें कि बीते 4 दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से तापमान तेजी से बढ़ा है। मंगलवार को राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री से अधिक था। सुबह से शाम तक तेज धूप होने से तापमान बढ़ने के साथ नमी घटी है और उमस बढ़ गई है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तटीय पश्चिम बंगाल- उड़ीसा तट के ऊपर है। इसके साथ ही उपरी हवा का चक्रवात 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर ओडिशा और दक्षिण झारखंड की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। जिसके प्रभाव से राज्य में कई जगहों पर बारिश की संभावना है जबकि एक-दो जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जगहों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है, जिनमें सरगुजा संभाग के जिले शामिल हैं।

23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरूआत

■ प्रतियोगिता का हिस्सा बनें, यही आपकी जीत- दिव्यांगजन कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरूआत आज स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्यांगजन कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री मोहन लालवनी ने ध्वजारोहरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर नगरनिगम धमतरी श्री विजय देवांगन ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री लालवानी ने कहा कि सौभाग्य का बात है कि ऐसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका धमतरी जिले को मिला है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि यह जरूरी नहीं है कि आप सभी जगह विजयी रहें, आप प्रतियोगिता का हिस्सा बनें, यही आपकी जीत है। आप सभी खेल भावना के साथ खेलें और विजयी होकर अपने जिले व प्रदेश का नाम रौशन करें।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर श्री विजय देवांगन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप खेल के माध्यम से छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत प्रदेश में की है, जिसमें हर वर्ग के लोग अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होनें खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का अभिन्न अंग है। खेल से जीवन में अनुशासन आता है, जो जीवन भर अनुशासित रखता है। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीशू चंद्राकर, सभापति श्रीमती कविता बाबर, श्री शरद लोहाना ने भी संबोधित किया और खिलाड़ियों का उत्वाहवर्धन किया।

कार्यक्रम के आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बृजेश बाजपयी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि आज से शुरू हुए 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आगामी 24 सितम्बर तक चलेगी। इसमें 5 संभाग के लगभग 700 खिलाड़ी छात्र-छात्रायें शामिल हुए हैं, जो कुश्ती और नेटबाल की प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएंगे। इनके मध्य आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को स्थानीय खेल मैदानों में संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर नेटबाल की राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी श्रुति साहू ने खिलाड़ियों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने रंग-बिरंगी पोषाक पहनकर आकर्षक मार्चपास्ट किया। कार्यक्रम के आरंभ में नत्थू जी जगताप उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय धमतरी और सेजस बठेना के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

दुर्ग पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा, स्वागत में उमड़े कार्यकर्ता

■ जनसभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भूपेश सरकार को बदलने का किया आह्वान

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा के नेतृत्व में निकाली गई परिवर्तन यात्रा भिलाई से गुरुवार की दोपहर दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। यहां साइंस कॉलेज के सामने परिवर्तन यात्रा में शामिल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी , पूर्व मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, सांसद विजय बघेल व अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं का जिला भाजपा के अलावा विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात यह नेतागण खुले रथ पर सवार होकर रैली की शक्ल में शहर भ्रमण के लिए कुच किए। रैली की अगुवाई जिला भाजयूमो के कार्यकर्ताओं ने की। परिवर्तन यात्रा की यह रैली साइंस कॉलेज से मालवीय नगर चौक, राजेंद्र पार्क चौक, सिंधी कॉलोनी, गुरुद्वारा रोड, शहीद चौक, अग्रसेन चौक, हरनाबांधा,

पोलसायपारा चौक, फरिश्ता कांपलेक्स, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, पटेल चौक, गांधी प्रतिमा चौक, नगर निगम कार्यालय, सिविल लाइन साई द्वार होते हुए आमसभा स्थल शीतला मंदिर के सामने स्थित

हॉकी ग्राउंड पहुंची। परिवर्तन यात्रा के स्वागत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व समाजसेवी संगठनों ने भारी उत्साह दिखाया। फलस्वरुप पूरे रास्ते भर परिवर्तन यात्रा का लोगों ने जगह-जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान परिवर्तन यात्रा के रथ में सवार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता पूरे रास्ते भर कार्यकर्ताओं व लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे, साथ ही वे कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को बदलने का आह्वान भी करते रहे। सभा स्थल शीतला मंदिर के सामने हॉकी ग्राउंड में भाजपा कार्यकर्ताओं व जनता को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य की कांग्रेस सरकार को अपने सवालों से जमकर घेरा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने जनता से वादाखिलाफी की है। चुनाव में कई बड़े वादे किए गए थे, जिसे कांग्रेस ने आज तक पूरा नहीं किया है। जिसका जवाब मांगने राज्य की जनता तैयार है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सभा में केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में महिला वंदन बिल पास करवा कर देश की महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। सभा में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, परिवर्तन यात्रा जिला प्रभारी चतुर्भुज राठी, प्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ सह संयोजक कांतिलाल बोथरा, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता

डॉ. शरदचन्द्र अग्रवाल, जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, राजेंद्र कुमार, विनायक नातू ,जिला भाजपा अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव, नारायणदत्त तिवारी, प्रदेश भाजपा आर्थिक सह संयोजक शिव चंद्राकर, जिला संयोजक अनूप गटागट, संतोष सोनी, आशीष निमजे, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, पार्षद ओमप्रकाश सेन, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, उषा टावरी के अलावा हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

पैसे नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रम्हदेव नगर लाभांडी में शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजीत यादव 20 वर्ष ब्रम्हदेव नगर लाभांडी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी परस निषाद व उसके दोस्त ने प्रार्थी के पास आकर शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।